RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 27
नई दिल्ली, मंगलवार, 29 नवंबर, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com




गोवा में विश्व आयुर्वेद कांग्रेस के समापन समारोह में भाग लेंगे प्रधानमंत्री

राष्ट्रीय-9

# महिला ने बेटे से मिलकर की पति की हत्या, शव के टुकड़े फ्रिज में छुपाए

- शव के टुकड़ों से भरी पॉलिथीन एक-एक कर चार-पांच दिन में खाली मैदान में फेंक आए
- श्रद्धा वालकर जैसे एक और हत्याकांड से दहली दिल्ली, दोनों आरोपी हुए गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** दिल्ली

**श्रद्धा वालकर** हत्याकांड की तरह ही पूर्वी दिल्ली के पांडव नगर में एक महिला ने बेटे के साथ मिलकर कथित तौर पर अपने पति की हत्या की और शव के 10 टुकड़े कर दिए। इन टुकड़ों को पॉलिथीन में भरकर फ्रिज में रख दिया और बाद में एक-एक कर सभी टुकड़ों को घर से दूर खाली मैदान में फेंक दिया। आरोपी महिला तथा उसके बेटे को गिरफ्तार कर लिया गया है।

पुलिस ने बताया कि अंजन दास (45) की उसकी पत्नी पूनम और सौतेले बेटे दीपक (25) ने 30 मई को हत्या कर दी थी। पांच जून को उसके शव के टुकड़े पूर्वी दिल्ली के कल्याणपुरी में रामलीला मैदान में एक बैग के अंदर मिले थे। जांच के दौरान अगले कुछ दिनों में उसके पैर, जांघ, खोपड़ी और एक हाथ मिला। हर कोण से जांच करने के बावजूद पुलिस को इस हत्याकांड में कोई सुराग हाथ नहीं लग रहा था। जून में शरीर के टुकड़े मिलने के बाद पुलिस ने इलाके के सीसीटीवी फुटेज खंगाले और घर-घर जाकर पूछताछ की। बाद में शव की शिनाख्त दास के तौर पर हुई जिसके बाद पुलिस ने पूनम और दीपक को पकड़ा। पुलिस को दोनों पर इसलिए शक हुआ, क्योंकि उन्होंने दास की गुमशुदगी की शिकायत दर्ज नहीं कराई और पूछताछ करने पर उनके बयानों में विरोधाभास भी मिला। पुलिस के मुताबिक, इसके बाद उन्होंने हत्या का जुर्म कबूल कर लिया।

पांडव नगर पुलिस थाने में भारतीय दंड संहिता की धारा 302 (हत्या) और 201 (सबूत छिपाने तथा झूठी सूचना देने) के तहत एक मामला दर्ज किया गया है। आरोपियों ने पुलिस को बताया कि उन्होंने दास को नशे की दवा घोलकर पिलाई थी और बेहोश होने के बाद उन्होंने उसकी हत्या के लिए एक चाकू और खंजर का इस्तेमाल किया। इसके बाद उन्होंने उसका गला काट दिया और शव के टुकड़े-टुकड़े करने से पहले खून पूरी तरह बह जाने का इंतजार किया। जब खून बह गया तो शव के टुकड़े कर कई पॉलिथीन में भरकर फ्रिज में रख दिए। बाद में पूनम और उसके बेटे दीपक ने एक-एक कर पूर्वी दिल्ली में अलग-अलग स्थानों पर शव के टुकड़ों को तीन-चार दिनों में ठिकाने लगा दिया और खोपड़ी को दफन कर दिया। (शेष पेज 8)



## महिला ने कही बेटी और बहू पर बुरी नजर रखने की बात

**पुलिस** ने बताया कि पूनम का 14 साल की उम्र में सुखदेव तिवारी से विवाह हुआ था, जिसने बाद में उसे छोड़ दिया और दिल्ली आ गया। उसी की तलाश में पूनम दिल्ली आई। यहां उसकी मुलाकात कल्लू से हुई, जिसके साथ वह लिव-इन में रहने लगी। पुलिस के अनुसार, इसके बाद पूनम दास से मिली और उसे पसंद करने लगी। वर्ष 2016 में कल्लू की बीमारी के कारण मौत हो गई और पूनम ने 2017 में दास से शादी कर ली। जब उसने दास से शादी की तो उसे यह पता नहीं था कि उसका बिहार में परिवार है। उन्होंने बताया कि लिफ्ट ऑपरेटर के तौर पर काम करने वाले दास ने पहले पूनम के गहने बेच दिए थे और उससे मिला पैसा बिहार में अपने परिवार के पास भेज दिया था। इसके अलावा, पूनम को पहले पति से बेटा और बेटी हैं। पूनम को शक था कि दास सौतेली बेटी तथा सौतेले बेटे की पत्नी पर बुरी नजर रखता था। पुलिस के मुताबिक, मां और बेटे ने मार्च-अप्रैल के आसपास हत्या की साजिश रची। शव के टुकड़े रखने के लिए इस्तेमाल किए गए फ्रिज को जब्त कर लिया गया है।

# उच्चतम न्यायालय ने कॉलेजियम के अनुशंसित नामों को मंजूरी देने में केंद्र की देरी पर नाराजगी जताई

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने शीर्ष अदालत में न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिए कॉलेजियम की ओर से अनुशंसित नामों को मंजूरी देने में केंद्र की ओर से देरी पर सोमवार को नाराजगी जताते हुए कहा कि यह नियुक्ति के तरीके को प्रभावी रूप से विफल करता है। न्यायमूर्ति एस के कौल और न्यायमूर्ति ए एस ओका की पीठ ने कहा कि शीर्ष अदालत की तीन न्यायाधीशों की पीठ ने नियुक्ति प्रक्रिया पूरी करने के लिए समय सीमा निर्धारित की थी। पीठ ने कहा कि उस समय सीमा का पालन करना होगा।

न्यायमूर्ति कौल ने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि सरकार इस तथ्य से नाखुश है कि राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग (एनजेएसी) अधिनियम को मंजूरी नहीं मिली, लेकिन यह देश के कानून के शासन को नहीं मानने की वजह नहीं हो सकती है। शीर्ष अदालत ने 2015 के अपने फैसले में एनजेएसी अधिनियम और संविधान (99वां संशोधन) अधिनियम, 2014 को रद्द कर दिया था, जिससे शीर्ष अदालत में न्यायाधीशों की नियुक्ति करने वाली न्यायाधीशों की मौजूदा कॉलेजियम प्रणाली बहाल हो गई थी। सोमवार को सुनवाई के दौरान शीर्ष अदालत ने अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणि से कहा कि जमीनी हकीकत यह है कि शीर्ष अदालत कॉलेजियम द्वारा दोहराए गए नामों सहित अनुशंसित नामों को



सरकार द्वारा मंजूरी नहीं दी जा रही है। पीठ ने कहा, तंत्र कैसे काम करता है? साथ ही, पीठ ने कहा, हम अपना रोष पहले ही व्यक्त कर चुके हैं। न्यायमूर्ति कौल ने कहा, यह मुझे प्रतीत होता है, मैं कहना चाहूंगा कि सरकार नाखुश है कि एनजेएसी को मंजूरी नहीं मिली। न्यायमूर्ति कौल ने कहा कि कई बार कानून को मंजूरी मिल जाती है और कई बार नहीं मिलती। उन्होंने कहा, यह देश के कानून के शासन को नहीं मानने की वजह नहीं हो सकती। शीर्ष अदालत एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी जिसमें आरोप लगाया गया है कि समय पर नियुक्ति के लिए पिछले साल 20 अप्रैल के आदेश में शीर्ष अदालत द्वारा निर्धारित समय सीमा की जानबूझकर अवज्ञा की जा रही है।

पीठ ने शीर्ष अदालत और उच्च न्यायालयों में न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिए की गई प्रक्रिया का उल्लेख किया। पीठ ने कहा, एक बार जब कॉलेजियम किसी नाम को दोहराता है, तो यह अध्याय समाप्त हो जाता है। साथ ही पीठ ने कहा, ऐसी स्थिति नहीं हो सकती है जहां सिफारिशें की जा रही हैं और सरकार उन पर बैठी रहती है क्योंकि यह प्रणाली को विफल करती है। पीठ ने कहा कि कुछ नाम डेढ़ साल से सरकार के पास लंबित हैं। शीर्ष अदालत ने कहा, आप नियुक्ति के तरीके को प्रभावी ढंग से विफल कर रहे हैं। साथ ही पीठ ने कहा कि नियुक्ति प्रक्रिया में देरी के कारण कुछ वकील पीठ में पदोन्नति के लिए दी गई अपनी सहमति वापस ले रहे हैं। पीठ ने कहा कि सरकार कभी-कभी कॉलेजियम द्वारा अनुशंसित नामों में से सिर्फ एक नाम चुनती है और यह वरिष्ठता को पूरी तरह से छिन्न भिन्न करती है। शीर्ष अदालत ने कहा कि कॉलेजियम वरिष्ठता के पहलू को भी ध्यान में रखते हुए नामों की सिफारिश करता है। अटॉर्नी जनरल ने कहा कि शीर्ष अदालत द्वारा 11 नवंबर को इस मामले में आदेश पारित करने के बाद उन्होंने सचिव स्तर के एक अधिकारी के साथ कुछ चर्चा की और कहा कि वह अदालत में वापस आएंगे। पूर्व में मामले में शीर्ष अदालत की सहायता कर चुके वरिष्ठ अधिवक्ता विकास सिंह ने नियुक्तियों के मुद्दे पर केंद्रीय कानून मंत्री किरेन रीजीजू के एक बयान से जुड़ी मीडिया की खबरों का हवाला दिया। पीठ ने कहा, हम कितने बयानों का संज्ञान लें। सुनवाई के दौरान जब सिंह ने फिर से खबरों का जिक्र किया तो न्यायमूर्ति कौल ने कहा, मैं प्रेस की सभी खबरों को नजरअंदाज करता हूं। (शेष पेज 8)

# ज्ञानवापी परिसर के एएसआई सर्वेक्षण मामले में फैसला सुरक्षित

**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज

**इलाहाबाद** उच्च न्यायालय ने वाराणसी में ज्ञानवापी मस्जिद परिसर का एएसआई सर्वेक्षण कराने के वाराणसी की अदालत के निर्देश को चुनौती देने वाली याचिका पर सोमवार को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया।

न्यायमूर्ति प्रकाश पाडिया ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद इस मामले में फैसला सुरक्षित रखा। उत्तर प्रदेश सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड और ज्ञानवापी मस्जिद का प्रबंधन करने वाली अंजुमन इंतेजामिया मस्जिद कमेटी ने याचिका दायर कर निचली अदालत के फैसले को चुनौती दी थी। उल्लेखनीय है कि आठ अप्रैल, 2021 को वाराणसी की अदालत ने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) को ज्ञानवापी मस्जिद परिसर का समग्र सर्वेक्षण कराने का निर्देश दिया था। हिंदू पक्ष की ओर से गत 11 नवंबर को पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता सीएस वैद्यनाथन ने दलील दी थी कि तार्किक निष्कर्ष पर पहुंचने के लिए जांच कराई जानी चाहिए।




उन्होंने कहा था, इस मामले में प्रथम दृष्टया सच्चाई सामने के लिए एएसआई द्वारा सर्वेक्षण कराया जाना चाहिए क्योंकि विवादित परिसर को नंगी आंख से देखने पर यह स्पष्ट है कि यह मंदिर का हिस्सा है और सर्वेक्षण की कार्यवाही जारी रहनी चाहिए। याचिकाकर्ता अंजुमन इंतेजामिया मस्जिद और यूपी सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड ने वाराणसी की अदालत के निर्णय को चुनौती देते हुए इलाहाबाद उच्च न्यायालय में याचिका दायर की। इसके बाद, उच्च न्यायालय ने नौ सितंबर, 2021 को वाराणसी की अदालत के आदेश पर रोक लगा दी थी। मूल वाद में उस जगह जहां ज्ञानवापी मस्जिद मौजूद है, प्राचीन काशी विश्वनाथ मंदिर को बहाल किए जाने की मांग की गई है। याचिकाकर्ताओं का दावा है कि मस्जिद, उस मंदिर का हिस्सा है।

# सपा का वास्तविक चरित्र केवल परिवारवाद: योगी

**पायनियर समाचार सेवा।** मैनपुरी

**उत्तर प्रदेश** के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को समाजवादी पार्टी (सपा) पर निशाना साधते हुए कहा कि कुछ लोग धर्मनिरपेक्षता के नाम पर राजनीति करते हैं, बड़े बड़े नारे लगाते हैं, अपने को समाजवादी कहते हैं लेकिन उनका वास्तविक चरित्र केवल परिवारवाद का है। योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को मैनपुरी संसदीय क्षेत्र के उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार रघुराज सिंह शाक्य के समर्थन में करहल विधानसभा क्षेत्र में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए यह आरोप लगाया। सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव के निधन के बाद रिक्त हुई मैनपुरी संसदीय सीट के उपचुनाव में सपा प्रमुख अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव को पार्टी ने शाक्य के खिलाफ उम्मीदवार बनाया है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव के निर्वाचन क्षेत्र करहल में सपा पर परिवारवाद का आरोप लगाते हुए योगी ने कहा, ए परिवारवाद से कभी उबर नहीं पाए हैं। सब कुछ परिवार को चाहिए। (शेष पेज 8)

# अडानी के प्रोजेक्ट के विरोध में थाने पर हमला, 3000 पर केस

- तिरुवनंतपुरम के विझिंजम में हिंसक झड़प और आगजनी में 40 पुलिसकर्मी हुए घायल

**पायनियर समाचार सेवा।** कोच्चि

**केरल** के तिरुवनंतपुरम के विझिंजम थाना क्षेत्र में अडानी के विजयनाम पोर्ट प्रोजेक्ट लिमिटेड को समाप्त करने की मांग कर रहे प्रदर्शनकारियों द्वारा रविवार रात हिंसक झड़प व आगजनी में 40 से अधिक पुलिस कर्मी घायल हो गए। घायल पुलिस कर्मियों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने इस मामले में 3,000 से अधिक लोगों पर गैरकानूनी रूप से एकत्रित होने, दंगा करने और आपराधिक षडयंत्र के आरोपों पर सोमवार को मामले दर्ज किया है। वहीं राज्य सरकार ने सोमवार को केरल उच्च न्यायालय को बताया कि हिंसक प्रदर्शनों और प्रदर्शनकारियों द्वारा विझिंजम बंदरगाह पर हमले से



हुए नुकसान की भरपाई के लिए कदम उठाए जाएंगे। केरल उच्च न्यायालय ने भी मामले में कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

स्थानीय प्रशासन की तरफ से जारी बयान में कहा गया कि थाने पर हुए हमले को किसी भी तरह से न्यायोचित नहीं ठहराया जा सकता। वहीं, बंदरगाह के निर्माण के खिलाफ प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे लैटिन कैथोलिक गिरजाघर ने दावा किया कि इस हमले के पीछे बाहरी ताकतों का हाथ है तथा उसने इसकी न्यायिक जांच की मांग की। स्थानीय पुलिस ने कहा कि करीब 3,000 लोग विझिंजम पुलिस थाने में एकत्रित हो गए और उन्होंने शनिवार को दर्ज एक मामले में आरोपी तथा अन्य संदिग्धों लियो स्टेनली, मुथप्पन, पुष्पराज और शैंकी को छोड़ने की मांग की जिन्हें हिरासत में लिया गया था।

प्राथमिकी के अनुसार, भीड़ लोहे की छड़, डंडे, पत्थर और ईंट लेकर रविवार शाम करीब छह बजे थाने पहुंची और पुलिस थाने के भीतर बंधक जैसी स्थिति पैदा कर दी। उन्होंने आरोपियों को न छोड़ने पर थाने को आग लगाने की धमकी दी। उन्होंने पुलिस की पांच गाड़ियां क्षतिग्रस्त कर दीं और थाने के भीतर कार्यालय के उपकरणों को नुकसान पहुंचाया। (शेष पेज 8)

# केंद्र ने कोर्ट में कहा, धार्मिक स्वतंत्रता में दूसरों के धर्मांतरण का अधिकार शामिल नहीं

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**केंद्र** ने सोमवार को उच्चतम न्यायालय में कहा कि धार्मिक स्वतंत्रता के मौलिक अधिकार में दूसरे लोगों को धर्म विशेष में धर्मांतरित कराने का अधिकार शामिल नहीं है। केंद्र ने यह भी कहा कि यह निश्चित रूप से किसी व्यक्ति को धोखाधड़ी, धोखे, जबरदस्ती या प्रलोभन के जरिए धर्मांतरित करने का अधिकार नहीं देता है। केंद्र सरकार ने कहा कि उसे ैखतरे का संज्ञानै है और इस तरह की प्रथाओं पर काबू पाने वाले कानून समाज के कमजोर वर्गों के अधिकारों की रक्षा के लिए आवश्यक हैं। इन वर्गों में महिलाएं और आर्थिक एवं सामाजिक रूप से पिछड़े लोग शामिल हैं। अधिवक्ता अश्विनी कुमार उपाध्याय की एक याचिका के जवाब में संक्षिप्त हलफनामे के जरिए केंद्र ने अपना रुख बताया। याचिका मे धमकी एवं ैउपहार और मौद्रिक लाभ के जरिए छलपूर्वक धर्मांतरण को नियंत्रित करने के लिए कड़े कदम उठाने का निर्देश दिए जाने का अनुरोध किया गया है।

गृह मंत्रालय के उप सचिव के जरिए दायर हलफनामे में जोर दिया गया है कि इस याचिका में मांगी गई राहत को भारत सरकार ैपूरी गंभीरता सै विचार करेगी और उसे इसै रिट याचिका में उठाए गए मुद्दे की गंभीरता का संज्ञान है। न्यायमूर्ति एम आर शाह और न्यायमूर्ति सी टी रविकुमार की पीठ ने मामले की सुनवाई करते हुए कहा कि वह धर्मांतरण के खिलाफ नहीं, बल्कि जबरन धर्मांतरण के खिलाफ है। इसके साथ ही पीठ ने केंद्र से, राज्यों से जानकारी लेकर इस मुद्दे पर विस्तृत हलफनामा दायर करने को कहा। पीठ ने कहा, आप संबंधित राज्यों से आवश्यक जानकारी एकत्र करने के बाद एक विस्तृत हलफनामा दाखिल करें... [8230] हम धर्मांतरण के खिलाफ नहीं हैं। लेकिन कोई जबरन धर्मांतरण नहीं हो सकता है। पीठ ने याचिका पर सुनवाई को पांच दिसंबर तक के लिए टाल दिया। पीठ ने इस याचिका को सुनवाई योग्य होने के संबध में दी गई याचिका पर भी सुनवाई टाल दी। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने न्यायालय से कहा कि जबरन धर्मांतरण एक गंभीर खतरा और राष्ट्रीय मुद्दा है एवं केंद्र सरकार ने अपने हलफनामे में कुछ राज्यों द्वारा उठाए गए प्रासंगिक कदमों का उल्लेख किया है। (शेष पेज 8)

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 62,505 | ↑ 221 | |
| निफ्टी | 18,563 | ↑ 50 | |
| सोना | 52,443 | ↓ 101 | /10g |
| चांदी | 61,375 | ↓ 301 | /kg |

## क्विक न्यूज

### पूर्व-सैनिक कल्याण विभाग के कार्यक्रम में आज हिस्सा लेंगे राजनाथ सिंह

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मंगलवार को पूर्व-सैनिक कल्याण विभाग द्वारा आयोजित होने वाले कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि सशस्त्र बल ध्वज दिवस कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) कॉन्क्लेव के चौथे संस्करण मे राजनाथ सिंह मुख्य अतिथि होंगे। बयान के अनुसार, इस कार्यक्रम का लक्ष्य पूर्व-सैनिक कल्याण विभाग द्वारा पूर्व-सैनिकों, सैनिकों की विधवाओं और उनपर निर्भर लोगो के पुनर्वास आदि की दिशा में उठाए गए कदमों के बारे में बताना और इन प्रयासो मे मदद के लिए सीएसआर समर्थन जुटाना है। इस अवसर पर राजनाथ सिंह एक नई वेबसाइट आर्मड फोर्सेज फ्लैग डे फंड (एएफएफडीएफ) की शुरुआत भी करेंगे।

# हरियाणा जिला परिषद चुनाव में भाजपा को तगड़ा झटका

- सत्ताधारी पार्टी ने 100 सीटों पर उतारे थे उम्मीदवार, केवल 22 जीते
- कांग्रेस और जजपा ने सिंबल पर नहीं उतारे थे उम्मीदवार, आप ने दर्ज कराई मौजूदगी इनेलो को भी फायदा

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**हरियाणा** जिला परिषद चुनावों में भाजपा को बड़ा तगड़ा झटका लगा है। राज्य की सत्ताधारी पार्टी ने 100 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे थे, लेकिन महज 22 सीटों पर ही उसे जीत हासिल हुई जबकि आम आदमी पार्टी (आप) ने 100 सीटों पर चुनाव लड़ 15 सीटों पर जीत हासिल की है। वहीं इनेलो को भी चुनाव में फायदा हुआ है। चुनाव के परिणाम रविवार को घोषित किए गए। इसमें इंडियन नेशनल लोक दल को कुछ लाभ हुआ। वहीं कांग्रेस और भाजपा की सहयोगी जननायक जनता पार्टी (जजपा) ने यह चुनाव अपने दल के चुनाव चिह्न पर नहीं लड़ा था। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि 2024 में होने वाले अगले विधानसभा चुनावों से पहले आए ये परिणाम सत्तारूढ़ भाजपा को आगाह करने वाले हैं। हालांकि, भाजपा ने दावा किया कि चुनावों में राज्य के अन्य जिलों में भाजपा समर्थित 150 से अधिक उम्मीदवारों ने भी जीत हासिल की है।

पंचकुला में जिला परिषद के चुनाव परिणाम भाजपा के लिए एक बड़े झटके के रूप में सामने आया। यहां की सभी 10 सीटों पर उसके उम्मीदवारों को हार का सामना करना



पड़ा है। पार्टी को सिरसा में भी झटका लगा है। यहां उसके उम्मीदवारों में एक भी जीत नहीं दर्ज कर सका। भाजपा की भारी फजीहत अंबाला में हुई। कुरुक्षेत्र से पार्टी के सांसद नायब सिंह सैनी की पत्नी सुमन सैनी अंबाला जिला परिषद के वार्ड नंबर 4 से चुनाव हार गईं। यह राज्य के गृह मंत्री अनिल विज का गृह जिला भी है। इस जिले में पार्टी कुल 15 जिला परिषद सीटों में से केवल दो ही सीटें जीत सकी। गुरुग्राम में भाजपा 10 में से केवल चार जिला परिषद सीटों पर जीत हासिल कर सकी। हालांकि, यमुनानगर, नूंह और कुरुक्षेत्र में सत्तारूढ़ दल ने क्रमशः छह, सात और तीन सीटों पर जीत हासिल की। हरियाणा भाजपा के प्रवक्ता संजय शर्मा ने कहा कि पार्टी ने जिला परिषद चुनावों में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है।

उन्होंने दावा किया कि 15 जिलों में भाजपा समर्थित 151 उम्मीदवारों ने जीत हासिल की। शर्मा ने कहा कि इसके अलावा, चुनाव जीतने वाले 126 निर्दलीय उम्मीदवारों में से अधिकांश भाजपा का समर्थन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसलिए 22 जिला परिषदों के कुल 411 सदस्यों में से, भाजपा के पास लगभग 300 विजयी उम्मीदवारों का समर्थन है। आम आदमी पार्टी (आप) ने अपने चुनाव चिह्न पर लड़ी गई 100 से अधिक सीटों में से 15 सीटें जीतकर जिला परिषद चुनावों में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। इसने सिरसा में छह सीटें जीतकर अच्छा प्रदर्शन किया। (शेष पेज 8)

## जनता ने भाजपा-जजपा गठबंधन को नकारा : हुड्डा

**कांग्रेस** सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने सोमवार को दावा किया कि हरियाणा में हाल ही में संपन्न हुए जिला परिषद चुनाव में लोगों ने सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी और जननायक जनता पार्टी के गठबंधन को पूरी तरह नकार दिया। उन्होंने यह दावा भी किया कि इस चुनाव में 87 प्रतिशत मतदाताओं ने निर्दलीय व कांग्रेस विचारधारा के उम्मीदवारों को वोट दिया। हुड्डा ने कहा कि भाजपा को इस चुनाव में पांच प्रतिशत ही वोट मिले। इनेलो और आम आदमी पार्टी को तीन-तीन प्रतिशत तो बसपा को दो प्रतिशत वोट मिले।

## इतनी सीटों पर हुआ था चुनाव

**हरियाणा** की 143 पंचायत समितियों और 22 जिला परिषदों के चुनाव तीन चरणों में संपन्न हुए थे। हरियाणा में 22 जिला परिषद हैं, जिनमें 411 सदस्य हैं। ये सदस्य 22 जिला परिषद प्रमुखों का चुनाव करेंगे। राज्य में 143 पंचायत समितियां हैं, जिसमें 3,081 सदस्य हैं जो अपने अध्यक्षों का चुनाव करेंगी।

# भारत के पहले अंतरिक्ष स्टार्टअप लांचपैड का उद्घाटन

**नई दिल्ली/बेंगलुरु (भाषा)।** अंतरिक्ष क्षेत्र की निजी कंपनी अग्निकुल कॉस्मोस ने सोमवार को घोषणा की कि उसके द्वारा तैयार और संचालित भारत के पहले निजी लांचपैड तथा मिशन नियंत्रण केंद्र का उद्घाटन श्रीहरिकोटा में सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र स्थित इसरो परिसर में किया गया है। स्टार्टअप की योजना भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान-मद्रास में बनाई गई थी और इससे, यह साल खत्म होने से पहले अग्निबाण रॉकेट को प्रक्षेपित करने की भी योजना है। कंपनी ने ट्वीट किया, श्रीहरिकोटा में हमारे पहले लांचपैड और मिशन नियंत्रण केंद्र के निर्माण का अवसर पाकर हम सम्मानित और प्रसन्न हैं जिसका उद्घाटन इसरो अध्यक्ष ने किया है। यहां से अग्निकुल के प्रक्षेपण किए जाएंगे। इसरो और इनस्पेस का इस मूल्यवान सहयोग के लिए शुक्रिया। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष एस. सोमनाथ ने 25 नवंबर को अग्निकुल लांचपैड का उद्घाटन किया था।

# बेलगाम रफ्तार से नोएडा-गाजियाबाद में बढ़ रहे हादसे




**नोएडा और गाजियाबाद में तेज रफ्तार का कहर जारी है। नवंबर माह में लगातार सड़क हादसे बढ़ रहे है। रफ्तार के साथ-साथ धुंध को भी इसका कारण माना जा रहा है। सबसे अधिक हालात यमुना एक्सप्रेसवे के है। यहां औसतन रोज एक सड़क दुर्घटना हो रही है। वहीं ईस्टन पेरिफेरल में भी दुर्घटनाओं में खासा इजाफा देखने को मिल रहा है। पुलिस बेरिकेडिंग के सहारे रफ्तार को कम करने का प्रयास कर रही है लेकिन रात को पुलिस गश्त कम होते ही चालक गाड़ी चलाने में लापरवाही बरते रहे है।**

## स्कार्पियो पलटी, गैस कटर से काटकर ड्राइवर को निकाला

● बुलंदशहर शादी में जा रहा था परिवार

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

बिलासपुर कस्बे के पास बीती रात तेज गति में आ रही एक स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में स्कार्पियो बुरी तरह छतिग्रस्त हो गई और चालक उस में फंस गया। पुलिस व स्थानीय लोगों ने गैस कटर से स्कॉर्पियो के दरवाजे को काटकर ड्राइवर को बाहर निकाला और उपचार के लिए अस्पताल भेजा।

थाना प्रभारी राधा रमन सिंह ने बताया कि बीती रात्रि पुलिस को सूचना मिली थी बिलासपुर कस्बे के पास तेज गति में आ रही है एक स्कार्पियो कार अनियंत्रित होकर पलट



गई है। बुरी तरह से क्षतिग्रस्त कार में चालक अंदर फंसा हुआ है। मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से तुरंत बचाव कार्य शुरू किया। इस दौरान गैस कटर मंगवा कर स्कॉर्पियो के दरवाजे को काटकर चालक सुनील पुत्र भोलू को बाहर निकाला गया। इसके अलावा कार में बैठी नीरज पत्नी अमित व नेहा पुत्री सोनू को भी चोटें आई। थाना प्रभारी ने बताया कि सुमित अपने परिवार सहित नोएडा के गेझा गांव से बुलंदशहर शादी में हिस्सा लेने के लिए जा रहा था।

## सदरपुर में दुर्घटना में घायल हुई लड़की ने अस्पताल में तोड़ा दम

**नोएडा।** सदरपुर कॉलोनी के सोम बाजार में बीती रात तेज रफ्तार कार की चपेट में आने से घायल हुई तीन बहनों में से एक की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई है। इस हादसे में घायल दो अन्य लड़कियों का उपचार चल रहा है। वहीं थाना ईकोटेक-3 क्षेत्र में अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई।

सदरपुर की खजूर कालोनी निवासी नरेंद्र कुमार की पत्नी अपनी बेटी रिया 6 वर्ष, अनु 15 वर्ष और अंकिता 18 वर्ष के साथ पैदल सोम बाजार में जा रही थी। इस दौरान तेज गति में आ रही स्विफ्ट कार ने तीनों लड़कियों को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से तीनों लड़की गंभीर रूप से घायल हो गई। इस दौरान मौके से भागने का प्रयास कर रहे कार सवार को लोगों ने दबोच लिया।

## ब्रेजा कार ने दो पुलिसकर्मियों को टक्कर मारी, घायल

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

● फरार हो रहे चालक को पुलिस ने पकड़ा

गाजियाबाद में रविवार रात गश्त कर रहे मोबाइल फेंठम बाइक सवार पुलिसकर्मियों को ब्रेजा कार ने जोरदार टक्कर दे मारी। हादसे में दोनों पुलिसकर्मी चोटिल हो गए।

इसमें एक की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने चेकिंग करते हुए हादसा करने वाली गाड़ी को पकड़ लिया है। ये हादसा रविवार रात करीब 2 बजे हुआ। कोतवाली घंटाघर क्षेत्र में जिला अस्पताल है। यहां पर फेंटम बाइक सवार पुलिसकर्मी रोहित और नरेश गश्त कर रहे थे। बताया जा रहा है कि दोनों पुलिसकर्मी अपनी साइड में बाइक चला रहे थे। इस दौरान पीछे यानि दिल्ली की तरफ से आई तेज रफ्तार ब्रेजा कार ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसा इतना जबरदस्त था कि दोनों सिपाही हवा में उछलकर काफी दूर तक जा गिरे। हादसा के बाद ब्रेजा कार भाग निकली।

इधर, आसपास के लोगों ने दोनों घायल पुलिसकर्मियों को अस्पताल में भर्ती कराया। यहां से सिपाही रोहित को ज्यादा चोटें देखते हुए यशोदा हॉस्पिटल के लिए रेफर कर दिया। रात में ही एसपी सिटी और सीओ ने यशोदा हॉस्पिटल पहुंचकर घायल सिपाही का हाल चाल लिया। उधर, पुलिस ने बताया कि वायरलैस पर मैसेज होने के बाद पूरे शहर में चेकिंग शुरू कर दी गई थी। ब्रेजा कार को पकड़ लिया गया है।

## सोते समय हथौड़े से सिर में वार कर युवक को मौत के घाट उतारा

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

● आरोपी फरार, पुलिस ने शुरू की तलाश

इंदिरापुरम कोतवाली क्षेत्र के वसुंधरा सेक्टर-नौ में रविवार रात करीब तीन बजे सोते समय साथी ने कामगार के सिर पर हथौड़े से वार करके हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार करके हथौड़ा बरामद कर लिया।

पुलिस अधीक्षक नगर द्वितीय ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि सोमवार सुबह सात बजे गरिमा गार्डन अशोक वाटिका के दिलपुकार ने पुलिस को सूचना दी कि वसुंधरा सेक्टर.नौ स्थित दुकान के कामगार रटोल थाना चांदीनगर जिला बागपत के 25 वर्षीय वकील की हत्या हो गई है।

पता चला कि उसके साथ काम करने वाला इंद्रानगर कालोनी रेलवे रोड कस्बा थाना देवबंद जिला सहारनपुर का 52 वर्षीय राजेश कुमार फरार है। पुलिस को उस पर शक गहराया। सीसीटीवी कैमरों व सर्विलांस की मदद दी गई। सुबह करीब सवा दस बजे राजेश वसुंधरा सेक्टर.13 में पकड़ा गया। उसने हत्या करने की बात कबूल की। बताया कि वकील उसकी दिलपुकार से शिकायत करके काम से निकलवाना चाहता है।

इस वजह से उसने उसकी हत्या कर दी। ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि राजेश की निशानदेही पर एलिवेटेड रोड के नीचे से खून से सना हथौड़ा बरामद किया गया। राजेश ने बताया कि रात में तीन बजे वकील गहरी नींद में सो रहा था। उसने लोहा पीटने वाले हथौड़े से उसके सिर पर ताबड़तोड़ वार करके हत्या कर दी। हत्या करने के बाद वह भाग गया। हथौड़े एलिवेटेड रोड के नीचे फेंक दिया। राजेश व वकील दोनों कई सालों से साथ में दुकान में रहते थे। दुकान में ही खाना खाकर साथ में ही सोते थे। दोनों में अच्छी दोस्ती थी। शक होने पर उसने यह कदम उठा लिया।

# भुगतान न करने पर दो शिक्षण संस्थानों के आवंटन रद्द

● दोनों भूखंडों पर प्रीमियम व लीजरेंट को मिलाकर करीब 50.64 करोड़ रुपये की धनराशि बकाया थी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण कड़क हुआ है। जमीन लेकर पैसे का भुगतान न करने पर प्राधिकरण ने दो शिक्षण संस्थानों के आवंटन रद्द कर दिए हैं। दोनों भूखंडों पर प्रीमियम व लीजरेंट को मिलाकर करीब 50.64 करोड़ रुपये की धनराशि बकाया थी।

इन दोनों भूखंडों पर अब तक किसी तरह के निर्माण भी नहीं हुए हैंए जिसके चलते प्राधिकरण ने यह कार्रवाई की है। प्राधिकरण इन



दोनों भूखंडों को अपने कब्जे में लेकर नई स्कीम के जरिए आवंटित करेगा।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की सीईओ रितु माहेश्वरी के निर्देश पर लंबे अर्से से बकाया रकम का भुगतान न करने और परियोजना को पूरा न करने वाले आवंटियों के खिलाफ प्राधिकरण ने आवंटन निरस्त करने की कार्रवाई शुरू कर दी है। प्राधिकरण ने विगत बुधवार को एक बिल्डर को आवंटित दो भूखंडों के आवंटन निरस्त कर दिये थे। अब दो शिक्षण संस्थानों के आवंटन रद्द किए गए हैं।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ अदिति सिंह ने बताया कि प्रियदर्शिनी कॉलेज ऑफ कंप्यूटर साइंस को 1999 में भूखंड संख्या.6एए सेक्टर नॉलेज पार्क वन में 28750 वर्ग मीटर जमीन आवंटित की गई थी। संस्था को इस भूखंड के एवज में बतौर प्रीमियम धनराशि व लीज रेंट करीब 25.73 करोड़ रुपये जमा करने थे। संस्था ने सभी मदों में मिलाकर अब तक करीब 2.25 करोड़ रुपये धनराशि ही जमा की गई है। आवंटी को 2013, 2014, 2015, 2017, 2018, 2019 व 2020 में कई बार डिफॉल्टर नोटिस और कैंसिलेशन नोटिस जारी किए गए। इसी प्रकरण में एसीईओ स्तर पर ही सुनवाई हुई और बकाया भुगतान के लिए अंतिम अवसर भी दिया गया, लेकिन संस्था ने प्रीमियम या फिर लीज रेंट के रूप में कोई भुगतान नहीं किया, जिसके चलते संस्था का आवंटन निरस्त कर दिया गया है।

वहीं, प्राधिकरण के संस्थागत विभाग ने ही ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने ग्रेटर नोएडा एजुकेशनल इंस्टीट्यूट बनाने के लिए सोहो फूड एंड वेबरेजेस सोहो मास्कोट फाउंडेशन को 2014 में भूखंड संख्या.07, सेक्टर टेकजोन.7 में 20 हजार वर्ग मीटर का भूखंड आवंटन भी निरस्त कर दिया है। इस संस्था पर करीब 20.08 करोड़ रुपये प्रीमियम और करीब 4.83 करोड़ रुपये लीज रेंट बकाया हो चुका था। नौ किस्तें बकाया हो चुकी थीं। इस दौरान संस्था को कई बार डिफॉल्टर नोटिस और फिर कैंसिलेशन नोटिस जारी की गई, लेकिन कोई जवाब नहीं दिया गया, जिसके चलते संस्था आवंटन निरस्त कर दिया गया है।



छिजारसी कट सेक्टर-63 पर ऑटो, टेंपो व ई रिक्शा चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया।

## संक्षिप्त समाचार



उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को किया सम्मानित

### उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सखा पुरस्कार

**नोएडा।** एनईए सभागार में सखा एक पहल संस्था ने अपनी दूसरी वर्षगांठ के अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सखा 2022 पुरस्कार से सम्मानित किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि उत्तरप्रदेश महिला आयोग की अध्यक्षा विमला बाथम, विशिष्ठ अतिथि एचआरडी ग्रुप के संस्थापक हर्षराज द्विवेदी और एनईए के अध्यक्ष विपिन मल्हन ने तिरुपति आई सेंटर और रिसर्च इंस्टीट्यूट की अध्यक्ष मोहिता शर्मा, श्रीमंगलम कॉलेज की डायरेक्टर ईशा दिवेदी, प्रकृति ऑर्गेनिक फार्म फ्रेश लिमिटेड की अध्यक्षा माधुरी सिकेरा, अभिनंदन संस्था की अध्यक्षा मनीषा भाटिया, और एसिड अटैक सर्वाइवर्स को सम्मानित किया। मुख्य अतिथि विमला बाथम ने कहा की आज महिलाओं को सशक्त होता देख देश गौरवान्वित महसूस करता है।

### अर्धसैनिक बल के जवान सहित दो ने की आत्महत्या

**नोएडा।** जनपद के विभिन्न जगहों पर रहने वाले 2 लोगों ने मानसिक तनाव के चलते आत्महत्या कर ली। पुलिस आयुक्त आलोक सिंह के मीडिया प्रभारी पंकज कुमार ने बताया कि थाना बादलपुर क्षेत्र के बंबावड़ गांव के रहने वाले भीम सिंह शर्मा उम्र 52 वर्ष केंद्रीय अर्धसैनिक बल में तैनात थे। कुछ समय पूर्व उनकी पत्नी की मौत हो चुकी थी। इस वजह से वह में मानसिक तनाव मे थे। इसके चलते उन्होने जहरीला पदार्थ खा लिया। अत्यंत गंभीर हालत में उपचार के लिए एक अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां पर उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई।

### दो शातिर लुटेरे गिरफ्तार, कार बरामद

नोएडा। थाना फेस-2 पुलिस ने आज सुबह को एक सूचना के आधार पर दो लुटेरों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से पुलिस ने लूटी हुई कार, अवैध हथियार आदि बरामद किया है। थाना फेस.2 के प्रभारी निरीक्षक परमहंस तिवारी ने बताया कि गिरफ्तार बदमाशों के नाम रोशन मिश्रा पुत्र अनिल कुमार है। उन्होंने बताया कि रोशन के खिलाफ लूटपाट के पूर्व में 12 मुकदमे दर्ज हैं, जबकि अनिल के खिलाफ 7 मुकदमे दर्ज है। उन्होंने बताया कि इनके पास से पुलिस ने लूटी हुई एक कार, दो देशी तमंचे और कारतूस बरामद किया है। उन्होंने बताया कि उनके कुछ साथी फरार है। पुलिस उनकी तलाश कर रही है। थाना प्रभारी ने बताया कि इन बदमाशों ने 30 नवंबर को थाना सेक्टर.20 से एक व्यक्ति से उसकी टाटा कार लूटी थी। थाना प्रभारी ने बताया कि थाना फेस.2 पुलिस ने आज सुबह को एक सूचना के आधार पर अमरजीत पुत्र विश्वनाथ को गिरफ्तार कर उसके पास से देशी तमंचा और कारतूस बरामद किया है।

### शादी में डीजे की आवाज पर भिड़े दो पक्ष

**गाजियाबाद।** विजयनगर इलाके में शादी समारोह में तेज आवाज में बजाने पर दो पक्ष भिड़ गए। ये शादी बंगाली समाज के लोगों की थी। मोहल्ले से निकलकर ये लड़ाई सड़क तक आ गई। महिला.पुरुष एक-दूसरे को बीच सड़क पर पीटते रहे। कुछ लोगों ने इस दौरान मारपीट की वीडियो अपने मोबाइल से शूट कर ली। इस वीडियो में स्पष्ट देखा जा रहा है कि करीब 15.20 महिला-पुरुषों का समूह एक.दूसरे की पिटाई कर रहा है। इंस्पेक्टर अमित कुमार ने बताया कि इस मामले में ज्यादा चोटिल हुए सोनू नामक व्यक्ति को मेडिकल के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस ने मौके से निहाल, सचिन व एक अन्य व्यक्ति को हिरासत में लिया है।

## दोस्त की नाबालिग बेटी से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

● आरोपित के खिलाफ पाक्सो सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

दोस्त पर विश्वास करना एक परिवार को भारी पड़ गया। आरोपित दोस्त ने नौ वर्षीय बच्ची के साथ सोसायटी में दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया।

बच्ची की मेडिकल जांच कराने के बाद पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। घटना के बाद से बच्ची सहमी हुई है। ग्रेटर नोएडा की अलग-अलग सोसायटी में रहने वाले दो व्यक्ति पिछले लगभग



दस वर्ष से घनिष्ठ मित्र हैं। दोनों इलेक्ट्रिशियन का काम करते हैं। दोनों के परिवार का एक-दूसरे के यहां अक्सर आना-जाना होता है।

रविवार को पीड़ित स्वजन को कहीं जाना था। उन्होंने अपनी नौ वर्षीय बेटी को ग्रेटर नोएडा वेस्ट की आक्सफोर्ड स्क्वायर ईकोविलेज तीन फ्लैट नंबर ई-211 में रहने वाले अपने दोस्त दिनेश कुमार शर्मा 57 के घर छोड़ दिया। पीड़ित स्वजन रात में दोस्त के यहां से अपनी बेटी को वापस ले आए।

रात में अपनी मां के साथ सोते वक्त पीड़िता ने घटना के बारे में बताया। स्वजन ने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराया। पुलिस ने आरोपित को अजनारा गोलचक्कर के पास से सोमवार को गिरफ्तार कर लिया।

पूछताछ में आरोपित ने पुलिस को बताया कि सोसायटी में घुमाने के बहाने वह दोस्त की बेटी को लेकर सोसायटी के क्लब हाउस गया। वहीं पर घटना को अंजाम दिया। पुलिस ने बताया कि आरोपित के खिलाफ पाक्सो सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

## बादलपुर इलाके में गोवंश की तस्करी के आरोप में दो लोग गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

● कैंटर में आठ गाएं, दो बछिया और एक बछड़ा मिला

बादलपुर थाना क्षेत्र में गोवंश की तस्करी करने और पशुओं से क्रूरता के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार लोगों के पास से एक कैंटर बरामद हुआ है जिसमें आठ गाएं, दो बछिया और एक बछड़ा था।

बादलपुर के थाना प्रभारी निरीक्षक रविंद्र कुमार ने बताया कि एक सूचना के आधार पर पुलिस ने एक कैंटर को जांच के लिए रोका था। जांच के दौरान कैंटर में आठ गाएं, दो बछिया और एक बछड़ा मिला। उन्होंने बताया कि पुलिस ने गोवंश तस्करी और पशु क्रूरता के आरोप में कैंटर में सवार मुन्नालाल तथा पवन कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। ज्ञात हो पुलिस गोवंश तस्करों के खिलाफ अभियान चला रही है।

## सीएलसी से नौकरी देने का काम नगर निगम ने छीना

**गाजियाबाद।** नगर निगम में आउट सोर्सिंग कर्मचारियों को अब सीएलसी के माध्यम से नहीं रखा जाएगा। इस कंपनी का चेप्टर ही अब निगम क्लोज करने जा रहा है।

इसके स्थान पर नगर निगम जेम पॉर्टल पर रजिस्टर्ड कंपनियों के माध्यम से नगर निगम आउट सोर्सिंग पर कर्मचारियों को रखेगा।

एजेंसी के बदल जाने के बाद किसी भी आउट सोर्सिंग कर्मचारी को नगर निगम से नही हटाया जाएगा। इसके लिए नगर निगम ने स्थिति को स्पष्ट कर दिया है। आउटसोर्सिंग पर नगर निगम में कई हजार कर्मचारी नौकरी करते हैं।

## मुठभेड़ में दो बदमाशों के पैर में लगी गोली, पकड़े गए

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

अलग-अलग स्थानों पर हुई मुठभेड़ में दो बदमाश पुलिस की गोली लगने से घायल हो गए।

पकड़े गए दोनों बदमाश शातिर लुटेरे हैं और इन पर लूट सहित विभिन्न आरोपों में मामले दर्ज हैं। एडीसीपी आशुतोष द्विवेदी ने बताया कि थाना सेक्टर-39 प्रभारी राजीव कुमार बालियान पुलिस बल के साथ वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान पुलिस ने एक बाइक सवार को रुकने का इशारा किया। पुलिस को देखकर बाइक सवार भाग निकला। पीछा करने पर उसने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी मुठभेड़ में बदमाश के पैर में गोली लगी जिसके बाद पुलिस ने उसे दबोच लिया।

पूछताछ में पकड़े गए बदमाश ने अपना नाम लईक पुत्र अतीक निवासी राजीव कॉलोनी थाना साहिबाबाद जिला गाजियाबाद बताया। इसके पास से तीन मोबाइल फोन, तमंचा कारतूस बरामद हुए। पकड़े गए बदमाश पर दिल्ली एनसीआर में लूट सहित विभिन्न मामलों में करीब दो दर्जन मुकदमे दर्ज हैं।

## गुरप्रीत सिंह रम्मी डॉक्टरेट उपाधि से सम्मानित

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा स्थित आईटीएस कॉलेज में सरदार गुरप्रीत सिंह रम्मी (ऑक्सीजन मैन ऑफ इंडिया) को ऑनरेरी डबल डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित किया गया।

कोरोना काल में मानवता की रक्षा करने वाले गुरप्रीत सिंह रम्मी आज सिख समाज और पूरे प्रदेश वासियों को उनपर गर्व है जिन्होंने पूरी दुनिया में एक मिसाल कायम की। सभी उपस्थित सभी लोगों ने खड़े होकर उनका अभिभावन किया। इस उपाधि से 14 लोगों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर एसपी सिंह, यश चड्ढा, डॉक्टर रहमान और हैरी चड्ढा मौजूद थे।



ऑनरेरी डबल डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित होते सरदार गुरप्रीत सिंह रम्मी।

## पालतू कुत्ते को पटटे से बांधकर रखें, मुंह मॉस्क से ढकें

● अभी बेपरवाह है कुत्तों के मालिक, प्राधिकरण की सख्ती का नहीं दिख रहा असर

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

आवारा व पालतू कुत्तों के हमले लगातार नोएडा-ग्रेटर नोएडा में सुर्खियां बन रहे हैं। प्राधिकरण द्वारा बनाई गई डॉग पॉलिसी का भी असर फिलहाल नहीं दिख रहा है। जबकि पालतू कुत्ते के मालिकों के लिए सोसायटियों में दिशा-निर्देश भी लगा दिये गये हैं।

ग्रेटर नोएडा की एनआरआई रेजिडेंसी के सचिव कुलदीप सिंह ने पालतू व आवारा कुत्तों द्वारा सोसायटियों में छोटे बच्चों, घरेलू



सहायिकाओं व बुजुर्गों को काटकर घायल किये जाने की घटनाओं पर चिंता जताई है। उन्होंने बताया कि हमारी सोसायटी के फ्लैट नम्बर सी.805 में रहने वाले उज्जवल वाधवा के बच्चे पर भी आवारा कुत्तों ने हमला कर दिया था, लेकिन समय रहते सोसायटी वासियों ने कुत्तों को भगा दिया नहीं तो कुत्ते बच्चे को बुरी तरह काट लेते। श्री सिंह ने सभी से अपील की है कि प्राधिकरण द्वारा इस समस्या से निपटने के लिए जारी दिशा.निर्देशों का पालन करें और अगर कोई पालतू कुत्ते का स्वामी नियमों का उल्लंघन करता है तो उसके खिलाफ कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाए। सचिव श्री सिंह ने इस बाबत जारी दिशा-निर्देशों की सूची भी सोसायटी में लगवाई है जिसमें कॉमन एरिया में पालतू कुत्ते को बांधकर रखने, कुत्तों के मुंह पर मॉस्क लगाने तथा सुबह 6 से 7 बजे तथा रात में 9 से 10 बजे तक निर्धारित समय में कुत्तों को घुमाने सफाई का विशेष ध्यान रखने के साथ ही पालतू जानवरों के लिए सर्विस लिफ्ट के उपयोग की सलाह दी गयी है।

इसके अलावा टॉवरों या बेसमेंट क्षेत्र के पास पालतू तथा आवारा जानवरों को ना खिलाया जाए। उक्त नियमों का उल्लंघन करने पर 200 रूपये की दर से दंडित किया जाएगा।

## रिटायर्ड कर्नल के ड्राइवर को बंधक बनाकर लूटी थी लग्जरी कार

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

रिटायर्ड कर्नल के ड्राइवर को बंधक बनाकर लग्जरी टाटा हेरियर कार लूटने वाले दो शातिर बदमाशों को थाना फेज 2 पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनके पास से लूटी गई हेरियर कार, दो तमंचा और कारतूस बरामद हुए हैं। बदमाशों का गिरोह आंख में मिर्चा डालकर लूटपाट की घटना को अंजाम देते थे।

थाना प्रभारी परमहंस तिवारी ने बताया कि मुखबिर की सूचना के आधार पर कुलेसरा रोड के पास चेकिंग के दौरान एक हैरियर कार को जांच के लिए रोका गया। पुलिस के मांगने पर कार सवार कागजात नहीं दिखा पाए। संदेह के आधार पर ली गई तलाशी में इनके पास से एक तमंचा व कारतूस बरामद हुए। पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम रोशन मिश्रा व अनिल कुमार बताते हुए कबूल किया कि उक्त हैरियर कार लूटी हुई है।

थाना प्रभारी ने बताया कि दोनों आरोपियों ने गत 23 सितंबर को यह कार थाना सेक्टर 20 क्षेत्र से लूटी थी। बदमाश कार के ड्राइवर सुरेश कुमार को बंधक बनाकर अपने साथ ले गए थे और उसे दिल्ली के थाना साउथ केंपस क्षेत्र में फेंक कर फरार हो गए थे। कार मालिक रिटायर्ड कर्नल नेपाल सिंह की शिकायत पर साउथ केंपस पुलिस ने जीरो पर रिपोर्ट दर्ज कर मुकदमा थाना सेक्टर 20 के लिए ट्रांसफर कर दिया था।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# राजनीतिक दलों ने झोंकी ताकत, अपनी-अपनी जीत के दावे

## निगम चुनावः त्रिकोणीय हुआ मुकाबला, सर्वे के जरिये मतदाताओं का मन टटोल रहीं पार्टियां

**संजय राय।** नई दिल्ली

एमसीडी चुनाव में इन दिनों शह मात का खेल चल रहा है। हर वार्ड में राजनीतिक दल एक दूसरे के मोहरे को पीटने में लगे हैं। ऐसे में राजनीति के कुशल खिलाड़ी कहे जाने वाले नेता अब अपने-अपने मोहरे बचाने के लिए जी जान से जुट गए हैं।

चुनाव प्रचार में भाजपा, आम आदमी पार्टी और कांग्रेस ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी हैं। संगठन के साथ उम्मीदवारों ने भी अपने स्तर पर घर-घर प्रचार अभियान तेज कर दिया है। प्रदेश भाजपा के एक आंतरिक सर्वेक्षण में एमसीडी चुनाव में पार्टी 250 वार्डों में से 170 पर जीत हासिल कर सकती है। वहीं आम आदमी पार्टी 230 और कांग्रेस 130 सीटों पर जीत का दावा कर रही है। ऐसे में निगम चुनाव त्रिकोणीय मुकाबले में



गोपाल राय



राम सिंह बिधूड़ी



अनिल भारद्वाज




फंस गया है और राजनीतिक दल सर्वे के माध्यम से मतदाताओं का मन टटोल रहे हैं। प्रदेश भाजपा के प्रवक्ता हरीश खुराना ने बताया कि 13 नवंबर से 25 नवंबर के बीच कराए गए इस सर्वेक्षण में 4 3 , 7 5 0 मतदाताओं को शामिल किया गया था। सभी 250 वार्डों में किए गए सर्वेक्षण से पता चलता है कि भाजपा 170 सीटों पर जीत का परचम लहराएगी। वहीं नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने दावा किया है कि 200 से ज्यादा वार्डों में भाजपा के प्रत्याशी जीत हासिल करेंगे। इसकी मुख्य वजह भाजपा उम्मीदवार तीनों पार्टियों से बेहतर हैं। उन्होंने यह भी कहा कि आप सिर्फ हवा हवाई बातें कर ही है। आम आदमी पार्टी का बहुमत भी हासिल करना भी मुश्किल होगा।

आम आदमी पार्टी 230 वार्डो में जीत का दावा कर रही है। आप मान रही है कि डेढ़ दर्जन से जयादा सीटों पर उनके प्रत्याशी अन्य पार्टियों के मुकाबले कमजोर है ऐसे में उन सीटों पर पार्टी ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। आप के प्रदेश संयोजक गोपाल राय भी मानते हैं कि कुछ दिन पहले चुनाव प्रचार को लेकर कराए गए सर्वे में करीब 20 सीटें ऐसी थी जिन पर आपके प्रत्याशी पीछे थे। ये सीटें बाहरी, पश्चिमी और दक्षिणी दिल्ली की हैं। इन वार्डों में गणित बदलने के लिए पार्टी ने केजरीवाल की सरकार और केजरीवाल का पार्षद अभियान पर जोर दिया है। उनका दावा है कि मतदान वाले दिन इन सीटों पर भी प्रत्याशी बेहतर प्रदर्शन करते दिखाई देंगे पार्टी का दावा है कि आप निगम चुनाव में ढाई सौ सीटों में से 200 से अधिक सीटें जीतने जा रही पार्टी के रणनीतिकारों की मानें तो यह चुनाव पिछले चुनाव से बिल्कुल अलग होगा वर्ष 2017 में आप की सरकार आए हुए 2 साल हुए थे।

अब 7 साल हो चुके हैं ऐसे में दिल्ली सरकार ने जो काम कराएं उनका लाभ मिलेगा। चुनाव प्रचार के अंतिम दौर में कांग्रेस ने भी अपनी पूरी ताक झोंक दी है। प्रदेश कांगेस के कम्युनिकेशन विभाग के चेयरमैन व पूर्व विधायक अनिल भारद्वाज ने कहा कि उनकी पार्टी के उम्मीदवार 130 सीटों पर मजबूत स्थिति हैं। इसके अलावा 117 सीटों पर भी प्रत्याशी और स्टार प्रचारक पूरा जोर लगा हैं।

## भाजपा ने मुख्यमंत्री केजरीवाल को दी चुनौती

- सीएम दो काम बताएं जिनमें उनकी सरकार ने भ्रष्टाचार नहीं किया : आदेश गुप्ता

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

एमसीडी चुनाव में अब चंद दिन ही शेष रह गए हैं। ऐसे में सभी दलों का चुनाव प्रचार भी जोर पकड़ चुका है। इस बीच राजनीतिक दलों में आरोप-प्रत्यारोप तेज हो गया है। इस कड़ी में भाजपा ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को चुनौती दी है कि वो अपने दो काम गिनवा दें, जिसमें उन्होंने भ्रष्टाचार ना किया हो।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने सोमवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि सीमित संसाधनों के साथ भाजपा ने नगर निगम में इतने काम किए हैं कि जहां भी भाजपा प्रत्याशी और नेता वोट मांगने जा रहे हैं, वहां उन्हें भारी समर्थन मिल रहा है। पार्टी ने पिछले पांच सालों में दिल्ली नगर निगम का काया पलट कर दिया है। दूसरी ओर सीएम केजरीवाल ने इन निगम चुनावों में झूठ की सारी हदें पार कर दी है। कई जगहों पर आप के बड़े-बड़े नेताओं को सभा छोड़कर जाना पड़ है। गली गली शराब की दुकानें खुलवाने वाले मनीष सिसोदिया को कल ही भारी विरोध के चलते एक सभा से जाना पड़ा। आदेश ने दावा किया कि भाजपा ने मकान की ऊंचाई 15 मीटर से बढ़ाकर 17.5 मीटर कर दी है, ताकि लोगों बेहतर तरीके से अपने घर का निर्माण कर सके।



आज हर घर से कूड़ा उठता है और फिर ये कूड़ा लैंडफिल साइट पर जाता है, जहां 4 वेस्ट टू एनर्जी प्लांट लगाए हुए हैं। वहां इस कचरे से 100 मेगावाट बिजली बनाती है। दिल्ली में कचरा मुक्त अभियान भी चलाया और ढलाव से मुक्त किया। उसकी जगह मॉर्डन कॉम्पेक्टर लगाए हैं। जिनसे कूड़ा बेहतर ढंग से उठाया जा रहा है। कबाड़ से ऐसे पार्क बनाए हैं, जिनको देखने दूसरे राज्यों और विदेशों से लोग आ रहे हैं।

भाजपा कुछ और जगह वेस्ट टू वंडर पार्क बनाने की योजना बनाई है। पार्कों का भी कायाकल्प कर दिया है। छह हजार पार्कों में ओपन जिम लगा दिए हैं जहां बच्चे, बूढ़े, युवा और महिलाएं सभी अपनी सेहत को बेहतर कर रहे हैं। इसके अलावा जन्म-मृत्यु और अन्य ट्रेड लाइसेंस ये सभी सुविधाएं ऑनलाइन कर दी हैं। ओपन रेस्त्रां को लाइसेंस देना शुरु किया है। ताकि लोग अपने घर की छतों और दुकानों के बाहर ओपन रेस्त्रां खोल सकें।

## अस्थायी कर्मचारियों को करेंगे नियमितः कांग्रेस

- 15 वर्षों में भाजपा ने की अस्थाई कर्मचारियों की अनदेखी : अनिल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम में कांग्रेस की सरकार बनने पर अस्थायी और अनुबंध पर काम करने वाले कर्मचारियों को नियमित करेगी।

पार्टी के नेता ने भाजपा और आम आदमी पार्टी पर हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा और केजरीवाल सरकार ने अपने पिछले कार्यकालों में अस्थाई, अनुबंधित कर्मचारियों को नियमित करने और बेरोजगार युवाओं को रोजगार देने का वादा किया था, जिसमें विफल साबित हुए हैं।

वर्ष 2017 के संकल्प पत्र में भाजपा ने निगम में अस्थाई कर्मचारियों को नियमित करने का वादा किया लेकिन वर्ष 2022 के वचन पत्र में अस्थाई कर्मचारियों को नियमित करने का कोई ब्यौरा नहीं होना, साबित करता है कि 15 वर्षों की सत्ता के बाद भाजपा ने स्वीकार कर लिया है कि वे भविष्य में अस्थाई कर्मचारियों का नियमित नहीं करेगी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष चौ. अनिल कुमार ने कहा कि कांग्रेस पार्टी निगम की सत्ता में आने पर सबसे पहले अस्थाई और अनुबंधित कर्मचारियों के हितों के संबंध में कदम उठाऐगी।

अस्थाई कर्मचारियों को नियमित किया जाऐगा। दलितों के कल्याण और विकास के लिए कांग्रेस की शीला सरकार के दौरान चलने वाली योजनाओं को फिर से लागू किया जाएगा। दलित और अल्पसंख्यक समुदाय के छात्रों को छात्रवृत्ति दी जाऐगी जिसे भाजपा और आम आदमी पार्टी ने पूरी तरह बंद कर दिया है।

## माकन की एलजी से मांग बिजली सब्सिडी की हो जांच



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अजय माकन ने सोमवार को दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना से आग्रह किया कि 5000 करोड़ रुपए के बिजली सब्सिडी घोटाले की केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से जांच कराई जाए। माकन ने कांग्रेस के दो अन्य नेताओं हारून यूसुफ एवं नरेंद्र नाथ के साथ उपराज्यपाल से मिले और अपनी मांग का ज्ञापन सौंपा। तीनों नेता शीला दीक्षित की अगुवाई वाली कांग्रेस सरकार में अलग अलग समय पर बिजली मंत्री रहे थे।उपराज्यपाल से मुलाकात के बाद माकन ने कहा, हमने उपराज्यपाल से मुलाकात कर मांग की है कि 5000 करोड़ रुपये के बिजली सब्सिडी घोटाले की जांच कराई जाए। हम यह भी चाहते हैं कि सब्सिडी का पैसा कंपनियों को नहीं, सीधे उपभोक्ताओं के खातों में भेजा जाए।

## जैन को हटाएं, अन्यथा अदालत या लोग हटा देंगे : खट्टर

- भाजपा उम्मीदवार के पक्ष में शास्त्री नगर में किया प्रचार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता मनोहर लाल खट्टर ने सोमवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर जेल में बंद आम आदमी पार्टी (आप) नेता सत्येंद्र जैन को मंत्रिमंडल से नहीं हटाने को लेकर निशाना साधते हुए कहा कि अगर वह ऐसा नहीं करते हैं तो



या तो अदालत या लोग पीटकर उन्हें हटा देंगे। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दर्ज धनशोधन के मामले में जैन 31 मई से तिहाड़ जेल में बंद हैं। खट्टर ने चार दिसंबर को होने वाले दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) चुनाव में शास्त्री नगर से भाजपा उम्मीदवार के पक्ष में चुनाव प्रचार करने के दौरान केजरीवाल पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि उन्हें धोखा देने और झूठ बोलने की आदत है।

हरियाणा के मुख्यमंत्री खट्टर ने अपने राज्य से दिल्ली को पानी की आपूर्ति और पराली जलाने के मुद्दों का उल्लेख करते हुए कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री के रूप में मैं इसका शिकार हुआ हूं। केजरीवाल पहले हरियाणा और पंजाब में पराली जलाने के मुद्दे को उठाते थे और दिल्ली में वायु प्रदूषण का स्तर बढ़ने पर इन राज्यों के किसानों को दोष देते थे।

## व्यापार मेले में स्वास्थ्य मंत्रालय उत्कृष्ट योगदान के लिए पुरस्कृत



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- स्वास्थ्य मंडप में 38,000 जांच और परामर्श व प्रशिक्षण के साथ किया जन सूचना का प्रसार

व्यापार मेला में स्वास्थ्य मंडप में करीब 38,000 जांच और परामर्श के साथ प्रशिक्षण का आयोजन कर जन सूचना और संपर्क की दिशा में उत्कृष्ट योगदान के लिए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय को पुरस्कृत किया गया।

स्वास्थ्य मंत्रालय के एक बयान में सोमवार को कहा गया कि प्रगति मैदान में आयोजित 41वें भारत अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला-2022 में स्वास्थ्य मंडप सबसे लोकप्रिय मंडपों में से एक था। बयान में कहा गया है कि 14 नवंबर से एक पखवाड़े के आयोजन में रोजाना भारी संख्या में लोगों की भीड़ रही।

प्रगति मैदान में मुख्य स्थल और तीन अलग शिविरों में विशेषज्ञों द्वारा जीवन रक्षक कौशल जैसे प्रशिक्षण प्रदान करने के साथ-साथ स्वास्थ्य मंडप विभिन्न लोक स्वास्थ्य मुद्दों पर जांच और परामर्श का केंद्र था।बयान में कहा गया कि स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के मंडप को रविवार को प्रगति मैदान में अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में जन सूचना और संपर्क की दिशा में उत्कृष्ट योगदान के लिए पुरस्कृत किया गया। बयान के अनुसार मंडल में 37,887 जांच, परामर्श और प्रशिक्षण आयोजित किए गए। बयान में कहा गया है कि ब्लड प्रेशर और ब्लड शुगर की जांच की संख्या सबसे अधिक क्रमशः 4,990 और 4,356 थी।

बयान में कहा गया कि लगभग 5,530 आगंतुकों ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (एनएचए) काउंटर का दौरा किया, जहां 1,110 आगंतुकों को उनके एबीएचए (आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अकाउंट) कार्ड मिले और एबीएचए पहचान पत्र प्राप्त करने का लाभ भी प्रदान किया गया।

## आफताब को ले जा रही वैन पर कार सवारों का हमला

**श्रद्धा हत्याकांड**

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- पुलिस को शव काटने के लिए इस्तेमाल किया गया हथियार मिला

श्रद्धा वालकर हत्याकांड में दिल्ली पुलिस को अहम सबूत मिला है। आरोपी आफताब अमीन पूनावाला ने जिस हथियार से श्रद्धा के शव के टुकड़े-टुकड़े किये थे। उस हथियार को बरामद कर लिया गया है। इसके साथ ही श्रद्धा की अंगूठी को भी पुलिस ने खोज निकाला है जिसे उसने दूसरी महिला को दे दिया था। पुलिस को अभी तक श्रद्धा वालकर की खोपड़ी और शरीर के अन्य हिस्से नहीं मिले हैं।

सूत्रों ने बताया कि पूनावाला के पॉलीग्राफ टेस्ट का तीसरा चरण रोहिणी स्थित फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला में सोमवार को पूरा हो गया। पूनावाला सुबह 9:50 बजे प्रयोगशाला पहुंचा और जांच सुबह 11 बजे शुरू हुआ। करीब पांच-छह घंटे की जांच



के शाम पौने सात पांच बजे आफताब को लेकर पुलिस जेल जा रही थी तभी रोहिणी स्थित फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला के बाहर कुछ हथियारबंद लोगों ने हमला कर दिया।

सूत्रों ने बताया कि शाम को एक कार ने पुलिस वैन को ओवरटेक किया और उसे रूकने पर मजबूर कर दिया। उसके बाद कुछ लोग कार से उतरे और पूनावाला को लेकर जा रही वैन पर हमला कर दिया। वैन को मौके से हटा लिया गया है। इस दौरान दो हमलावरों को हिरासत में ले लिया गया है और हथियार जब्त कर लिए गए हैं। उन्होंने बताया कि घटना शाम को छह बज कर करीब 45 मिनट पर हुई। इस तथा-कथित घटना के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। उनमें से एक वीडियो में देखा जा सकता है कि तलवारें लिए हुए हमलावरों को तितर-बितर करने के लिए एक पुलिसकर्मी अपनी रिवाल्वर निकाल रहा है।

एक क्लिप में कुछ हमलावरों को यह दावा करते हुए सुना जा सकता है कि वे दक्षिणपंथी समूह से संबंधित हैं और पूनावाला के टुकड़े-टुकड़े करके श्रद्धा वालकर की हत्या का बदला लेना चाहते हैं।

## ईमेल से स्कूल को दी बम रखने की धमकी

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस को सोमवार को एक ईमेल मिला जिसमें दक्षिण दिल्ली में स्थित एक स्कूल में बम रखे होने की सूचना दी गई थी। अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि सोमवार को मिले ईमेल में सादिक नगर में स्थित इंडियन पब्लिक स्कूल में बम रखे होने की सूचना दी गई थी।

पुलिस ने बताया कि स्थानीय पुलिस को सूचना दी गई और बम निष्क्रिय करने वाला दस्ता और खोजी कुत्तों का दस्ता मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि स्कूल परिसर को खाली करवाकर उसकी गहन तलाशी ली गई। हालांकि, वहां से कुछ भी बरामद नहीं हुआ। अधिकारी ने बताया कि यह किसी की शरारत मालूम होती है।

## इस साल डेंगू के 3300 मामले सामने आए

- नवंबर के शुरुआती साढ़े तीन सप्ताह में 1100 नए केस

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में नवंबर के पहले साढ़े तीन सप्ताह में डेंगू के 1,100 से अधिक मामले सामने आए हैं, जिससे इस साल सामने आए इसके कुल मामले बढ़कर 3,300 से अधिक हो गए हैं।

यह जानकारी सोमवार को दिल्ली नगर निगम द्वारा जारी एक रिपोर्ट से मिली। इस साल अक्टूबर में डेंगू के 1,238 मामले सामने आए थे। 18



नवंबर तक डेंगू के मामलों की संख्या 3,044 थी और तब से 25 नवंबर तक 279 और मामले सामने आए हैं।

दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार, दिल्ली में इस साल मलेरिया के 230 मामले और चिकनगुनिया के 44 मामले भी सामने आए हैं। रिपोर्ट के अनुसार सामने आए कुल 3,323 मामलों में से 693 सितंबर में आए। रपोर्ट में कहा गया है कि 2017 में, दिल्ली में एक जनवरी से 25 नवंबर की अवधि में 4,645 मामले सामने आए थे। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस साल अब तक इस बीमारी से किसी की मृत्यु नहीं हुई है, जबकि 2021 में डेंगू से 23 लोगों की मौत हुई थी।

2015 में, दिल्ली में डेंगू का व्यापक प्रकोप देखा गया था, तब अक्टूबर में मामलों की संख्या 10,600 पार हो गई थी। सोमवार को जारी एमसीडी की रिपोर्ट के मुताबिक, दिल्ली में जनवरी में डेंगू के 23 मामले, फरवरी में 16, मार्च में 22, अप्रैल में 20, मई में 30, जून में 32, जुलाई में 26 और अगस्त में 75 मामले सामने आए थे। एमसीडी की रिपोर्ट में कहा गया है कि इस साल 18 नवंबर तक।,67,319 घरों में मच्छरों के लार्वा पाए गए।

## आध्यात्मिक कार्यक्रम के लिए वन्यजीव अभयारण्य से आवाजाही की अनुमति

### वन और वन्यजीव विभाग ने सशर्त सड़क के इस्तेमाल करने ने की अनुमति दी : राधा स्वामी सत्संग ब्यास

- 2.5 लाख जमा करने और पांच हजार पौधे लगाने को कहा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली सरकार के वन विभाग ने हरियाणा के लोगों को एक आध्यात्मिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए असोला भाटी वन्यजीव अभयारण्य से गुजरने वाली सड़क पर वाहनों की आवाजाही की अनुमति दी है।

आयोजक राधा स्वामी सत्संग ब्यास ने कहा है कि वन और वन्यजीव विभाग ने उसे 2.5 लाख रुपए जमा करने और 5,000 पौधे लगाने की शर्त पर तीन दिवसीय कार्यक्रम के लिए सड़क का इस्तेमाल करने की अनुमति दी। वन्यजीव



संरक्षण कानून, 1972 के अनुसार मुख्य वन्यजीव वार्डन आवेदन पर किसी भी व्यक्ति को वन्यजीव के अध्ययन या जांच, फोटोग्राफी, वैज्ञानिक अनुसंधान, पर्यटन या वैध व्यवसाय के संचालन के लिए वहां प्रवेश करने या अभयारण्य में रहने वाले किसी भी व्यक्ति के साथ निवास करने की अनुमति दे सकता है। किसी अभयारण्य में प्रवेश करने या निवास करने का परमिट ऐसी शर्तों के अधीन जारी किया जाता है और इस तरह के शुल्क के भुगतान पर निर्धारित किया जा सकता है जिसका प्रावधान अधिनियम में है। सूत्रों ने कहा कि यह निर्णय आश्चर्यजनक है क्योंकि राधा स्वामी सत्संग ब्यास का दक्षिणी दिल्ली परिसर सीधे गुरुग्राम और फरीदाबाद से जुड़ा हुआ है।

उन्होंने कहा कि जिस सड़क के लिए अनुमति दी गई, उसका इस्तेमाल केवल गश्त के लिए किया जाता है। वन विभाग के एक सूत्र ने कहा, यह पहली बार है जब चार मीटर चौड़ी सड़क पर यातायात की अनुमति दी गई, जिसका इस्तेमाल केवल गश्त के लिए किया जाता है।

राधा स्वामी सत्संग ब्यास, भाटी, के महासचिव एचसी यादव ने कहा कि उन्होंने गुरुग्राम और फरीदाबाद के यात्रियों को लेकर यात्रा में आसानी के लिए अभयारण्य से गुजरने वाली सड़क का इस्तेमाल करने की अनुमति मांगी। उन्होंने कहा कि संगठन के दक्षिणी दिल्ली परिसर को गुरुग्राम और फरीदाबाद से जोड़ने वाली मुख्य सड़कों पर सत्संग के समय लंबा जाम रहता है।

यादव ने कहा, हमें 2.5 लाख रुपए जमा करने के बाद कार्यक्रम के लिए सड़क का इस्तेमाल करने की अनुमति दी गई थी। हमें 5,000 पौधे लगाने के लिए भी कहा गया है।

वन विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि शुल्क का भुगतान करने के बाद वाहन केवल दिन में अभयारण्य में प्रवेश कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि हालांकि, वाहन की क्षमता और अभयारण्य में प्रवेश करने के उद्देश्य का भी पता लगाने की जरूरत है।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रसिद्ध साहित्यकार हेमंत शेष बने नए अध्यक्ष



हेमंत शेष



अरविंद ओझा



दया शंकर तिवारी

**नई दिल्ली।** प्रसिद्ध साहित्यकार हेमंत शेष को देश की प्रतिष्ठित सांस्कृतिक और रचनात्मक संस्था 'लोकनायक जयप्रकाश राष्ट्रीय कला और संस्कृति प्रतिष्ठान' के चुनाव में सर्वसम्मति से नया अध्यक्ष चुना गया। वहीं अरविन्द ओझा को महासचिव, प्रो. दया शंकर तिवारी राष्ट्रीय सचिव, धर्मेंद्र नाथ ओझा सांस्कृतिक सचिव और बाबा विजयेंद्र ने मुख्य राष्ट्रीय सलाहकार हेमंत शेष को उनके संस्था के नए अध्यक्ष बनाये जाने की हार्दिक बधाई दी। इस अवसर पर संस्था के मुख्य कार्यकारणी सदस्य डॉ. राज मंगल यादव, साधना राणा, त्रिभुवन देव, विवेक कश्यप, अजय मिश्रा, संतोष योगा और हर्ष मेहता मौजूद थे।

### वीडियो लीकः जैन ने वापस ली अवमानना याचिका

**नई दिल्ली।** जेल में बंद मंत्री सत्येंद्र जैन ने अदालत में दायर उस याचिका को वापस ले लिया जिसमें प्रवर्तन निदेशालय के खिलाफ अवमानना कार्रवाई का अनुरोध किया गया है। जैन ने इस याचिका में ईडी पर अपनी जेल कोठरी के सीसीटीवी फुटेज मीडिया में लीक करने का आरोप लगाया है। जैन के अधिवक्ता ने विशेष न्यायाधीश विकास ढल से कहा कि इस मामले में राहत पाने के लिए वह उचित मंच पर जाएंगे, इसके बाद अदालत ने उन्हें याचिका वापस लेने की अनुमति दे दी। याचिका में आरोप लगाया गया है कि अदालत में शपथ पत्र देने के बावजूद ईडी ने राजनेता के उस सीसीटीवी फुटेज को लीक किया जिसमें वह तिहाड़ जेल के अंदर मसाज कराते दिख रहे हैं। जमानत पर सुनवाई के दौरान ईडी ने जैन पर आरोप लगाया कि वह जेल में विशेष सुविधाएं हासिल कर रहे हैं।

### जूता कारखाने में लगी भीषण आग

**नई दिल्ली।** उत्तर पश्चिमी दिल्ली के केशव पुरम इलाके में जूता बनाने के एक कारखाने में सोमवार को भीषण आग लग गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अग्निशमन विभाग के अधिकारियों के मुताबिक, आग लगने की सूचना दोपहर 12 बजकर करीब 25 मिनट



पर मिली और दमकल की 27 गाड़ियां मौके पर भेजी गईं। उन्होंने कहा कि केशव पुरम औद्योगिक क्षेत्र में सी-46 लॉरेंस रोड पर हुई इस घटना में अभी तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

### आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** मादीपुर में आयोजित आम आदमी पार्टी (आप) की सभा में निलंबित आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के एक वर्ग ने कथित तौर पर प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन का वीडियो सोमवार को सोशल मीडिया पर सामने आया। इस वीडियो में निलंबित आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को दिल्ली सरकार और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ नारे लगा रहे और पूछ रहे हैं कि उन्हें अचानक बर्खास्त क्यों किया गया।

दिल्ली राज्य आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायक संघ की सदस्य वृशाली श्रुति ने मीडिया से बातचीत में बताया कि उनका विरोध प्रदर्शन चार दिसंबर को होने वाले दिल्ली नगर निगम के चुनाव तक जारी रहेगा। इस घटना पर आप की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं मिल सकी है। डीएसएडब्ल्यूएचयू एमसीडी चुनावों के लिए आप और भारतीय जनता पार्टी का बहिष्कार अभियान चला रहा है। इससे पहले, डीएसएडब्ल्यूएचयू ने केजरीवाल की मौजूदगी में पहाड़गंज में आप का चुनाव कार्यालय खोलने पर विरोध प्रदर्शन किया था।

# भारतीय नौसेना की मैराथन टीम का विधायक सिंगला ने किया स्वागत

## देश में 1500 किमी की मैराथन पर निकली है टीम

## लेफ्टिनेंट कमांडर देवदत्त शर्मा के नेतृत्व में 35 दिन में पूरी की जाएगी मैराथन

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


गुरुग्राम पहुंची भारतीय नौसेना की मैराथन टीम का स्वागत करते विधायक सुधीर सिंगला।

**देशभर** में 1500 किलोमीटर की मैराथन पर निकली भारतीय नौसेना की टीम सोमवार को गुरुग्राम पहुंची। टीम ने यहां सिविल लाइन स्थित विधायक सुधीर सिंगला से उनके कार्यालय में मुलाकात की। इस मैराथन के लिए विधायक ने नौसेना के जवानों को बधाई और शुभकामनाएं दी।

लेफ्टिनेंट कमांडर देवदत्त शर्मा के नेतृत्व में भारतीय नौसेना की मैराथन टीम 1500 किलोमीटर की मैराथन का 35 दिन में पूरा करने का लक्ष्य है। इस मैराथन का उद्देश्य आजादी का अमृत महोत्सव के तहत भारतीय नौसेना द्वारा 1971 का युद्ध विजय और युवाओं को देश की सेनाओं के प्रति जागरूक करने के साथ युवाओं को नशा मुक्ति के प्रति जागरूक करना, लोगों को अच्छे स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना, लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना, लोगों को योग के प्रति जागरूक करना, स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत के लिए जागरुक करना है। विधायक सुधीर सिंगला ने टीम का स्वागत करते हुए कहा कि नौसेना के जवान देश की रक्षा के साथ देश में जागरुकता के मिशन पर निकले जवान बधाई के पात्र हैं। यह हमारे देश की संस्कृति और महानता है कि देश का हर नागरिक राष्ट्र प्रथम की भावना से काम करता है।

### हरियाणा के कई जिलों से गुजर रही है मैराथन

**मैराथन** टीम दिल्ली, हरियाणा, चंडीगढ़ के जिलों से गुजर रही है। मैराथन की शुरुआत 30 अक्टूबर 2022 को नई दिल्ली इण्डिया गेट स्थित राष्ट्रीय युद्ध स्मारक से हुई थी। इसके बाद सोनीपत, पानीपत, करनाल, यमुनानगर, पंचकूला, चंडीगढ़, अम्बाला, कुरुक्षेत्र, कैथल, जींद, बरवाला, अग्रोहा, फतेहाबाद, सिरसा, हिसार, खरबला, भिवानी, चरखी दादरी, महेंद्रगढ़, नारनौल, रेवाड़ी, नूह, पलवल, फरीदाबाद यह मैराथन पहुंची। सोमवार को फरीदाबाद से मैराथन गुरुग्राम पहुंची तो विधायक सुधीर सिंगला ने मैराथन का स्वागत किया। यहां से चलकर झज्जर, सीसर खास, रोहतक, बहादुरगढ़, दिल्ली होते हुए मैराथन 4 दिसंबर को नैवी दिवस पर नई दिल्ली में राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर संपन्न होगी।

# विकास कार्यों के लिए विधायक का हुआ अभिनंदन

## विधायक ने भविष्य में भी इसी तरह से विकास कराने की कही बात

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**गुरुग्राम** की जनता ने शहर में हो रहे विकास कार्यों पर संतुष्टि जाहिर करते हुए मुहर लगाई है। गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला का शहर में विकास कार्य कराने पर लक्ष्मण विहार में स्वागत, अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर बोलते हुए विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि जनप्रतिनिधि कोई भी हो, उसकी सफलता तभी मानी जा सकती है जब जनता उसे पसंद करे।

उनका प्रयास यही रहता है कि जनसमस्याओं को जल्द से जल्द दूर करके जनता को राहत दी जाए। हर स्तर पर उन्होंने जनता की समस्याओं को उजागर भी किया और उनका समाधान भी किया। विधानसभा में उन्होंने गुरुग्राम की आवाज उठाई है। विधायक ने कहा कि वे समय-समय पर जनता से शहर के विकास के लिए सुझाव भी मांगते रहे हैं, ताकि यह पता लग सके कि किस क्षेत्र में किस तरह के कार्य किए जाने हैं। जनता की समस्याएं सुनने के लिए उन्होंने अधिकारियों के साथ मिलकर दरबार भी लगाए।

इस दौरान काफी समस्याएं मौके पर ही सुलझा दी गई। उन्होंने कहा कि किसी भी कार्य को करने के लिए उसके प्रति सकारात्मक सोच जरूरी है।


लक्ष्मण विहार में अभिनंदन समारोह का उद्घाटन करते विधायक सुधीर सिंगला।

कार्यक्रम में गुरुग्राम के पूर्व डिप्टी मेयर परमिंदर कटारिया, पूर्व पार्षद मंगतराम बागड़ी, बलजीत बसवाल, जगदीश रावत, अनिल बाबा, वीरेंद्र दहिया, राजेश दहिया, सतबीर जांगड़ा, मनोज वर्मा, विशाल ओरी, विकास गुप्ता, खवेंद्र चौहान, पुनीत नोखवाल, जसवंत सिंह, सैयद ईआनत, राकेश महला, सोनू खाती, सुजीत प्रधान आदि मौजूद रहे।

### रेल विहार सोसायटी में गेट व बूम बैरियर का किया उद्घाटन

**विधायक** सुधीर सिंगला ने रेल विहार सोसायटी में नवनिर्मित सोसायटी के सौंदर्यकरण के लिए गेट और स्वचालित बूम बेरियर गेट का उद्घाटन किया। इससे लोगों को सुविधा होगी।

इस दौरान विधायक ने कहा कि रिहायशी सोसायटियों में सभी सुविधाएं होना आवश्यक है। इन सुविधाओं में किसी तरह की कोई कमी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि काम चाहे निजी स्तर पर हों या सरकार के स्तर पर, उन कार्यों में निर्माण सामग्री समेत बाकी सभी प्रोडक्ट गुणवत्ता के होने चाहिए। घटिया सामग्री से नागरिकों की जान खतरे में नहीं डालनी चाहिए। कार्यक्रम में अशोक त्यागी, सोसायटी की प्रधान सुनीता यादव, सचिव रश्मि गोयल, अनिल आर्य व सोसाइटी की कार्यकारिणी एवं काफी संख्या में सदस्य मौजूद थे।

# मां ने बेटी को माना बोझ, डेरा प्रेमी ने दिखाई ममता

## नवजात बेटी को गोद लेने वाले परिवार की हो रही वाहवाही

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम


बच्ची के साथ संजू इंसा व सुजान बहन सुदेश इंसा।

**बेटियों** को बचाने के लिए डेरा सच्चा सौदा प्रमुख संत डा. गुरमीत राम रहीम सिंहजी इंसा की मुहिम को आगे बढ़ाते हुए डेरा से जुड़े परिवार ने एक ऐसी बेटी को गोद लिया, जिसे मां बीमारी की हालत में अस्पताल में ही छोड़ गई।

शीतला माता मंदिर के ठीक सामने शीतला कालोनी निवासी संजू इंसा व उनका परिवार काफी समय से डेरा सच्चा सौदा से जुड़ा है। संजू इंसा गुरुग्राम में आशा वर्कर हैं। उनके पास एक महिला की डिलीवरी का केस था। सात माह की गर्भवती महिला को घर पर ही (प्री-मैच्योर शिशु) डिलीवरी हुई। महिला ने बेटी को जन्म दिया। बेटी पैदा होते ही मां की हिम्मत टूट गई, क्योंकि महिला को पहले से तीन बेटियां हुई थी, जिनमें से एक का निधन हो चुका है। नवजात बच्ची को जान का खतरा था, ऐसे में उसे संजू इंसा ने एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। बच्ची की मां के पास इतने पैसे नहीं थे कि वह अस्पताल का खर्च उठाती तो संजू इंसा ने ही उसका खर्चा उठाया।

बच्ची को अस्पताल में ही छोड़ गई मां एक दिन की बच्ची की मां उसे अस्पताल में ही छोड़कर चली गई। प्राइवेट अस्पताल में अधिक खर्चा होने के चलते डेरा प्रेमी संजू इंसा ने बच्ची को नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया। बच्ची को पीलिया हो गया था। बड़ी मुश्किल से उसकी जान बची। इसके बाद परिवार ने महिला के घर जाकर संपर्क किया। जब वह बच्ची लेने को तैयार नहीं हुई तो संजू इंसा, उनके पति सुभाष इंसा और सास कमला देवी इंसा ने गुरूजी की शिक्षाओं पर अमल करते हुए बच्ची को खुद पालने का मन बना लिया। इसके लिए बच्ची के परिवार के साथ कानूनी रूप से बच्ची को गोद लेने की तैयारी की गई। सभी कागजात पूरे करवाकर डेरा परिवार ने बच्ची को गोद लेकर उसकी परवरिश शुरू की। पैदा होने के साथ ही परिवार के पास रह रही बच्ची आज 10 महीने की हो चुकी है। बच्ची थोड़ी बीमार जरूर है, लेकिन डेरे से जुड़ा परिवार उसका इलाज करा रहा है। उसे बेटी की तरह पाल रहा है। संजू इंसा ने बताया कि उनके 17 साल व 14 साल के दो बेटे हैं। इस बच्ची को भी उन्होंने बेटी मान लिया है। अब उनके तीन बच्चे हैं। बच्ची के उपचार और संभालने में उनकी ननद सुजान बहन सुदेश इंसा ने भी सहायता की है।

**ऑनलाइन गुरुकुल में गुरूजी से की थी बात** : संजू इंसा व सुजान बहन सुदेश इंसा ने गुरुग्राम के फरूखनगर में 20 नवम्बर 2022 को ऑनलाइन गुरुकुल सत्संग कार्यक्रम में गुरूजी से बच्ची को गोद लेने और बच्ची की बीमारी के बारे में बात की थी कि आपजी के दिए संस्कारों पर चलकर उन्होंने बच्ची को अपनाया है। आशीर्वाद दें कि बच्ची का पालन-पोषण करके अच्छी इंसान बनाएं। गुरूजी ने इस नेक कार्य के लिए परिवार की खूब प्रशंसा की और बच्ची व परिवार को अपना पावन आशीर्वाद दिया। साथ ही बच्ची का अच्छा उपचार कराने की बात कही।

# क्रिकेट: आईएमए ने बांड नीति का विरोध जताया

## चिकित्सकों ने क्रिकेट के सामान पर अपनी मांगें लिखकर विरोध जताया

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**हरियाणा** में डॉक्टर्स की बॉन्ड नीति के विरोध में जारी प्रदर्शनों के बीच यहां आईएमए गुड़गांव की ओर से भी प्रदर्शन किया जा रहा है। चिकित्सकों ने सेक्टर-63 में एक क्रिकेट के मैदान पर जाकर क्रिकेट खेल के सामान पर अपनी मांग लिखकर विरोध जताया।

आईएमए गुड़गांव अध्यक्ष डॉ. एनपीएस वर्मा ने कहा कि हरियाणा के सभी शहरों में विरोध-प्रदर्शन हो रहे हैं। आईएमए के राष्ट्रीय अध्यक्ष छात्रों को समर्थन देने पहुंचे। हरियाणा के सरकारी मेडिकल कॉलेज के छात्र 27 दिनों से बॉन्ड नीति के खिलाफ आंदोलन कर रहे हैं। इसमें गुरुग्राम के डॉक्टर भी साथ हैं और सरकार की नीति को गलत बता रहे हैं।


गुरुग्राम में हरियाणा सरकार की डॉक्टर्स के साथ बॉन्ड नीति का विरोध जताते डॉक्टर।

गुड़गांव सचिव डॉ. सारिका वर्मा ने कहा हरियाणा के सरकारी मेडिकल कॉलेज की फीस कुछ वर्ष पहले 80 हजार से 4 लाख कर दी गई थी। अब अचानक हर साल की मेडिकल की पढ़ाई के लिए 10 लाख रुपये का बॉन्ड बैंक के साथ भरवाया जा रहा है। गरीब और मध्यम वर्ग बच्चों के लिए डॉक्टर बनना अब नामुमकिन हो जाएगा।

डॉ. दीपक भाटिया ने कहा कि 7 साल का बॉन्ड देश में कहीं भी नहीं लागू है तो हरियाणा सरकार को ऐसी बॉन्ड पॉलिसी बनाने की क्या मजबूरी है। डॉ. संजीव चौधरी ने कहा कि एमबीबीएस कर के छात्र 7 साल की नौकरी करेंगे या पोस्ट ग्रेजुएशन की पढ़ाई करेंगे। इस तरह की बॉन्ड पॉलिसी बेबुनियाद है। हरियाणा सरकार को तुरंत प्रभाव से इसे वापस लेना चाहिए। विरोध प्रदर्शन में डॉ. वंदना नरूला, डॉ. ज्योति यादव, डॉ. विनीता यादव, डॉ. श्रीभगवान, डॉ. निखिल, डॉ. राकेश पाराशर शामिल रहे।

# संक्षिप्त समाचार

## योगेश्वर सिंह को भारत का सर्वश्रेष्ठ जिम्नास्ट घोषित


खिलाड़ी योगेश्वर के साथ हरियाणा जिम्नास्टिक एसोसिएशन के महासचिव संदीप कुमार।

**गुरुग्राम।** हरियाणा के जिम्नास्टिक के खिलाड़ी योगेश्वर सिंह ने ऑल अराउंड बेस्ट जिम्नास्ट का खिताब जीता है। इसके साथ ही योगेश्वर सिंह को भारत का सर्वश्रेष्ठ जिम्नास्ट घोषित किया गया है। दूसरे स्थान पर रेलवे के सिद्धार्थ वर्मा रहे। तीसरे स्थान पर भास्कर दास सर्विसेज से रहे है। सीनियर नेशनल प्रतियोगिता पंजाब के फगवाड़ा में जिम्नास्टिक फेडरेशन ऑफ इंडिया व पंजाब जिमनास्टिक्स एसोसिएशन के द्वारा लवली प्रोफेसनल यूनिवर्सिटी में 26 से 29 नवंबर में आयोजित करवाई जा रही है। योगेश्वर सिंह ने 77.94, सिद्धार्थ वर्मा ने 75.33 व भास्कर दास ने 74.30 अंक प्राप्त किये। इस सफलता पर हरियाणा जिम्नास्टिक एसोसिएशन के प्रधान सूरज पाल अम्मू ने बधाई दी है और आगामी प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दी। इस सफलता पर परस राम द्वारा अपनी शुभकामनाएं दीं। हरियाणा जिम्नास्टिक एसोसिएशन के महासचिव संदीप कुमार को सूरज पाल अम्मू ने बधाई देते हुए उनकी पूरी टीम की प्रशंसा की।

## सेक्टर-9 महाविद्यालय में छात्राओं ने किया मार्शल कला का प्रदर्शन



**गुरुग्राम।** राजकीय महाविद्यालय सेक्टर-9 में महिला प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित दस दिवसीय आत्मरक्षा कार्यशाला के अंतिम दिन छात्राओं ने मार्शल कला का प्रदर्शन किया। इस कार्यशाला में छात्राओं ने दस दिनों तक अपनी रक्षा करने के गुर सीखे। महाविद्यालय की उपप्राचार्य डॉ. कृष्णा मल्हान ने छात्राओं को हर अवस्था में आत्मविश्वास बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। डॉ. मल्हान ने कहा कि जीवन में किसी भी समय आत्मरक्षा की आवश्यकता पड़ सकती है। समाज में अनेक असामाजिक तत्व छात्राओं को परेशान कर सकते हैं। उनसे बचने के लिए स्वयं ही हौसला दिखाना होगा। इसी उद्देश्य के लिए इस कार्यशाला का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि सामाजिक बुराईयों से बचने के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए। इस अवसर पर टाइगर रोर मार्शल आर्ट अकादमी के निदेशक पवन कुमार ने छात्राओं की कला की प्रशंसा की। कहा कि छात्राओं ने बहुत कम समय में इस कला का सीख लिया है। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय की छात्राएं बहुत मेहनत करती हैं तथा जीवन में अवश्य ही प्रत्येक क्षेत्र में सफलता प्राप्त करेंगी। इस अवसर पर महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष डॉ. सत्यम ने कहा कि इस कला का निरंतर अभ्यास करते रहें। उन्होंने सभी सहयोगी प्राध्यापिकाओं का धन्यवाद प्रकट किया। इस अवसर पर डॉ. सुमन अहलावत, डॉ. अंजना शमा, पूजा सिंह, निशा रानी सहित महाविद्यालय की प्राध्यापिकाएं उपस्थित रहीं।

# सीरियल में महाराजा सूरजमल की खलनायक छवि दिखाने पर जाट समाज में रोष

## नाटक अहिल्याबाई होल्कर नाटक में खराब दर्शाई गई है छवि

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**सोनी** टीवी पर दिखाए जा रहे अहिल्याबाई होल्कर नामक सीरियल में महाराजा सूरजमल की छवि एक खलनायक के तौर पर दिखाई गई है, जो एक निंदनीय व अपराधिक कुकृत्य है। इससे जाट समाज में भारी रोष है। जाट समाज के लोगों ने कहा है कि महाराजा सूरजमल की छवि के साथ खिलवाड़ करने की कुचेष्ठा को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इससे लेकर सोमवार को जाट स्वाभिमान समिति गुड़गांव के अध्यक्ष महिपाल सिंह के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मण्डल ने उपायुक्त से मिलकर मुख्यमंत्री हरियाणा के नाम एक ज्ञापन दिया। जिसमें समस्त जाट समाज ने अहिल्याबाई होल्कर सीरियल के निर्माता निदेशक लेखक, कलाकारों व सोनी टीवी के मालिक के खिलाफ तुरंत एफआईआर दर्ज करने की मांग की। साथ ही यह भी अनुरोध किया कि तुरंत सोनी टीवी के मालिक समस्त जाट समाज से माफी मांगे। अन्यथा इसके दूरगामी परिणाम होंगे। इसी संदर्भ में प्रतिनिधि मण्डल ने डीसीपी वेस्ट दीपक सहारन को भी ज्ञापन देकर आग्रह किया कि दोषियों के विरूद्ध तुरंत दण्डनीय धाराओं में मामला दर्ज किया जाए तथा इस बारे में जाट समाज को अवगत करवाया जाए। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता निहाल सिंह धारीवाल ने उपायुक्त निशांत कुमार यादव से कहा कि यदि इस मामले में तुरंत कोई कार्यवाही नहीं की गई तो वे इस पर कानूनी कार्यवाही करने पर बाध्य होंगे। समस्त जाट एवं उस विचारधारा को मानने वाले समस्त अधिवक्ता कोर्ट में एक दिन की सांकेतिक हड़ताल करेंगे।


सोनी टीवी के विरोध में डीसी को ज्ञापन सौंपते जाट स्वाभिमान समिति गुड़गांव के सदस्य।

जाट स्वाभिमान समिति के संयोजक आजाद सिंह नेहरा ने कहा कि महाराजा सूरजमल एक अजय योद्धा थे, जो कभी किसी युद्ध में नहीं हारे। उन्होंने लाल किले को दो बार फतह किया और इसका उदाहण लाल किले के दरवाजे भरतपुर के किले में सबूत के तौर पर आज भी रखे हुए है। जाट स्वाभिमान समिति के महासचिव आरएस दहिया ने कहा कि जाट समाज का दिल बहुत बड़ा है। सोनी टीवी किसी को भी महिमा मण्डित करे, लेकिन जाट समाज के इतिहास से खिलवाड़ करना व महाराजा सूरजमल की छवि को खराब करना बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# एडीटीयू ने गुवाहाटी में एचआर कॉन्क्लेव 2.0 आयोजित किया

## एक्सपर्ट ने अपस्किलिंग फ्लेक्सिबल वर्क अरेंजमेंट और कार्यस्थल में विविधता और समावेशन का सपोर्ट किया

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**असम** डाउन टाउन यूनिवर्सिटी (एडीटीयू) ने 26 नवंबर को एनुअल नेशनल लेवल एचआर कॉन्क्लेव 2.0 का आयोजन गुवाहाटी में किया। जिसमें इस बात पर चर्चा की गई कि कैसे एचआर लीडर्स को नई वास्तविकताओं के अनुकूल होने के साथ-साथ भविष्य के लिए खुद को तैयार रखने और करने की आवश्यकता है। होटल विवांता, गुवाहाटी में आयोजित कॉन्क्लेव में देश के टॉप एचआर हेड, स्टाफिंग मैनेजर, इंडस्ट्री लीडर्स, एंटरप्रेन्योर और सोशल स्किलिंग ऑर्गेनाइजेशन को एक साथ आए और उन्होंने एचआर के लेटेस्ट ट्रेंड और प्रैक्टिस, बेहतर कार्य करने के प्रभावी तरीकों के बारे में अपने अनुभवों और विचारों को को साझा किया।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन और एडीटीयू के मैनेजिंग ट्रस्टी जौतिष्मान दत्ता के स्वागत भाषण के साथ हुई, जिसके बाद कुलपति प्रो. (डॉ.) नारायण चंद्र तालुकदार ने एडीटीयू के बारे में परिचयात्मक भाषण दिया। एडीटीयू के मैनेजिंग ट्रस्टी जौतिष्मान दत्ता ने अपने स्वागत भाषण में कहा, एकेडमिक और इंडस्ट्री दो अलग-अलग दुनिया हैं जो अलग-अलग तरह से काम करती हैं। हालांकि, बाहर की दुनिया में आ रहे तेजी से बदलाव इन दो अलग-अलग




दुनियाओं को एक साथ आने और वास्तविक दुनिया की चुनौतियों को हल करने के लिए मजबूर कर रही है। हालांकि शिक्षण संस्थान लाखों युवाओं को प्रशिक्षण दे रहे हैं, फिर भी कॉर्पोरेट अक्सर शिकायत कर रहे हैं कि उन्हें नौकरी के लिए आवश्यक कौशल और प्रतिभा नहीं मिल रही है। इस प्रकार, इंडस्ट्री की आवश्यकताओं के साथ करिकुलम डिजाइन करना जरूरी हो गया है। भले ही भविष्य में मिलने वाली नौकरियों के नेचर के बारे में भविष्यवाणी करना मुश्किल है, लेकिन लोगों को नौकरियों के लिए तैयार करने के प्रयास जारी रखने चाहिए। मुझे उम्मीद है कि एडीटीयू एचआर कॉन्क्लेव 2.0 हमें उन तरीकों का पता लगाने में मदद करेगा कि एकेडमिक्स और इंडस्ट्री इस अंतर को पाटने के लिए एक साथ कैसे आ सकते हैं।

उद्घाटन सत्र के मुख्य वक्ता, आईटीसी होटल समूह के एग्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट और एचआर हेड संजय बोस ने वर्तमान व्यावसायिक परिदृश्य और नौकरियों की उपलब्धता के बारे में बात करते हुए टिप्पणी की, अधिक फोकस, गति, साहस और इनोवेशन के लिए जगह और आवश्यकता है। फ्लैक्सीबल लीडर रिकवरी को अपने संगठन, टीमों और हितधारकों के लिए एक यात्रा के रूप में देखते हैं।

# बीपीएलए, एएवाई और ओपीएच कार्ड धारकों को गेहूं के साथ मिलेगा बाजरा : डीसी

**मेवात।** उपायुक्त अजय कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम तथा प्रधानमन्त्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अन्तर्गत अलग-अलग श्रेणी में पात्र लाभार्थियों को नियमानुसार राशन की आपूर्ति जारी है। नवंबर माह में गेहूं के साथ बाजरा भी लाभार्थियों को मिलेगा। उन्होंने खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के अधिकारियों को राशन वितरण पर पूर्ण निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं।

डीसी अजय कुमार ने बताया कि इस बार राशन की सरकारी दुकानों से राशन लेने वाले सभी बीपीएलएएएवाई और ओपीएच कार्ड धारकों को सरकार द्वारा चालू माह के दौरान गेहूं के साथ बाजरा भी बिक्री यंत्र के माध्यम से प्रदान करने का निर्णय लिया गया है ताकि पात्र लाभार्थियों को सर्दी के मौसम में गेहूं के साथ बाजरे का पोषण मिल सके। उन्होंने राशन वितरण पर पूर्ण निगरानी रखने के लिए विभाग के सभी निरीक्षक और उप निरीक्षक को निर्देश दिए हैं कि वह अपने कार्यक्षेत्र के राशन वितरण पर पूर्ण निगरानी रखें ताकि कोई भी पात्र लाभार्थी राशन से वंचित ना रहें। इसके साथ.साथ सभी डिपो धारको को भी यह निर्देश दिए गए हैं कि वह कॉनफैड से अपना पूरा राशन प्राप्त करें। उसका शत-प्रतिशत वितरण पात्र उपभोक्ताओं में करना सुनिश्चित करें।

जिला खाद्य एवं पूर्ति अधिकारी राजेश्वर मुदगिल ने इस संदर्भ में जानकारी देते हुए बताया विभाग द्वारा गेहूं के साथ बाजरा भी संबंधित राशन डिपूओं पर भेजा जा रहा है। सभी एएवाई कार्ड धारक 17 किलो ग्राम बाजरा एक रुपया प्रति किलोग्राम की दर से तथा 18 किलोग्राम गेहूं दो रुपये प्रति किलोग्राम की दर से प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि इसके अतिरिक्त बीपीएल और ओपीएच कार्ड धारक 2.5 किलोग्राम बाजरा, अढ़ाई किलो ग्राम प्रति व्यक्ति एक रुपये प्रति किलो की दर से तथा 2.5 किलोग्राम गेहूं, अढाई किलो ग्राम, प्रति व्यक्ति दो रुपये प्रति किलोग्राम की दर से प्राप्त कर सकता है।

# एडब्ल्यूएस ने वॉटर पॉजिटिव होने का संकल्प लिया, ताकि 2030 तक अपने द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले जल से ज्यादा जल समाज को वापस लौटा सके

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

## जल पुनर्भरण के लिए एडब्ल्यूएस और वाटरएड का सहयोग जारी रहेगा

## इससे आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के समुदायों को प्रति वर्ष 650 मिलियन लीटर पानी मिलता रहेगा

**आज** एडब्ल्यूएस रिइन्वेंट में एमेजॉन.कॉम, इंक. कंपनी एमेजॉन वेब सर्विसेज, इंक ने घोषणा करके बताया कि यह साल 2030 तक वॉटर पॉजिटिव (वॉटर+) कंपनी बन जाएगी। समाज को अपने ऑपरेशंस में इस्तेमाल होने वाले जल से ज्यादा जल लौटाएगी। 2030 तक वॉटर+ बनने के प्रयास में एडब्लूएस चार मुख्य रणनीतियां चला रहा है। जिनमें वॉटर एफिशियंसी में सुधार, जल के सस्टेनेबल संसाधनों का इस्तेमाल, समाज में पुन: उपयोग के लिए जल की वापसी, और जल पुनर्भरण के प्रोजेक्ट्स में सहयोग करना शामिल है।

भारत में एडब्लूएस नॉनप्रॉफिट वाटरएड के साथ जल पुनर्भरण के प्रोजेक्ट्स में सहयोग कर रहा है, जिसमें आंध्र प्रदेश और हैदराबाद, तेलंगाना में समुदायों के लिए रेनवाटर हार्वेस्टिंग, ग्राउंडवॉटर रिचार्ज, और पाईप्ड वॉटर इंस्टॉलेशन शामिल हैं। इस गठबंधन की मदद से 420 वॉटर प्वाईंट इंस्टॉलेशन, 126 रेनवॉटर हार्वेस्टिंग प्रोजेक्ट्स, और 120 ग्राउंडवॉटर रिचार्ज संरचनाओं द्वारा समाज व स्कूलों को प्रतिवर्ष 650 मिलियन लीटर पानी उपलब्ध कराया जा रहा है। वॉटरएड जल संरक्षण की शिक्षा द्वारा समाज के 30,000 से ज्यादा सदस्यों के साथ सीधा संपर्क कर नागरिकों को स्वच्छ जल का संरक्षण, रेनवाटर हार्वेस्टिंग का इस्तेमाल और वॉटर ऑडिट करने के व्यवहारिक तरीके सिखाता है। जल की आपूर्ति, पुनर्भरण, और संरक्षण अभियानों से आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के 75,000 से ज्यादा लोगों को लाभ मिल चुका है। इस साल, वाटरएड के साथ एडब्ल्यूएस ने भारत में वॉटर.ओआरजी के साथ अपने गठबंधन की घोषणा भी की, जिसके तहत आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र और तेलंगाना के 210,000 से ज्यादा लोगों ने माईक्रोफाईनेंस का लाभ उठाया, और आसपास के लोगों को घरों में वॉटर पाईप कनेक्शन और टॉयलेट इंस्टॉलेशंस के लिए फाईनेंस कराने में मदद मिली। वॉटर.ओआरजी के साथ ये प्रोजेक्ट हर साल 500 मिलियन लीटर से ज्यादा स्वच्छ जल उन लोगों को उपलब्ध कराते हैं, जिन्हें पहले स्वच्छ जल उपलब्ध था। एडब्ल्यूएस के सीईओ, एडम सेलिपस्काई ने कहा, ''जल की कमी पूरी दुनिया की एक बड़ी समस्या है और आज वॉटर पॉज़िटिव की घोषणा के साथ हम इस तेजी से बढ़ती समस्या का समाधान करने में अपना योगदान दे रहे हैं।'' उन्होंने आगे कहा, ''कुछ ही सालों में दुनिया की आधी आबादी पानी की कमी वाले इलाकों में निवास कर रही होगी, इसलिए सभी लोगों को स्वच्छ जल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए हमें नए तरीके इनोवेट करने की जरूरत है, ताकि इस बहुमूल्य संसाधन के संरक्षण और पुन: उपयोग में मदद मिल सके। हमें अपने द्वारा अब तक की गई प्रगति पर गर्व है, लेकिन हमें मालूम है कि हम इससे भी ज्यादा कर सकते हैं। हम अपने क्लाउड ऑपरेशंस में वाटर स्टुअर्डशिप का नेतृत्व करने, और अपने ऑपरेशंस के करीब स्थित समुदायों को अपने द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले जल से ज्यादा जल लौटाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

पायनियर
नई दिल्ली, मंगलवार, 29 नवंबर, 2022



# बच्चों के लिए घातक साबित हो रही बढ़ती सर्दी

## निमोनिया से ग्रस्त करीब आधा दर्जन बच्चे हैं बीके में दाखिल

कविता। फरीदाबाद



बीके अस्पताल के बच्चा वार्ड में भर्ती बच्चे।



ओपीडी में बीमारियों से ग्रस्त बच्चों को गोद में लेकर बैठी महिलाएं।

**पिछले** कुछ दिनों से बढ़ रही सर्दी नौनिहालों के लिए घातक साबित हो रही है। जिसके कारण बच्चों की निमोनिया जैसी बीमारी अपनी चपेट में ले रही है। जिससे न सिर्फ शहर के सरकारी अस्पताल बल्कि निजी अस्पतालों में भी निमोनिया के मरीजों की संख्या बढ़ रही है। बादशाह खान अस्पताल के शिशु रोग वार्ड और अपातकालीन कक्ष में निमोनिया के आधा दर्जन से अधिक शिशु दाखिल हैं। अस्पताल के शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. विकास गोयल का कहना है कि निमोनिया आमतौर पर छोटे बच्चों को होता है।

पांच वर्ष से कम उम्र के ज्यादातर बच्चों को निमोनिया होने पर उन्हें सांस लेने में कठिनाई होती है। रोजाना करीब 50-60 मरीज इलाज के लिए अस्पताल की ओपीडी में आ रहे है। जिसमें बुखार, खांसी, जुकाम के अलावा निमोनिया के मरीज सामने आ रहे है। डॉ. गोयल ने बताया कि अधिकांश निमोनिया ग्रस्त बच्चों को अस्पताल में भर्ती करना पड़ता है। रोजाना चार से पांच मरीजों को भर्ती किया जा रहा है। अस्पताल के वार्ड में एनएच-तीन, संजय कालोनी, पल्ला, सुभाष नगर, गौच्छी इत्यादि कई इलाकों के बच्चे दाखिल हैं। बीके अस्पताल के बच्चा वार्ड में 17 में से करीब छह बच्चे निमोनिया ग्रस्त है।

**निमोनिया के लक्षण :** निमोनिया में बच्चों को बुखार होता है। ठंडक महसूस होती है। कंपकपाहट होती है। खांसी आने के अलावा तेजी से सांस लेने की समस्या होती है। घबराहट होना शुरू हो जाती है। उल्टी, सीने या पेट के निचले हिस्से में दर्द होना निमोनिया के लक्षण हैं।

**क्या है निमोनिया :** डॉ. विकास ने बताया कि निमोनिया होने पर फेफड़ों में संक्रमण फैल जाता है। जिसके कारण सांस लेने काफी तकलीफ होती है। निमोनिया में बच्चों के एक या दोनों फेफड़ों में पस और तरल पदार्थ भर जाते हैं। जोकि फेफड़ों को ऑक्सीजन ग्रहण करने में रुकावट पैदा करता है। यह संक्रमण बैक्टीरिया, वायरस, फंगल इंफेक्शन की वजह से होता है। कई बार जन्म के समय भी शिशु को निमोनिया का खतरा रहता है।

### विशेषज्ञों की राय



**डॉ. विकास** गोयल का कहना है कि सर्दी के मौसम में बच्चों को निमोनिया होने की आशंका बनी रहती है। निमोनिया से बचाने के लिए बच्चों को गर्म कपड़े पहना कर रखना चाहिए। मौसम परिवर्तन के साथ ही विशेष ध्यान रखें। निमोनिया के लक्षण दिखाई देने पर तुरंत डॉक्टरों की सलाह लेनी चाहिए।

# व्यापारी की हत्या कर बदमाशों ने शव को जलाने का किया प्रयास

## आईएमटी में परचून की दुकान चलाने वाले व्यक्ति की अज्ञात लोगों ने की हत्या

पायनियर समाचार सेवा। बल्लभगढ़



बीके अस्पताल की मोरची के बाहर खड़े शेका कुल मृतक के परिजन।

**बल्लभगढ़** के गांव कौराली से जुन्हैड़ा की ओर जाने वाले रास्ते से पुलिस ने सोमवार सुबह लोगों की सूचना पर एक व्यक्ति का अधजला शव बरामद किया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसकी शिनाख्त करने के प्रयास शुरू कर दिये।

उसी दौरान कौराली गांव निवासी एक युवक ने मौके पर पहुंच कर शव की पहचान अपने पिता के रूप में कर दी। मृतक व्यक्ति आइएमटी इलाके में परचून की दुकान चलाता था। बीती रात दुकान बंद करने के बाद के बाद मृतक अपने घर लौट रहा था। उसी दौरान अज्ञात लोगों ने उनकी हत्या करने के बाद मृतक की पहचान छिपाने के लिए शव को किसी ज्वलनशील पदार्थ डाल कर आग लगा दी। पुलिस ने फिलहाल अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

तिगांव थाना पुलिस के अनुसार सोमवार सुबह उन्हें सूचना मिली कि कौराली से जुन्हैड़ा गांव की ओर जाने रोड किनारे खेत में एक व्यक्ति का शव अधजली हालत में पड़ा है। जिस पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने आसापास के लोगों से शव की शिनाख्त कराई। मगर किसी ने शव की शिनाख्त नहीं की। कुछ समय बाद कौराली गांव निवासी राहुल ने शव की पहचान अपने पिता रविंद्र के रूप में की।

राहुल ने पुलिस को बताया कि उसके 45 साल के पिता रविंद्र आईएमटी एरिया में परचून की दुकान करते हैं। दुकान पर वह प्रतिदिन सुबह सात बजे जाते हैं और शाम को वापस सात से आठ बजे तक आ जाते हैं। रविवार शाम को उसके पिता घर नहीं आए तो उन्होंने उनकी तलाश शुरू की। इस दौरान उनका मोबाइल फोन भी बंद मिला। जिस पर परिजनों का शक गहरा गया और उन्होंने रविंद्र की खोजबीन शुरू की, मगर उनका कुछ पता नहीं चल गया।

सोमवार सुबह जुन्हैड़ा गांव निवासी एक व्यक्ति के खेत में अधजला शव पड़ा था। पता चलने पर राहुल ने मौके पर पहुंच कर मृतक की पहचान अपने पिता रविंद्र के रूप में कर। राहुल का आरोप है कि उसके पिता की हत्या कर शव को खुर्द बुर्द करने की नीयत से जलाया गया है।

तिगांव थाना प्रभारी अशोक कुमार ने बताया कि इस मामले में राहुल के बयान पर अज्ञात हत्यारों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए बीके अस्पताल भेजा है। शव अधजली हालत में मिला है। जिसे हत्यारों ने ज्वलनशीन पदार्थ डालकर जलाया है। एफएसएल और अपराध शाखा की टीम मामले की जांच पड़ताल कर हत्या के आरोपियों का सुराग लगाने का प्रयास कर रही है।

# पूर्व सांसद के खिलाफ दर्ज हुआ धोखाधड़ी का मामला

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**फरीदाबाद** लोकसभा सीट से चार बार सांसद रहे कांग्रेसी नेता अवतार भडाना पर ओल्ड फरीदाबाद निवासी एक व्यक्ति ने धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। अदालत के आदेश पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं दूसरी तरफ पूर्व सांसद ने इन आरोप को सीरे खारीज करते हुए बताया कि शिकायतकर्ता ने उनके साथ धोखाधड़ी की है।

थाना सेंट्रल में दर्ज मामले के मुताबिक ओल्ड फरीदाबाद के बस्सा पाड़ा में रहने वाले जवाहर बंसल ने अपनी शिकायत में कहा है कि उनके भाई कैलाश बंसल ने पूर्व सांसद अवतार भड़ाना से ढाई करोड़ रुपये में एक जमीन खरीदने का सौदा तय किया था। जमीन की रजिस्ट्री जवाहर बंसल के नाम पर होनी थी। रजिस्ट्री करवाते समय पता चला कि जिस जमीन का सौदा हुआ है, उसका पट्टा अवतार भड़ाना के बड़े भाई करतार भडाना के नाम पर है। जवाहर बंसल का आरोप है कि उस समय अवतार भडाना ने कहा था कि चुनाव आने वाले इसलिए उन्हें रुपयों की जरूरत है। बाद में वे अपने भाई करतार भडाना से पट्टा रद्द करवा देंगे। अवतार भडाना की बातों में आकर उन्होंने अपने व गौरव मक्कड़ नामक व्यक्ति के नाम रजिस्टरी करवा ली। लेकिन पट्टा रद्द न होने के बावजूद अवतार भडाना ने 50-50 लाख के दो चेक बैंक में डाल दिये। शिकायत करने पर पुलिस द्वारा कार्रवाई न करने पर उन्होंने अदालत में याचिका दायर कर दी। अदालत के आदेश पर पुलिस ने केस दर्ज किया है।

**मैं खुद पीड़ित हूं : अवतार भडाना**

**पूर्व** सांसद अवतार भडाना का कहना है कि वे इस मामले में खुद पीड़ित हैं। उन्होंने दोनों भाईयों से पांच करोड़ रुपये में जमीन का सौदा किया था। लेकिन कैलाश बंसल ने एक करोड़ के भुगतान पर ही रजिस्ट्री करवा ली। जबकि अन्य चेक बाउंस हो गए। उन्होंने छह महीने पहले पुलिस आयुक्त को लिखित शिकायत दी थी। लेकिन कार्रवाई न होने पर उन्होंने अदालत में केस दायर किया हुआ है।

# बढ़ा वायु प्रदूषण का स्तर: 314 पर पहुंचा एक्यूआई



मुजेसर थाने की सड़क पर उड़ती धूल

**फरीदाबाद।** जिले में पिछले दो दिनों से एयर क्वालिटी इंडेक्स खराब श्रेणी में बना हुआ था, लेकिन हवा की गति रुकने से इसमें वृद्धि होना शुरू हो गया है। सोमवार को यह बहुत खराब श्रेणी में पहुंच गया है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार सोमवार को फरीदाबाद का एक्यूआई 314 दर्ज किया गया, जो सामान्य से लगभग छह गुना अधिक है।

जिले में लंबे समय से प्रदूषण का स्तर खराब व बहुत खराब श्रेणी में बना हुआ है। दिवाली के बाद एक बार ही एक्यूआई माध्यम श्रेणी में पहुंचा है। प्रदूषण के स्तर में उतार-चढ़ाव की स्थिति बनी हुई है। हवा चलने की स्थिति में इसके स्तर में हल्की गिरावट देखी जाती है, लेकिन हवा रुकते ही यह बढ़ना शुरू हो जाता है। सोमवार की गति बहुत धीमी रही, जिससे एक्यूआई का स्तर बढ़ने लगा है। विशेषज्ञों के अनुसार ठंड के साथ नमी बढ़ रही है, जिससे प्रदूषित कण हवा में अधिक ऊपर तक नहीं उठ पाते हैं और यह जमीन के समीप आ जाते हैं। वहीं, हवा न चलने की स्थिति में प्रदूषित कण एक जगह से दूसरी जगह पर मूवमेंट नहीं कर पाते हैं, जिसके चलते एक्यूआई में वृद्धि हो रही है। पिछले तीन दिनों में फरीदाबाद का एक्यूआई 20 अंकों तक बढ़ गया है। शनिवार को यह 294 दर्ज किया गया था, जो रविवार को 300 तक पहुंच गया था और सोमवार को एक्यूआई 314 दर्ज किया गया। अलग-अलग क्षेत्रों की बात करें तो सेक्टर 16 क्षेत्र में 338, सेक्टर 11 में 325, सेक्टर 30 में 233 व एनआईटी क्षेत्र में 325 एयर क्वालिटी इंडेक्स दर्ज किया गया। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की रीजनल ऑफिसर स्मिता ने बताया कि हवा की गति थमी हुई है। ऐसे में एक्यूआई बढ़ रहा है। फिलहाल फरीदाबाद का एक्यूआई बहुत खराब श्रेणी में बना हुआ है।

# प्रिस्टीन केयर ने ग्रेट इंडियन पाइल्स स्टडी पेश की

## अध्ययन में सामने आया कि 72 प्रतिशत भारतीयों को पाइल्स के बारे में बात करने में आती है शर्म

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**भारतीयों** को 'पाईल्स' की समस्या के बारे में बात करने में या फिर डॉक्टर से परामर्श लेने में शर्म क्यों महसूस होती है। पाइल्स के बारे में जागरुकता बढ़ाने के प्रयास में, अग्रणी हैल्थकेयर प्रदाता, प्रिस्टीन केयर ने एक सोशल मीडिया अभियान शुरू किया है, जिसमें कंपनी के कर्मचारियों ने अपने लिंक्डइन बायो को 'वी क्योर पाईल्स' में परिवर्तित किया है, और यह जानने के लिए एक अध्ययन किया है कि पाइल्स के बारे में खुलकर बात क्यों नहीं की जाती है। यह अध्ययन 1000 से ज्यादा उत्तरदाताओं के बीच मेट्रो शहरों में आयोजित किया गया तथा इस डेटा का विश्लेषण प्रिस्टीन केयर लिब्रेट डेटा लैब द्वारा पाईल्स की शंकाओं और परामर्शों के साथ अब तक किया जा रहा है।

सर्वे में सामने आया कि 72 प्रतिशत भारतीयों का मानना है कि यदि कोई पाईल्स से पीड़ित है, तो उसका मजाक उड़ाया जाता है। 70 प्रतिशत से ज्यादा भारतीयों ने पाया कि फिल्मों/टीवी/सोशल मीडिया में या फिर जीवन की दैनिक घटनों में पाईल्स का उपयोग अपमानजनक रूप में किया जाता है। चौंकाने वाली बात है कि 40 प्रतिशत भारतीयों का मानना है कि पाईल्स का इलाज संभव नहीं, और यह आजीवन चलने वाली समस्या है। इस अध्ययन में यह भी सामने आया कि 20 प्रतिशत लोग मानते हैं कि पाईल्स यौन संक्रमण से हो सकता है, जबकि ज्यादातर लोगों में इस बीमारी के कारणों के प्रति जागरुकता पाई गई; 38 प्रतिशत ने कहा कि पाइल्स कब्ज के कारण होता है, और 34 प्रतिशत ने माना कि यह एक जीवनशैली की बीमारी है। कंपनी द्वारा पिछले एक साल में 42 से ज्यादा शहरों में प्रोक्टोलॉजी परामर्शों के साथ, प्रिस्टीन केयर- लिब्रेट डेटा लैब ने खुलासा किया कि पाईल्स के 80 प्रतिशत मरीज पुरुष हैं। 26 से 40 साल के आयु वर्ग में ज्यादातर भारतीय युवा पाईल्स की सर्जरी करा चुके हैं। प्रिस्टीन केयर द्वारा की गई 61 प्रतिशत पाईल्स सर्जरी इस विशेष आयु समूह के लोगों के लिए थीं। जिस क्षेत्र में सबसे ज्यादा संख्या में मामले सामने आ रहे हैं, उनमें दक्षिण 33 प्रतिशत के साथ सबसे ऊपर है, जिसके बाद पश्चिम में 25 प्रतिशत और उत्तर में 19 प्रतिशत मामले सामने आते हैं। शहरों के मामले में मुंबई, बैंगलोर, दिल्ली एनसीआर, और हैदराबाद में भारत में पाईल्स के सबसे ज्यादा मामले सामने आए। इन परिणामों के बारे में डॉ. वैभव कपूर, जनरल सर्जन एवं को-फाउंडर, प्रिस्टीन केयर ने कहा, ''शिथिल जीवनशैली, मोटापा, कम फाईबरयुक्त आहार, भारी वजन उठाना, और घंटों तक बैठे रहना भारतीय युवाओं में पाईल्स के बढ़ते मामलों का मुख्य कारण हैं। हमारे अध्ययन के मुताबिक इस बीमारी के साथ शर्म भी जुड़ी हुई है, और 72 प्रतिशत भारतीय मानते हैं कि पाईल्स का मजाक बनाया जाता है। इसीलिए लोग समय रहते इस बीमारी के लिए परामर्श नहीं लेते, और स्थिति गंभीर होती चली जाती है।

# रॉन्ग साइड चलने वालों के काटे चालान

**फरीदाबाद।** डीसीपी ट्रैफिक नीतीश अग्रवाल द्वारा रॉन्ग साइड और लाइन चेंज करने वाले वहानों के खिलाफ कार्रवाई के दिए गए दिशा निर्देश के तहत आज चालान किए गए हैं।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि डीसीपी ट्रैफिक के दिशानिर्देश तथा एसीपी ट्रैफिक विनोद कुमार के मार्गदर्शन में ट्रैफिक पुलिस द्वारा रॉन्ग साइड और लाइन चेंज करने वाले वहानों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए आज लाइन चेंज के 491, रॉन्ग साइड के 889 और पोस्टल के 14 चालान काटकर कानूनी कार्रवाई की गई है।

पुलिस प्रवक्ता ने कहा कि फरीदाबाद पुलिस द्वारा यातायात को सुधारने के लिए लगातार अभियान जारी है। जिसमें अभी कुछ दिनों पहले पटाखे छोड़कर ध्वनि प्रदूषण करने वाले बुलेट इंपाउंड का अभियान चलाया गया था। जिसमें साइलेंसर को मॉडिफाई करने वाले मैकेनिक के खिलाफ भी कानूनी कार्रवाई ही कार्यवाही की गई थी। फरीदाबाद पुलिस की अपील ट्रैफिक नियमों का पालन करें सुरक्षित रहें।

# बॉन्ड पॉलिसी के विरोध में उतरे निजी अस्पताल

## शहर के छोटे और बड़े सभी अस्पतालों व क्लीनिक में रही ओपीडी बंद

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



स्थित सूर्या ओर्थो अस्पताल में बंद ओपीडी।





अस्पतालों की ओपीडी में लगा पोस्टर।

**एमबीबीएस** छात्रों का विरोध बॉन्ड पॉलिसी को लेकर पिछले कुछ महीने से जारी है। छात्रों के सहयोग में सोमवार को इंडियन मेडिकल असोसिएशन (आईएमए) ने भी हड़ताल का आह्वान किया गया। जिला इकाई ने भी सोमवार को सुबह 8 बजे से लेकर शाम 8 बजे तक सभी अस्पतालों, क्लीनिक और नर्सिंग होम में हड़ताल करने का फैसला लिया।

जिसके तहत शहर के छोटे-बड़े अस्पतालों की ओपीडी पूरी तरह से बंद रही उनके बाहर नोटिस लगा हुआ था। हालांकि इस दौरान इनमें पहले से अपॉइंटमेंट लेकर आने वाले मरीजों को देखने का काम किया गया। लेकिन कुछ छोटे नर्सिंग होम व क्लीनिक में भी इसका मिला जुला असर देखने को मिला। कुछ जगहों पर ही क्लीनिक बंद रहे रहे। हालांकि मरीजों को कोई अधिक परेशानी नहीं हुई, क्योंकि अधिकांश मरीज बीके अस्पताल में इलाज करवाने को पहुंचे।

जानकारी के मुताबिक इंडियन मेडिकल एसोसिएशन का आह्वान था कि ओपीडी सेवाएं बंद रखी जाएं। गंभीर मरीजों को परेशानी न हो, इसके लिए इमरजेंसी सेवाएं नियमित रुप से जारी रखी जाएं। हालांकि अस्पतालों में इसका अधिक असर दिखाई नहीं दिया। बड़े निजी अस्पतालों में पहले से अपॉइंटमेंट वाले मरीजों को देखने के नाम पर ओपीडी सेवाएं भी जारी रखी गई। एशियन अस्पताल व फोर्टिस अस्पताल में रोजाना की तरह ओपीडी सेवाएं जारी रही। सर्वोदय अस्पताल में पहले से अपॉइंटमेंट लेकर आने वाले व दूर से आने वाले मरीजों को देखा गया। मेट्रो व एकॉर्ड अस्पताल में भी पहले से अप्वाइंटमेंट ले चुके मरीजों को डॉक्टरों ने देखा। इसी तरह अमृता अस्पताल में इमरजेंसी ओपीडी जारी रखी गई। सभी अस्पतालों में इमरजेंसी सेवाएं नियमित रूप से जारी रही। अस्पतालों में मरीजों की भीड़ रोजाना से कम रही। हालांकि सभी अस्पताल प्रबंधन की तरफ से आईएमए को अपना समर्थन होने की बात कही। शहर में छोटे नर्सिंग होम व क्लीनिक में हड़ताल का मिलाजुला असर देखने को मिला।

# नई शिक्षा नीति 2020 पर हुआ राष्ट्रीय सेमिनार

**फरीदाबाद।** डीएवी शताब्दी महाविद्यालय में भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद द्वारा प्रायोजित राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन आजादी के अमृत महोत्सव के तहत किया गया। इस सेमिनार का विषय '' उच्चतर शिक्षण संस्थाओं में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को लागू करने में चुनौतियाँ एवं अवसर'' रहा।

इस सेमिनार का शुभारम्भ मां शारदा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर एवं डीएवी गान से हुआ। सर्वप्रथम महाविद्यालय की कार्यवाहक प्राचार्या डॉ. सविता भगत ने सभी अतिथियों का महाविद्यालय के प्रांगण में आने पर हार्दिक स्वागत किया। डॉ. सविता भगत ने सेमिनार के विषय के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नई शिक्षा नीति का उददेश्य मनुष्य का बौद्दिक, भावनात्मक और आध्यात्मिक विकास करना है। उन्होनें नई शिक्षा नीति को छात्रों के शैक्षिक विकास के साथ-साथ उनके कौशल और नैतिक गुणों के विकास में उपयोगी बताया। सर्वे भवन्तु सुखिन: को शिक्षा का मूल उदद्देश्य बताया।

# साईधाम में धूमधाम से हुआ 25 जोड़ों का सामूहिक विवाह



**फरीदाबाद।** शिरडी साई बाबा टैम्पल सोसाइटी एवं रोटरी क्लब ऑफ दिल्ली साउथ सेंट्रल के सहयोग 25 जोड़ों का सामूहिक विवाह बड़ी धूमधाम से किया गया।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रोटरी क्लब ऑफ दिल्ली साउथ सेंट्रल के रोटेरियन उमाकांत गुप्ता, रोटेरियन धर्मेश मेहता, रोटेरियन मुकेश अग्रवाल, रोटरी क्लब फरीदाबाद एनआईटी विरेन्द्र मेहता, विपिन चन्दा, कुलदीप सिंह साहनी, राजन, अशिवनी झाम्ब, रोटरी क्लब फरीदाबाद संस्कार से मनोज गुप्ता, रोटरी क्लब फरीदाबाद संस्कृति से लव विज, रोटरी क्लब मिडटाउन से मनोहर पुनयानी, विधायक नरेन्द्र गुप्ता के भाई राकेश गुप्ता एवं लायनैस क्लब से ईशा गुप्ता, नीरज गुप्ता व अन्य गणमान्य व्यक्ति सम्मलित हुए व सभी का स्वागत अंगवस्त्र पहना कर किया गया। सभी ने साई धाम के कार्यों की प्रषंसा की एवं नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया। स्कूल के बच्चों द्वारा प्रस्तुत रंगरग सांकृतिक कार्यक्रमों ने सभी का मन मोह लिया।

# संक्षिप्त समाचार

## दिल्ली पब्लिक स्कूल अंडर-19 टीम में चैम्पियन बना





**फरीदाबाद।** सीबीएससी नोर्थ नॉन में फरीदाबाद का डीपीएस सेक्टर 19 ने चैम्पियनशिप अपने नाम की। इस प्रतियोगिता का आयोजन 26 नवंबर से 28 नवंबर को सोनीपत में स्थित एसएस इंटरनेशनल स्कूल में समापन हुआ। विजेता के नाम क्रमश: कृष्णा बजाज, राजवीर सिंह, रिजक कौर और राधिका शर्मा थी। अंडर-14 में एमवीएन सेक्टर-17 की टीम ने सैकेंड स्थान प्राप्त किया। विजेता के नाम जीरिम अग्रवाल, अरवन जैन, ध्रुव शर्मा एवं गौरांत जिंदल है। वहीं अंडर-14 में एमवीएन अरावली हिल्स ने थर्ड पोजिशन अपने नाम की। जिसमें विजेता के नाम आसमी, निकुंज खन्ना, वाची, गितांश फौगाट है। इस अवसर पर ऑल फरीदाबाद एसोसिएशन की सचिव अलका छिक्कारा ने विजेताओं को शुभकामनाएं दी है।

## मॉडल संस्कृति स्कूल में प्रदर्शनी का आयोजन





**फरीदाबाद।** राज्य के मॉडल संस्कृति उच्च माध्यमिक विद्यालय एनआईटी नंबर 3 में इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी वह बैंकिंग एंड फाइनेंस शकील विषयों की प्रोजेक्ट एग्जीबिशन का आयोजन किया गया। एग्जीबिशन का अवलोकन उप प्रधानाचार्य राजेश कुमार व अन्य प्रवक्ताओं ने किया। इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी के प्रवक्ता सुधीर सिंह व बैंकिंग एंड फाइनेंस की प्रवक्ता मनीषा के मार्गदर्शन में बच्चों ने अच्छे व बड़े ही सुंदर प्रोजेक्ट बनाएं। मुख्य रूप से 11वीं कक्षा की तबस्सुम, मेघा, प्राची ने यूजेस ऑफ़ इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी, वर्षा, हिमांशी व मोईन ने डिफरेंट टाइप ऑफ़ टोपोलॉजी, योगिता, खुशी सलोनी श्रुति ने होलोग्राम, रिया, प्रीति, शिवम, अभय, निधि व कनिष्का ने बिफोर एंड आफ्टर कैशलेस पेमेंट, चंदन, रितिक, राहुल, अजय ने कॅश काउंटिंग मशीन, विशाल, नितिन, लक्ष्य ने स्टॉक एक्सचेंज, राहुल, प्रेम गुलशन, निखिल ने मोड्स ऑफ़ कम्युनिकेशन प्रोजेक्ट बना कर भाग लिया।

## नव प्रयास ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन



**फरीदाबाद।** नव प्रयास सेवा संगठन और नेक काम संस्था द्वारा 76वां स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक एनआईटी 86 के पंडित नीरज शर्मा, विजय प्रताप सिंह के पुत्र विधान प्रताप सिंह, निर्वतमान पार्षद मनोज नासवा, भाई एडवोकेट राजेश खट्टर ने मुख्य रूप से शिरकत की। नेक काम संस्था के अध्यक्ष सुनील डूडेजा ने आए हुए सभी अतिथियों का पटका पहनाकर व बुके देकर स्वागत किया। इस मौके पर 38 रक्तवीरों ने रक्तदान किया। उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए विधायक नीरज शर्मा व वरिष्ठ कांग्रेस नेता विजय प्रताप सिंह के पुत्र विधान प्रताप सिंह ने कहा कि प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को वर्ष में कम से कम 4 बार अवश्य रक्तदान करना चाहिए। उन्होंने नेक काम संस्था के अध्यक्ष सुनील डूडेजा व नव प्रयास सेवा संगठन के अध्यक्ष सुनील यादव को बधाई देते हुए कहा कि ऐसी सामाजिक संस्थाओं के माध्यम से आम जन को रक्त उपलब्ध होता है। क्योंकि रक्त को किसी फैक्ट्री में नहीं बनाया जाता है। वह केवल मानव शरीर में ही बनता है। इस मौके पर नव सेवा संगठन से सुनील यादव, कुलदीप सिंह, ब्लड़ मोटिवेटर एवं समाजसेवी भुवनेश्वर हिन्दुस्तानी, अनिल यादव, महिला अध्यक्ष मनीषा सिंह, पुष्प लता, प्रदीप कुमार, संगठन के चेयरमैन महेश सैनी, पंडित अशोक तिवारी, सिद्ध पीठ महाकाली मंदिर के प्रधान राकेश कुमार रक्कू, संतोष शर्मा, पुरूष आयोग से नरेश मेंहदीरत्ता, गौरव कपूर, भगवान सिंह शेखावत, विनय कुमार, युवराज, डूडेजा, कुनाल कथूरिया, सुभाष डूडेजा सहित कई अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## सरकारी स्कूल में पुस्तकालय का उद्घाटन



**फरीदाबाद।** अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल की फरीदाबाद शाखा के सहयोग से समृद्ध राष्ट्र योजना के प्रोजेक्ट 'फीड द माइंड' के अन्तर्गत भतौला गांव के सरकारी स्कूल में पुस्तकालय का उद्घाटन किया गया। इस प्रोजेक्ट का लक्ष्य पुस्तकालय में उपलब्ध कराई गई ज्ञान वर्धक पुस्तकों के द्वारा विद्यार्थियों में बौद्धिक व नैतिक विकास तथा उन्नत जीवन निर्माण में अधिकाधिक सहयोग करना है। पुस्तकालय का लोकार्पण मानव सेवा समिति के अध्यक्ष कैलाश शर्मा द्वारा किया गया। इस शुभ अवसर पर तेरापंथी सभा के पूर्व अध्यक्ष रोशनलाल बोरड़; उपाध्यक्ष संजय दुगड़; सहमंत्री नवीन छाजेड़; तेयुप अध्यक्ष विवेक बैद, महिला मंडल अध्यक्ष सुमंगला बोर, मंत्री चंदा दुग, अंजु बैद, सुनीता नाहटा, सूर्यकांता बैद, ललिता बैद, सरिता भंसाली, खुशबू सेठिया, निकिता बेगवानी,करूणा आंचलिया पुनम बांठिया, अनु भंसाली, बबीता धारीवाल, पुजा दुग उपस्थित रहे। विद्यार्थियों को स्कूल के स्वेटर व फल भी दिए गए। संस्था द्वारा स्कूल हेड व समस्त स्टाफ का आभार प्रकट करते हुए सम्मान पट्टिका पहनाकर स्वागत किया गया।

## गीता जयंती समारोह में सामाजिक भागीदारी सुनिश्चित करें



**फरीदाबाद।** एडीसी अपराजिता ने लघु सचिवालय के बैठक कक्ष में जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव 02 से 04 दिसंबर तक धूमधाम से मनाने के लिए अधिकारियों, कर्मचारियों और धार्मिक तथा सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों की जिम्मेदारियां जबाबदेही के साथ तय की गई। तीन दिवसीय गीता जयंती महोत्सव सेक्टर-12 स्थित कन्वेंशन सेंटर में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में सभी सरकारी विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ-साथ सभी सामाजिक-धार्मिक संगठनों की भागीदारी भी सुनिश्चित की गई है। एडीसी अपराजिता आज सोमवार को जिला स्तरीय गीता जयंती समारोह की तैयारियों को लेकर लघु सचिवालय के बैठक कक्ष में उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा राज्य स्तरीय गीता जयंती महोत्सव कुरुक्षेत्र में आयोजित किया जा रहा है। इसके साथ ही प्रत्येक जिला में भी जिला स्तरीय तीन दिवसीय गीता जयंती महोत्सव आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि विश्व में सबसे बड़े धार्मिक ग्रंथ गीता का संदेश हरियाणा की मिट्टी से ही निकला है। ऐसे में जिला का प्रत्येक व्यक्ति अपने जीवन में गीता के संदेश को धारण करे और नई पीढ़ी तक हम इन विचारों को पहुंचाने का कार्य करें। उन्होंने कहा कि तीन दिन के इस महोत्सव के दौरान विभाग, सामाजिक व धार्मिक संगठन अपनी-अपनी प्रदर्शनी बेहतरीन प्रदर्शन के लिए लगाएंगे। उन्होंने कहा कि गीता जयंती महोत्सव का 12 दिसम्बर को सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ तीन दिवसीय गीता जयंती महोत्सव का भव्य शुभारंभ होगा। लोक कलाकारों और स्कूली बच्चों द्वारा गीता जयंती महोत्सव में अपनी-अपनी बेहतर रंगारंग सास्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएगी। उपायुक्त ने बताया कि दूसरे दिन श्रीमद् भागवद्गीता पर सेमिनार का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान वक्ता गीता पर अपने-अपने विचार रखेंगे। उन्होंने बताया कि तीसरे दिन उद्योगिक नगरी में दोपहर को शोभा यात्रा निकाली जाएगी। शोभा यात्रा सेक्टर -17 से शुरू होकर शहर के विभिन्न मार्गों से होती हुई एचएसवीपी कन्वेंशन सेंटर सेक्टर-12 पहुंचेगी।

# चुनाव प्रचार

## दूसरों को उपदेश

**राजनेता** अपने भाषणों में अच्छी-अच्छी बातें करते हैं, पर सुविधाजनक स्थितियों का चयन करते हैं। यह बात उनके प्रचार अभियानों से स्पष्ट होती है। जब कोई नेताजी मूल्यों, जिम्मेदारियों, आदि के बारे में उपदेश देते हैं या 'करो' अथवा 'न करो' की बातें करते हैं तो उनका अर्थ यही होता है कि विरोधियों को कैसा व्यवहार करना चाहिए। लेकिन वे वही करना जारी रखते हैं जिसे वे ठीक समझते हैं या वह उनके लिए व्यावहारिक होता है क्योंकि आखिरकार मुख्य उद्देश्य चुनाव जीतना होता है। दूसरों को उचित व्यवहार करना चाहिए, उनको लोकरंजकता में लिप्त नहीं होना चाहिए या 'रेवड़ी' संस्कृति नहीं प्रोत्साहित करनी चाहिए, उनकी भाषा सभ्य होनी चाहिए तथा उनको अपनी 'लक्ष्मण रेखा' के भीतर रहना चाहिए। लगभग सभी राजनेता इस बात से सहमत हैं कि उनके विरोधियों को इन नियमों का पालन करना चाहिए, लेकिन मैं वहीं करूंगा जो मैं करना चाहता हूं। यह बात एक बार फिर गुजरात व हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनावों से स्पष्ट रूप से सामने आई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 16 जुलाई को राजनेता वर्ग को 'रेवड़ी संस्कृति' की विभीषिका के बारे में सावधान किया। उनका यह कहना बिल्कुल सही था कि खैरातें आर्थिक विकास के लिए 'बहुत खतरनाक हैं।' इससे ऐसा लगा कि भारतीय जनता पार्टी ने राजनीतिक क्षेत्र से यह विभीषिका समाप्त करने का निर्णय कर लिया है। भाजपा नेता अश्विनी उपाध्याय ने सर्वोच्च न्यायालय में एक याचिका दायर कर प्रार्थना की थी कि चुनावों के पहले पार्टियों द्वारा 'अनुचित खैरातें' बांटने पर रोक लगाई जाए। लेकिन दो राज्यों में विधानसभा चुनाव अभियान के गति पकड़ते ही इन सारी अच्छी-अच्छी चीजों को भुला दिया गया। वैसे भी दूसरी गैर-भाजपा पार्टियों ने 'राजकोषीय व्यावहारिकता' का कोई वादा नहीं किया था। वास्तव में दिल्ली के मुख्यमंत्री तथा आम आदमी पार्टी-आप के नेता अरविंद केजरीवाल ने अपनी शैली में स्वयं को 'सर्वशुद्ध' घोषित करते हुए 'खैरातों' के बचाव का पूरा प्रयास किया।



हिमाचल प्रदेश में सत्तारूढ़ दल ने सरकारी स्कूलों में हर माह 5,000 लड़कियों को सर्वोत्तम प्रदर्शन करने पर कक्षा 12 से लेकर स्नातक तक प्रति माह 2,500 रुपये देने का वादा किया। इसके साथ ही स्कूल जाने वाली सभी लड़कियों को साइकिलें व कालेज जाने वाली लड़कियों को स्कूटी देने का वादा किया। हालांकि, महिला शिक्षा को प्रोत्साहित करना एक प्रशंसनीय कदम है, लेकिन पूछा जा सकता है कि क्या उसके लिए कोई और रास्ता नहीं हो सकता है। किसी को इस बात से आश्चर्य नहीं हुआ और इसकी उम्मीद भी थी कि गुजरात में भाजपा को सत्ता से हटाने का लक्ष्य लेकर चल रही आम आदमी पार्टी-आप ने मुफ्त बिजली, बेरोजगारी भत्ता तथा सभी वयस्क महिलाओं को मासिक नकद भत्ता जैसे वादों की झड़ी लगा दी। भारतीय जनता पार्टी का इस राज्य में पिछले 27 साल से शासन है। दौड़ में पीछे छूटने के भय से कांग्रेस के चुनाव घोषणापत्र में भी वादों की झड़ी लगा दी गई जिनमें किसानों की कर्ज माफी, 500 रुपये में गैस सिलिंडर तथा 300 यूनिट मुफ्त बिजली शामिल है। पार्टी के घोषणापत्र में कहा गया है, 'कांग्रेस स्वास्थ्यरक्षा व शिक्षा को बेलगाम निजीकरण रोकेगी।' इस प्रकार की शब्दावली एक समाजवादी सोच का नतीजा है। एक प्रकार से सभी पार्टियों ने अपने चुनाव घोषणापत्रों में प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से निराशा का प्रदर्शन किया है। भाजपा खासकर गुजरात में किसी कीमत पर चुनाव हारना नहीं चाहती है क्योंक यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का गृह राज्य है। देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस सत्ता में वापस आना चाहती है और आम आदमी पार्टी सबको यह समझा देना चाहती है कि वह अपने सफल राजनीतिक विस्तार अभियान पर आगे बढ़ रही है। ऐसा खासकर उसे इस साल के प्रारम्भ में पंजाब में उसकी शानदार विजय के बाद लगने लगा है। माना जाता है कि सामान्य परिस्थितियों में राजनेता मानवजाति के सर्वोत्कृष्ट प्रतिनिधि होते हैं, पर निराशा में वे कई बार सभ्यता व चालाकी के मानक तोड़ देते हैं। संभवत: वर्तमान समय में अनेक राजनेता यही कर रहे हैं।

# छोटे शेयरधारकों की सुरक्षा जरूरी

आईबीसी व्यवस्था की आत्मा समय पर किसी फर्म में बढ़ रहे तनाव का आंकलन तथा उसे बेचने की 'बढ़ती चिन्ता' का पता लगाना है।



**उत्तम गुप्ता**
(लेखक नीति विश्लेषक हैं)




सिक्यूरिटीज़ एंड एक्सचेंज बोर्ड आफ इंडिया-सेबी ने एक ढांचे का प्रस्ताव किया है ताकि सार्वजनिक ईक्विटी में शेयरधारकों के हितों की सुरक्षा की जा सके। यह सूचीबद्ध कंपनियों की दीवाला प्रक्रियाओं के दौरान महत्वपूर्ण है जो इन्साल्वेंसी व बैंकरप्टसी कोड-आईबीसी के अंतर्गत कार्पोरेट इन्साल्वेंसी समाधान प्रक्रियाओं-सीआईआरपी के अंतर्गत होता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार ने 2016 में आईबीसी लागू किया था। यह विधायन अन्य सभी तत्कालीन कानूनों पर वरीयता प्राप्त है और यह बैंकों को कर्जदारों के मामले में अपनी गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों-एनपीए से निपटने का मजबूत आधार प्रदान करता है। 2017 में इसने बैंकिंग रेग्युलेशन एक्ट-बीआरए में संशोधन कर आरबीआई को शक्तियां प्रदान की जिससे वह बैंकों को उनके द्वारा स्वत: कार्रवाई न करने पर कार्रवाई के लिए बाध्य करता है। 12 फरवरी, 2018 को आरबीआई ने एक सर्कुलर जारी कर एनपीए समाधान के मूलाधार परिभाषित किए हैं। इस सर्कुलर के अनुसार, 2,000 करोड़ रुपये से अधिक के खाते में किसी कर्जदार के खाते में बकाया पैदा होने पर सभी कर्जदारों को अकेले या संयुक्त रूप से ऐसे कदम उठाने होते हैं जिनसे एक समाधान योजना-आरपी तैयार कर उसका क्रियान्वयन किया जा सके। यह बकाये की तिथि से 180 दिन के भीतर करना होता है। यदि कर्जदार इस समयसीमा के भीतर कार्रवाई करने में विफल रहते हैं तो उनको अपना खाता नेशनल कंपनी ला ट्राइब्यूनल-एनसीएलटी के समक्ष पेश करना होता है जो आईबीसी के अंतर्गत कार्रवाई शुरू करता है। एनसीएलटी समाधान प्रक्रिया पूरी करने के लिए 180 दिन का समय देता है। असाधारण परिस्थितियों में 90 दिन का समय और दिया जाता है। इस प्रकार प्रक्रिया पूरी करने के लिए 270 दिन का समय होता है। यह समयसीमा लागू करने तथा आरबीआई को शामिल करने का उद्देश्य एनपीए प्रभावित उद्यम को बेचने की कार्रवाई पर निगरानी करना है क्योंकि 'वस्तुनिष्ठ' व 'पारदर्शी' तरीके से काम करने पर बिक्री से अधिकतम राशि प्राप्त हो सकती है। वर्तमान प्रक्रिया के अंतर्गत वर्तमान शेयरधारकों को परेशानी होती है क्योंकि सीआईआरपी के परिणामस्वरूप इक्विटी के मूल्यों में भारी कमी आती है और कंपनी सूची से बाहर हो सकती है। इस स्थिति के परिणामस्वरूप सीआईआरपी प्रक्रिया के अंतर्गत नए अधिग्रहणकर्ता के शेयर 100 प्रतिशत हो जाते हैं। आईबीसी के अंतर्गत इक्विटी घारकों को दीवालिया कंपनी के स्वामी माना जाता है और इस प्रकार वे एनसीएलटी की समाधान योजना-आरपी में आ जाते हैं ताकि कंपनी के दीवालिया होने के बाद उनको कोई बकाया मिल सके। उनको इसकी कोई पूर्व सूचना भी नहीं मिलती है, ऐसे में उनको अपने मामले कमेटी आफ क्रेडिटर्स-सीओसी के समक्ष रखने का मौका भी नहीं मिलता है जो दीवालिया प्रक्रिया की निगरानी करती है तथा कर्जदाताओं के हितों को वरीयता मिलती है।

सार्वजनिक ईक्विटी शेयरधारकों के सरोकारों को संबोधित करते हुए सेबी ने प्रस्ताव किया है कि उनको नए उद्यम में न्यूनतम पांच प्रतिशत व अधिकतम 25 प्रतिशत प्राप्त करने का अवसर दिया जाए। यह प्रस्ताव नए अधिग्रहणकर्ता को आरपी प्रक्रिया के परिणामस्वरूप मिलने वाले शेयरों पर निर्भर करता है। यदि नए अधिग्रहणकर्ता की शेयरधारिता 100 प्रतिशत हो जाती है तो वर्तमान सार्वजनिक शेयरधारकों को न्यूनतम 25 प्रतिशत का प्रस्ताव दिया जाता है तथा न्यूनतम स्वीकार्यता पांच प्रतिशत होती है। यदि पांच प्रतिशत शेयरों के लिए भी दिलचस्पी नहीं दिखाई जाती है तो परिणामस्वरूप उद्यम को सूची से बाहर जाने की अनुमति दी जाती है। यदि अधिग्रहणकर्ता की शेयरधारित उद्यम में सीआईआरपी प्रक्रिया के परिणामस्वरूप 75 प्रतिशत हो जाती है तो सार्वजनिक निवेशकों को प्रस्ताव करने की जरूरत नहीं होती है क्योंकि उनकी धारिता पहले ही 25 प्रतिशत होती है।

सीआईआरपी प्रक्रिया के परिणामस्वरूप अधिग्रहण करने वाले उद्यम में शेयर सहयोगी कंपनियों, प्रमोटर ग्रुप कंपनियों के परिवारी सदस्यों, प्रमोटरों के प्रबंधन वाले ट्रस्टों, प्रमुख प्रबंधन कर्मियों तथा निदेशकों, आदि के लिए नहीं होते हैं क्योंकि ऐसा करने पर छोटे शेयरधारकों की सहायता का विचार ही पराजित हो जाएगा। इन शेयरधारकों को प्रस्तावित मूल्य समाधान प्रार्थी-नए अधिग्रहणकर्ता को प्रस्तावित मूल्य के समान होना चाहिए। सेबी का यह प्रस्ताव तार्किक है। इससे फर्म में छोटे शेयरधारकों को उचित अवसर मिलता है और वे सीआईआरपी प्रक्रिया के अंतर्गत साझीदार वाली भूमिका निभा कर अधिग्रहणकर्ता द्वारा मुनाफा कमाने की स्थिति में शेयर मूल्यों में किसी बढ़ोत्तरी का लाभ उठा सकते हैं। यह बाजार नियामक द्वारा किसी सूचीबद्ध कंपनी में न्यूनतम 25 प्रतिशत सार्वजनिक शेयरों की आवश्यकता को भी पूरा करता है। लेकिन जमीनी स्थिति बिल्कुल अलग है। अच्छी तरह संचालित व मुनाफे वाली कंपनियों में भी नियामक 25 प्रतिशत मानक लागू करने में विफल रहते हैं। केन्द्र सरकार भी इस मानक से किनारा कर लेती है। यह स्थिति सेबी द्वारा आईडीबीआई बैंक को सार्वजनिक शेयरधारिता मानक से अलग करने की प्रार्थना से स्पष्ट होती है। इसके उलट सीआईआरपी के अंतर्गत एनपीए प्रभावित फर्मों को अत्यधिक विपरीत स्थितियों का सामना करना पड़ता है। वे अपनी परिसंपत्तियों का मूल्य गिरने से बचाने के लिए संघर्ष कर रही हैं।

कुल 5,636 सीआईआरपी में से 3,637 बंद हो चुकी हैं। बंद मामलों में 1,703 कंपनियां दीवालिया हो चुकी हैं। अक्टूबर-दिसंबर, 2021 के दौरान स्वीकृत दावों में से वित्तीय कर्जदाताओं की वसूली केवल 13.4 प्रतिशत हुई है। इसके साथ ही 363 बड़े मामलों में बैंकों ने औसतन 80 प्रतिशत हेयरकट या रियायत दी है और वीडियोकान जैसे मामलों में यह 95 प्रतिशत तक पहुंच गई है। जब परिसंपत्तियों में इतना अधिक क्षरण हो तथा 50 प्रतिशत से अधिक मामले दीवालियापन की सीमा तक पहुंचते हों तो छोटे शेयरधारकों को लाभ दिलाने की बात अर्थहीन हो जाती है। सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के अंतर्गत आरबीआई को 7 जून, 2019 को एक सर्कुलर जारी करना पड़ा जिसे उसके 12 फरवरी, 2018 के आदेश पर वरीयता मिली। इससे बैंकों को आरपी के समक्ष आने के लिए 180 दिन का समय मिल गया। यदि वे ऐसा नहीं करते हैं तो उनको 20 प्रतिशत का अतिरिक्त प्राविधान करना होता है। यदि वे 365 दिन में योजना को अंतिम रूप नहीं देते हैं तो उनको 15 प्रतिशत अतिरिक्त का प्राविधान करना होता है। 12 फरवरी, 2018 के आदेश से बैंकों को 180 दिन बीतने पर मामला एनसीएलटी को सौंपना होता था, पर संशोधित सर्कुलर में ऐसी कोई मजबूरी नहीं है। दूसरे दृष्टिकोण से यदि आरपी का क्रियान्वयन एक साल में नहीं होता है तो बैंक को 50 प्रतिशत का अतिरिक्त प्राविधान करना होता है। 15 महीने के अंत में सामान्य एजिंग प्राविधान 40 प्रतिशत हो जाता है और इस प्रकार 35 प्रतिशत अतिरिक्त मिला कर कुल प्राविधान 75 प्रतिशत पहुंचता है। कर्ज की 75 प्रतिशत धनराशि को बैलेंसशीट में शामिल करने के बाद बैंक को आईबीसी के अंतर्गत पैसा वसूली प्रक्रिया शुरू करने के लिए कोई प्रोत्साहन नहीं मिलता है।

संक्षेप में आरबीआई की शक्तियां छीनने तथा सर्वोच्च न्यायालय के हस्तक्षेप से बैंकों को 7 जून, 2019 का सर्कुलर जारी करने पर आईबीसी की प्रक्रिया निरर्थक हो गई है। इसके साथ ही एनसीएलटी के अधिकांश फैसलों को उच्च न्यायालयों व सर्वोच्च न्यायालय में चुनौती दी जाती है। इस कारण सीआईआरपी प्रक्रियायें समाप्त होने में असाधारण विलम्ब होता है तथा परिणामस्वरूप परिसंपत्तियों का मूल्य गिरता है। आईबीसी व्यवस्था का उद्देश्य समय पर फर्म में तनाव का पता लगाना तथा उसकी बिक्री के प्रति 'बढ़ती चिन्ता' का आंकलन है ताकि अधिकतम मूल्य प्राप्त किया जा सके। सेबी का विचार छोटे शेयरधारकों को सुरक्षा देना है। यह तभी कारगर हो सकता है जब कानून की मूल आत्मा बचाये रखी जा सके।

वास्तव में सभी कर्जदाताओं के हितों की रक्षा के प्रति सरकार के सभी वित्तीय व आपरेशनल प्रयास कानून में अनेक संशोधनों के कारण निरर्थक हो गए हैं। यह स्थिति बदलनी जरूरी है।

# पर्यावरण संरक्षण जागरूकता बढ़ाने में लगा एक समूह

> पर्यावरणीय स्थिरता की दिशा में पहले कदम के रूप में, समूह जनता से कार्यों के प्रति अधिक जागरूक होने का आग्रह करता है।



**अलका गाडगिल**
(लेखिका विकास कार्यकत्री हैं)

एक मेडिकल स्टोर के मालिक मकरंद वैनगंकर और महाराष्ट्र के सिंधुदुर्ग जिले के ट्रेजरी ऑफिसर यशवंत भोसले ने कहा, जैसे ही मानसून शुरू होता है, हम आम, जामभूल और कटहल जैसे देशी फलों की बीज बमबारी के लिए जंगल की ओर जाते हैं। शुष्क क्षेत्रों में, सीड बॉल का आकार नमी को संरक्षित करने के लिए पर्याप्त छाया देता है। आखिरकार, बीज अंकुरित होने लगते हैं और गेंद टूट जाती है। टुकड़ों का छोटा ढेर एक रूटिंग सिस्टम की ओर ले जाता है। उन्होंने कहा कि पौधे तब परिपक्व होते हैं और अपने स्वयं के बीज पैदा करते हैं और दूसरी पीढ़ी के बीज जमीन पर गिरने के बाद आश्रय प्रदान करते हैं।वैनगंकर और भोसले दोनों सात साल से कनक राइडर्स कंकावली नामक साइकिलिंग ग्रुप के सदस्य हैं। समूह साइकिलिंग के माध्यम से छात्रों और युवाओं के बीच पर्यावरण संरक्षण के बारे में जागरूकता बढ़ाने में शामिल रहा है। 'हम जैव विविधता के विनाश के खिलाफ आवाज उठाने के लिए सोशल मीडिया का उपयोग करते हैं। हम इन मुद्दों के बारे में कंकावली क्षेत्र के स्कूली बच्चों और कॉलेज के छात्रों के साथ बैठकें करते हैं। मुझे चिंता है कि हम अपने पीछे बच्चों के लिए कैसी दुनिया छोड़कर जा रहे हैं।'

रविवार और छुट्टियों के दिन, समूह की योजना साइकिल पर एक दिन में 100 किमी की दूरी तय करने की है। कई छात्र, युवा और उनके माता-पिता उनके उद्यम में शामिल होते हैं। इसने आबादी के बीच साइकिल चलाने में नए सिरे से रुचि पैदा की है। साइकिल चलाने के दौरान अनुभव किए गए महत्वपूर्ण क्षणों को साझा करते हुए, समूह ने कहा : 'हाल ही में हम कंकावली में व्रवडे बांध गए,



जो एक आरक्षित क्षेत्र है। हम बांध तक पहुंचने के लिए घने हरे आवरण से गुज़रते हैं। बादल उतर आए हैं और यह एक खूबसूरत पल था।' जब से समूह ने इस क्षेत्र में छिपे हुए स्थानों को उजागर करने का निर्णय लिया है, तब से साइकिल चलाने से न केवल लोगों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ी है बल्कि उनके स्वास्थ्य में भी वृद्धि हुई है। 'एक व्यक्ति जिसे दमा था वह हमारे साथ घूमने आया था। हमारे रास्ते में एक तेज चढ़ाई थी। उसने कुछ देर साइकिल चलाई, रुका और अपने इन्हेलर का इस्तेमाल किया और फिर वह फिर से जुड़ गया। हम तनाव में थे, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी। तब से छह महीने बीत चुके हैं। वह अब इनहेलर का उपयोग नहीं करते हैं और बिना किसी परेशानी के 100 किमी की सवारी करते हैं', भोसले ने कहा।

अपने अभियान को अंजाम देने के दौरान समूह को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। जब वे खुली जगहों पर पेड़ लगाते हैं, तो आस-पड़ोस के लोग अक्सर बहुत असहयोगी होते हैं। लोग पूछते हैं कि हम उनके परिसर में क्या कर रहे हैं। कुछ लोगों का बहुत ही संकीर्ण दृष्टिकोण है और सोचते हैं कि पेड़ एक खतरा हैं क्योंकि वे रास्ते में आते हैं। समूह ने कहा कि यहां तक कि मंदिर के अधिकारियों ने भी अपने आसपास बीज बमबारी पर आपत्ति जताई।

अपनी भविष्य की योजनाओं पर विचार करते हुए, समूह ने साझा किया कि कैसे, चुनौतियों के बावजूद, वे एक संघ बनाने के लिए एक साथ आए और बढ़ती पर्यावरणीय चिंताओं के समाधान खोजने के लिए प्रशासन से संपर्क किया। अपने अगले अभियान के बारे में बताते हुए, समूह ने कहा, मुर्देश्वर मंदिर घने जंगल के बीच है, और इसके चारों ओर जल निकाय हैं। लेकिन लोग कूड़ा करकट फेंककर वनस्पतियों और जीवों को दूषित कर रहे हैं। हम प्रशासन को इस पर ध्यान दिलाएंगे। हम सिंधुदुर्ग जिले के स्कूलों, कॉलेजों और कार्यालयों में भी सत्र आयोजित करने जा रहे हैं। पर्यावरणीय स्थिरता की दिशा में पहले कदम के रूप में, समूह जनता से कार्यों के प्रति अधिक जागरूक होने का आग्रह करता है, जैसा कि वे कहते हैं, यदि आप मानसून में यात्रा कर रहे हैं, तो कृपया बीज गेंदों को अपने साथ ले जाएं। बीजों को फेंकना नहीं चाहिए, क्योंकि इनका उपयोग बीज के गोले बनाने के लिए किया जा सकता है।

देशी किस्मों के बीज बोने चाहिए, न कि विदेशी प्रजातियों के। यदि 10 बीज गेंदें फेंकी जाती हैं, तो कम से कम दो निश्चित रूप से जड़ें जमा लेंगी।

## आप की बात

### सराहनीय प्रयास

**संविधान** दिवस पर प्रधानमंत्री, न्याय मंत्री के साथ ही सुप्रीम कोर्ट के मुख्य जज उपस्थित थे! और उन्होंने जिस मुखरता से न्यायपालिका और कार्यपालिका में संतुलन बनाए रखने और संविधान के सभी स्तंभों के बीच सामंजस्य बनाए रखने पर जोर दिया वह सराहनीय है! लंबे समय से देश के न्यायाधीशों की नियुक्ति पर कॉलेजियम सिस्टम को लेकर न्यायपालिका व कार्यपालिका में मतभेद बना हुआ है! वही मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति को लेकर भी सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से जवाब तलब किया है! यह अति संवेदनशील मुद्दे शीघ्रता से निपटाए जाने चाहिए!और देश में जब एक चपरासी की नियुक्ति तक के लिए गाइडलाइन बनी हुई है ,तो फिर मुख्य न्यायाधीश और मुख्य चुनाव आयुक्त जैसे अति महत्वपूर्ण पदों के लिए एक गाइडलाइन का ना होना आश्चर्यजनक है! अब आजादी के अमृत महोत्सव के इस पुनीत अवसर पर इन पदों के लिए भी एक प्रक्रिया निश्चित की जाए और इन पर नियुक्त किए जाने वाले अधिकारी के कार्य प्रदर्शन और दृढ़ व्यक्तित्व के आधार पर ही नियुक्ति हो इनके कार्यों में किसी भी प्रकार का बाहरी हस्तक्षेप ना हो! नियुक्ति पूर्ण पारदर्शिता पूर्ण हो तभी यह संस्थाएं अपनी साख बचाए रख सकेगी!

– **सुभाष बुड़ावनवाला**, रतलाम

### राजनीति का अखाड़ा

**उत्तर** प्रदेश का मैनपुरी लोकसभा उपचुनाव राजनैतिक दांवपेच का अखाड़ा बन चुका है। शाक्य वोटों के दम पर बीजेपी ने क्षेत्र के मजबूत शाक्य नेता रघुराज शाक्य को चुनाव मैदान में उतारा है। सपा मुखिया अखिलेश यादव 4.50 लाख यादव मतों के सहारे डिंपल यादव की राजनीतिक वैतरणी पार करने का बीड़ा संभाले हुए हैं। धुआंधार प्रचार के बीच योगी आदित्यनाथ ने चुनावी रैली को संबोधित किया है ताकि क्षत्रिय मतों को भी भाजपा के पाले में लाया जा सके। सामान्यत: विकास कार्य पर राजनीतिक दल वोट मांगते हैं लेकिन मैनपुरी उपचुनाव में जातिगत समीकरण पूरी तरह चुनाव पर हावी हो चुका है। ऐसा माना जा रहा है कि यादव वोट सपा को मिलेंगी और शाक्य वोट बीजेपी को जाएंगी एवम छत्रिय मतों का झुकाव भी बीजेपी की तरफ ही रहेगा। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार इस चुनाव में डेढ़ लाख दलित वोट निर्णायक होंगे। यदि दलितों का झुकाव सपा की तरफ रहेगा तो जीत संभवत: सपा की होगी लेकिन यदि मतों का विभाजन होता है तो सपा को बड़ी चुनौती बीजेपी से मिलना तय है. इस बार शिवपाल यादव का पूरा समर्थन सपा प्रत्याशी डिंपल यादव को है जिसका असर चुनाव पर पड़ेगा।

– **वीरेंद्र कुमार जाटव**, दिल्ली

### गहरी होती खाई

**गहलोत-पायलट** टकराव से संबंधित है। यह पहली बार नहीं हुआ है की राजस्थान के मुख्यमंत्री गहलोत ने सचिन पायलट के विरुद्ध इस तरह का बयान दिया हो या ऐसे शब्दों का उपयोग किया हो। इन दोनों नेताओं के बीच की खाई बढ़ती ही जा रही है और अगले वर्ष राज्य में चुनाव होने हैं तो ऐसे में यह पार्टी के लिए अच्छी खबर नहीं है। मल्लिकार्जुन खड़गे और गांधी परिवार दोनों को इस विषय में पहल करते हुए सुलह करनी चाहिए वरना यह कलह पार्टी के लिए खतरनाक साबित हो सकती है। दोनों ही नेता अत्यंत महत्वकांक्षी हैं एक और जहां गहलोत जब उनका नाम पार्टी प्रमुख के लिए चल रहा था तो उन्होंने साफ़ कर दिया था की राज्य के मुख्यमंत्री का पद वह नहीं छोड़ेंगे और पायलट ने भी जिस तरह 2018 में पूरे राज्य में घूम कर पार्टी के लिए जो जमीन तैयार करि थी उसका सारा फायदा तो गहलोत उठा ले गए , सचिन भी मुख्यमंत्री से कम नहीं मानेंगे , तो पार्टी नेतृत्व के लिए इस अहम की लड़ाई को सुलझाना अत्यंत महत्वपूर्ण है।

– **बाल गोविंद**, नोएडा

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**भारत** का इतिहास केवल गुलामी का नहीं, अनेक विजयों तथा असंख्य महान लोगों का इतिहास भी है।

– **नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री



**चीन** क्षेत्रीय व विश्व शांति, स्थायित्व तथा समृद्धि के लिए उत्तर कोरिया के साथ मिल कर काम करना चाहता है।

– **शी जिनपिंग**
चीन के राष्ट्रपति



**गुजरात** में कांग्रेस शासन में अक्सर सांप्रदायिक दंगे होते थे तथा वे विभिन्न समुदायों को एक दूसरे से लड़ाते थे।

– **अमित शाह**
केन्द्रीय गृह मंत्री

पायनियर
नई दिल्ली, मंगलवार, 29 नवंबर, 2022



# बाल विवाह व दहेज की कुप्रथा के खिलाफ लें संकल्प

## सामूहिक विवाह योजना के जरिए प्रदेश में अब तक दो लाख शादियां करा चुकी है सरकार

पायनियर समाचार सेव। लखनऊ, गोरखपुर



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बाल विवाह और दहेज कुप्रथा के खिलाफ सभी लोगों को संकल्प लेना चाहिए। दहेज मुक्त शादियों, सामूहिक विवाह कार्यक्रमों से जुड़कर हम सभी दहेज कुप्रथा व इससे जुड़ी अन्य कुरीतियों के समाधान में अपना योगदान दे सकते हैं।

सीएम योगी सोमवार को चंपा देवी पार्क मैदान में एक हजार से अधिक जोड़ों के मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सामूहिक विवाह जैसे आयोजनों से बाल विवाह और दहेज जैसी कुप्रथाओं पर अंकुश लगता है। जिन लोगों की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं थी उनके घर में कन्याओं की शादी बड़ी समस्या थी। कई कन्याएं कुंवारी रह जाती थीं। 2017 में जब प्रदेश में डबल इंजन की भाजपा सरकार बनी तो इस समस्या के समाधान के लिए मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना शुरू की गई। इसके तहत प्रति जोड़े की शादी हेतु पहले 31 हजार और फिर बढ़ाकर 51 हजार रुपये की धनराशि तय की गई। प्रदेश में अब तक करीब दो लाख शादियां इस योजना के अंतर्गत संपन्न हो चुकी हैं। सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार पूरी प्रतिबद्धता, पारदर्शिता और ईमानदारी से काम कर रही है। समाज के हर तबके को बिना भेदभाव शासन की योजनाओं का लाभ मिल रहा है। पीएम मोदी ने 2014 में सबका साथ, सबका विकास का जो मंत्र दिया थाए वह आज प्रदेश में मूर्त रूप में नजर आता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान में प्रदेश के एक करोड़ परिवारों को प्रतिमाह एक हजार रुपये की दर से वृद्धा, निराश्रित, दिव्यांग पेंशन का लाभ मिल रहा है। 15 करोड़ लोगों को कोरोना काल से मुफ्त राशन की सुविधा मिल रही है। सीएम योगी ने कहा कि किसी द्वारा निजी संसाधन से अपनी बिटिया की शादी का आयोजन किए जाने पर उनका व मंच पर मौजूद सांसदों-विधायकों का शामिल हो पाना मुश्किल होता। पर सामूहिक विवाह के इस भव्य कार्यक्रम में वह स्वयं आए हैं, सांसद, विधायक, महापौर भी मौजूद हैं। इससे वैवाहिक सूत्रबन्धन में बंध रहे जोड़ों के परिजन तो गर्व की अनुभूति कर ही रहे होंगे वह खुद और सांसद-विधायक भी यहां आकर गौरवांवित महसूस कर रहे हैं। इस समारोह में एक हजार से अधिक जोड़े विवाह के पावन बंधन में बंधे। नवयुगलों में हिन्दू, मुस्लिम दोनों शामिल रहे। मुख्यमंत्री ने सभी नव दम्पतियों को आशीर्वाद देते हुए उनके सुखमय जीवन की कामना की। इस अवसर पर उन्होंने मंच से 14 नवयुगलों को प्रमाण पत्र और उपहार किट भेंट किया।

# धर्म, संस्कृति व राष्ट्र रक्षा के प्रति आग्रही बनाती है सिख गुरुओं की परंपरा: योगी



● गुरु तेग बहादुर का त्याग और बलिदान अविस्मरणीय

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ, गोरखपुर

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सिख गुरुओं की महान परंपरा हम सबके लिए प्रेरणादायी है। यह परंपरा हमें धर्म, संस्कृति और राष्ट्रीयता की रक्षा के प्रति आग्रही बनाती है। इस परंपरा का अनुसरण कर हम देश और समाज को आगे बढ़ाने में अपना योगदान दे सकते हैं।

सीएम योगी सोमवार सुबह जटाशंकर गुरुद्वारा में आयोजित नवम सिख गुरु तेग बहादुर के 347वें शहीदी दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। गुरु ग्रन्थ साहिब को नमन करने के बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरु तेग बहादुर के त्याग और बलिदान से आज अपना देश विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। आज गुरु तेज बहादुर का 347वां पावन शहीद दिवस है। आज ही के दिन 347 वर्ष पहले भारत को आक्रांताओं के क्रूर हाथों से मुक्त कराने के लिये उन्होंने अपने आप को बलिदान किया था। सीएम योगी ने कहा कि आज देश अपनी आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। पर हमें याद रखना होगा कि देश की आजादी का अमृत महोत्सव महापुरुषों के त्याग और बलिदान की नींव पर प्राप्त हुआ है। आजादी का अमृत महोत्सव गुरु तेग बहादुर जी महाराज के बलिदान से एक नई प्रेरणा प्राप्त करने का भी अवसर है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सिख गुरुओं का गौरवशाली इतिहास है। गुरु नानक देव जी से लेकर गुरु गोविंद सिंह महाराज तक भक्ति और शक्ति का एक अद्भुत समन्वय देखने को मिलता है। यह हर भारतीय के मन में न केवल धर्म और संस्कृति के संरक्षण के प्रति बल्कि मातृभूमि के प्रति भी उतना ही आग्रही बनाता है। क्रुरता और बरर्बरता के खिलाफ गुरु तेग बहादुर ने मजबूती के साथ आवाज उठाई थी। उनकी यह आवाज, उनका बलिदान कश्मीरी पंडितों की रक्षा के लिये थी। सीएम ने सबका आह्वान किया कि हम सभी अपने पूर्वजो, पूज्य गुरुओं, पूज्य संतो और महापुरुषों से प्रेरणा लेकर राष्ट्रहित में सदैव आगे बढ़ने के लिये प्रेरित हों।

इस अवसर पर जटाशंकर गुरुद्वारा प्रबंध समिति की तरफ से मुख्यमंत्री को स्मृति चिन्ह, अंगवस्त्र व कृपाण भेंटकर सम्मानित किया गया।

# रामपुर में था आजम का आतंक, होते थे लोगों की जमीनों पर कब्जे: केशव

● सपा सरकार में दंगा कराने वाले मंत्रियों में होती थी आजम खां की गिनती: उपमुख्यमंत्री

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ, रामपुर



**उपमुख्यमंत्री** केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि सपा सरकार में रामपुर में आजम खां का आतंक था। लोगों की जमीनों पर कब्जे होते थे लेकिन भाजपा सरकार ने आजम खां के आतंक को समाप्त करने का कार्य किया है। अब आजम खां घडियाली आंसू बहा रहे हैं। उन्होंने आजम खां पर निशाना साधते हुए कहा कि सपा सरकार में उनकी गिनती दंगा कराने वाले मंत्रियों में होती थी।

सोमवार को उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य रामपुर पहुंचे। कोसी मंदिर रोड स्थित उत्सव पैलेस में उन्होंने भाजपा प्रत्याशी आकाश सक्सेना के समर्थन जनसभा की। इस दौरान उनके निशाने पर सपा नेता आजम खां रहे। उन्होंने कहा कि सपा सरकार के समय कुंभ मेले का आयोजन हुआ था। तब आजम खां नगर विकास मंत्री थे। मेले के दौरान अचानक भगदड मच गई थी जिसमें बड़ी संख्या में लोगों की मौत हो गई थी। उस वक्त आजम खां अपने बंगले में सो रहे थे। आजम खां रामपुर को अपनी जागीर बनाकर रखना चाहते हैं लेकिन अब रामपुर की जनता उन्हें उसी तरह सबक सिखाएगी, जिस तरह लोकसभा उपचुनाव में सबक सिखाया था। उन्होंने कहा कि 2022 के विधानसभा चुनाव में सपा ने ऐसा माहौल बना दिया था कि जैसे उनकी सरकार आ रही हो। अब वह जमाना गया कि धमकाकरए बूथ कब्जा करके और देख लेंगे कहकर किसी का कोई वोट ले सकता है। केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि सपा सरकार में गुंडागर्दी और भ्रष्टाचार चरम पर था। उस वक्त सपाइयों का नारा था खाली प्लॉट हमारा है। गरीब की जमीन, दुकान और प्लॉट पर सपाइयों ने कब्जा किया। उस वक्त तो यूपी में यह कहा जाता था कि जिस गाड़ी पर सपा का झंडा, उसमें बैठा बड़ा गुंडा। आजम खां ने सत्ता में रहते हुए हमेशा प्रशासन का दुरूपयोग किया है। कहा कि प्रदेश में जब भाजपा की सरकार आई तो सारे अपराधियों पर कार्रवाई हुई। अपराधी या तो सही रास्ते पर आ गए या फिर जेल भेज दिए गए। उन्होंने कहा कि क्या रामपुर के लोगों को याद नहीं है कि आजम खां ने कितने जुल्म किए हैं। क्या किसी को छोड़ा है, क्या किसी को माफ किया है।

# पीएम ई-विद्या चैनल के लिए यूपी से 100 शिक्षकों का चयन

● वन क्लास वन चैनल के लिए चैनलों की संख्या 12 से बढ़ाकर 200 की गयी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**पीएम** ई-विद्या डीटीएच चैनल के लिए यूपी से 100 शिक्षकों का चयन किया गया है। ये शिक्षक कक्षा एक से 12 तक के पाठ्यक्रम पर आधारित गुणवत्ता वाले टीचिंग कंटेंट तैयार करने वाली टीम का हिस्सा होंगे। जिससे कान्टेंट के आधार पर चैनलों का प्रसारण 24 घंटे किया जा सके। कोरोना काल में स्कूलों के बंद रहने से सबसे ज्यादा प्रभावित शिक्षा जगत हुआ था। छात्रों की पढ़ाई को बाधित होने को देखते हुए भारत सरकार की तरफ से 17 मई 2020 को पीएम ई-विद्या नाम से कार्यक्रम की घोषणा की गयी थी। इके अंतर्गत अब शिक्षा की पहुँच के लिए एक लचीला तंत्र तैयार करने करने हेतु पीएम ई विद्या वन क्लास वन चैनल के अंतर्गत चैनल की संख्या 12 से बढाकर 200 कर दी गयी है। जिससे सभी राज्य, संघशासित प्रदेश कक्षा 1 से 12 के लिए प्रदेश की भाषाओं में पूरक शिक्षा प्रदान कर सकेगें। चैनलों पर कक्षा 1-12 तक के पाठ्यक्रम पर आधारित उत्कृष्ट गुणवत्ता की शिक्षण सामग्री का प्रसारण 24घंटे हागा। साथ ही सासाहिक रूप से विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों हेतु लाइव प्रसारण के कार्यक्रम भी संचालित किये जायेगेंए जिससे उनकी समस्याओं का समाधान विशेषज्ञों द्वारा किया जा सके। चैनलों पर कंटेंट प्रसारण को लेकर चयनित शिक्षकों को प्रशिक्षण एनसीईआरटी की टीम 29-30 नवम्बर को लखनऊ में देगी।

**प्रशिक्षण को लेकर निर्देश जारी:** चयनित शिक्षकों के प्रशिक्षण को लेकर राज्य शैक्षिक एवं प्रशिक्षण अनुसंधान संस्थान की निदेशक शुभा सिंह की तरफ से चयनित डायट के प्राचार्य, चयनित जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों और जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देश जारी किया गया है।

# तीन दिसम्बर को विश्व दिव्यांग दिवस पर राज्य स्तरीय पुरस्कारों का वितरण करेगी यूपी सरकार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**दिव्यांगजनों** के पुनर्वास एवं उनको शिक्षित कर सभ्यता की मुख्यधारा में शामिल करने के लिए उप्र सरकार विभिन्न योजनाओं के माध्यम से उनके प्रति गम्भीरता से कार्य कर रही है। इसी क्रम में आगामी 3 दिसम्बर को विश्व दिव्यांग दिवस पर 12 विभिन्न श्रेणियों में चयनित दिव्यांगों को राज्य सरकार पुरस्कार वितरित करेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दिव्यांगजनों को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं। केन्द्र व प्रदेश सरकार के द्वारा दिव्यांगों के हित में संचालित योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। बता दें कि इसी क्रम में विश्व दिव्यांग दिवस पुरस्कार राज्य स्तर पर दक्ष दिव्यांग कर्मचारियों व स्वनियोजित दिव्यांगजन, सर्वश्रेष्ठ नियोक्ता तथा सर्वश्रेष्ठ प्लेसमेंट अधिकारी या एजेंसी, सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति व संस्था, प्रेरणास्रोत, सृजनशील दिव्यांग बालक व बालिकाएं दिव्यांग खिलाड़ियों, दिव्यांगजन हेतु बाधारहित वातावरण के सृजन हेतु सर्वश्रेष्ठ कार्य के लिए, दिव्यांगजन को पुनर्वास सेवायें प्रदान करने वाले श्रेष्ठ जिला आदि कुल 12 विभिन्न श्रेणियों में प्रदान किये जाते हैं।

# छात्रवृत्ति न दिये जाने का निर्णय केवल मदरसों के लिए नहीं: धर्मपाल सिंह

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**अल्पसंख्यक** कल्याण मुस्लिम वक्फ एवं हज विभाग के कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह ने प्रदेश के मदरसों में कक्षा.1 से 8 तक पढ़ने वाले छात्रों को छात्रवृत्ति न दिये जाने के सम्बन्ध में कहा कि यह निर्णय केन्द्र सरकार द्वारा लिया गया निर्णय है जो उत्तर प्रदेश सहित देश के समस्त राज्यों पर लागू होगा। यह निर्णय केवल मदरसों के लिए नही बल्कि समस्त शिक्षण संस्थान के लिए है। उन्होने कहा कि निशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा अधिनियम 2008 के अन्तर्गत समस्त प्रकार के शिक्षण संस्थानों में सभी के लिये नि:शुल्क शिक्षा का प्राविधान किया गया है।

छात्रवृत्तियों का मुख्य उद्देश्य अभिभावकों की आर्थिक स्थिति के दृष्टिगत छात्रों को पुस्तकेंए स्टेशनरी आदि सामग्री के क्रय में सहायता प्रदान करना था। चूँकि निशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा अधिनियमए 2009 के अन्तर्गत छात्रों से किसी प्रकार का कोई शुल्क नही लिया जाता हैए कक्षा-01 से 08 तक के छात्रवृत्ति की प्रसंगिकता अब नही रह गयी है। इसके दृष्टिगत ही अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा पूर्व दशम कक्षाओं में केवल कक्षा-9 एवं 10 के छात्रों को ही छात्रवृत्ति प्रदान किये जाने का निर्णय लिया गया है जिसकी नोटिस नेशनल स्कालरशिप पोर्टल पर प्रदर्शित है। मंत्री धर्मपाल ने यह बात सोमवार को विधान भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा के दौरान कही।

अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार अल्पसंख्यक वर्ग के छात्र-छात्राओं को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। यह निर्णय केन्द्र सरकार द्वारा लिया गया निर्णय है जो उत्तर प्रदेश सहित देश के समस्त राज्यों में लागू होगा। यह निर्णय केवल मदरसों के लिए नही है बल्कि समस्त शिक्षण संस्थानों के लिए है। राज्य सरकार की भांति केन्द्र सरकार द्वारा भी पूर्व दशम, दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनायें संचालित की जा रही है साथ ही तकनीकी एवं प्रोफेशनल कोर्स के लिये मैरिट कम मीन्स छात्रवृत्ति योजनायें संचालित है। समीक्षा बैठक में अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की अपर मुख्य सचिव मोनिका एस. गर्ग ने मंत्री को यथाशीघ्र सभी दिशा निर्देशों का अक्षरश: अनुपालन सुनिश्चित किये जाने का आश्वासन दिया। बैठक में अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के विशेष सचिव अनिल कुमार, निदेशक जे. रीभा, मदरसा बोर्ड के रजिस्टार जगमोहन सिंह, संयुक्त निदेशक आरके सिंह तथा संयुक्त निदेशक एसएन पाण्डेय उपस्थित थे।

# शिवपाल यादव की सुरक्षा घटाई गई, अब मिलेगी वाई श्रेणी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मैनपुरी** लोकसभा उपचुनाव के बीच योगी सरकार ने प्रसपा राष्ट्रीय अध्यक्ष व सपा विधायक शिवपाल सिंह यादव की सुरक्षा घटाने का फैसला लिया है। शिवपाल सिंह यादव के सुरक्षा घेरे को जेड श्रेणी से घटाकर वाई श्रेणी में करने का यूपी पुलिस के सुरक्षा विभाग ने आदेश जारी कर दिया है। दरअसल सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव के साथ शिवपाल यादव के संबंध खराब होते ही योगी सरकार उन्हें जेड श्रेणी की सुरक्षा दी थी। वहीं अब जब मैनपुरी चुनाव के दौरान चाचा-भतीजे के दिल मिलने लगे तो उनकी सुरक्षा घटा दी गई है।

एसपी सुरक्षा वैभव कृष्ण ने जारी आदेश में कहा है कि 25 नवंबर 2022 को श्रेणीबद्ध सुरक्षा की समीक्षा के लिए आयोजित हुई राज्य स्तरीय सुरक्षा समिति की बैठक में विधायक व प्रसपा अध्यक्ष शिवपाल सिंह यादव की जेड श्रेणी सुरक्षा के स्थान पर वाई श्रेणी सुरक्षा करने का फैसला लिया गया है। मई 2017 को शिवपाल यादव ने सीएम योगी आदित्यानाथ से मुलाकात की थी। इसके बाद 23 मई 2017 को यूपी सरकार ने शिवपाल की सुरक्षा घेरे को कड़ा करते हुए उन्हें जेड श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की थी। यह फैसला तब लिया गया था जब वीवीआईपी कल्चर को खत्म करते हुए 100 से अधिक नेताओं की सुरक्षा में कटौती की थी। उनमें पूर्व सीएम अखिलेश यादव की पत्नी सांसद डिंपल यादव, पूर्व मंत्री आजम खानऔर एसपी महासचिव रामगोपाल यादव भी शामिल थे। शिवपाल यादव को बीते 10 सालों से जेड श्रेणी की सुरक्षा हासिल थी। पहले समाजवादी पार्टी सरकार में बतौर मंत्री शिवपाल को यह सुरक्षा दी गई थी। जनवरी 2017 में शिवपाल और अखिलेश के बीच मतभेद हुआ।

# भाजपा तोड़ रही लोकतांत्रिक व संवैधानिक मर्यादाएं

● भाजपा का गुजरात मॉडल धोखा है: अखिलेश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने गुजरात विधानसभा निर्वाचन के लिए समाजवादी प्रत्याशियों को भारी बहुमत से विजयी बनाने के लिए सम्मानित मतदाताओं से अपील करते हुए कहा है कि भाजपा अलोकतांत्रिक और अमर्यादित राजनीति का गिरोह बन गयी है। भाजपा सत्ता की भूख को मिटाने के लिए संवैधानिक और लोकतांत्रिक मर्यादायें तोड़ रही है। अखिलेश यादव ने कहा कि गुजरात की विधानसभा में समाजवादी पार्टी संविधान को बचाने तथा गांव गरीब की आवाज उठाने और दलितए वंचितों की समस्याओं का सरकार को आईना दिखाने का काम करेगी। श्री यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी प्रदेश में हर वर्ग, जाति, धर्म, समुदाय, गरीब, किसान, व्यापारी, मजदूर, छात्र नौजवान, महिला, कर्मचारी, वकील सभी से आह्वान करती है कि प्रदेश और देश को बचाने के लिए आगे आयें। प्रदेश और देश को भाजपा के षड्यंत्रकारी पंजों से मुक्त करायें। अखिलेश ने कहा कि समाजवाद, लोकतंत्र तथा पंथनिरपेक्षता के लिए समाजवादी पार्टी समर्पित और प्रतिबद्ध है। भाजपा समाज को तोड़ने का काम करती है। भाजपा की कुनीतियों और जनविरोधी कृत्यों को जनता के सामने बेनकाब करना हम सबका नैतिक कर्तव्य है। भाजपा के रहते देश.प्रदेश का न तो विकास हो सकता है और नहीं समाज में सद्भावए सौहार्द कायम रह सकता है। भाजपा सरकार पूंजीपतियों की पक्षधर है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में मतदाताओं के ही बलबूते परए जनता द्वारा ही सत्ता सौंपी जाती है और जनता के द्वारा उसी सत्ता को छीना भी जाता है। मतदाताओं के मतपत्रों से ही सत्ता का परिवर्तन भी होता है। अखिलेश ने कहा कि पूरे देश में गुजरात मॉडल का जो ढ़िढोरा पीटा था, अब उस मॉडल की सच्चाई जनता के सामने आ चुकी है, छोटी, मझोली 20 कम्पनियां बन्द हो गई। खाद, बीज, कीटनाशक दवाइयाँ, विद्युत आदि के दाम आसमान छू रहे। खेती घाटे में चल रही है। छुट्टा जानवर खेती को बर्बाद कर रहे हैं। भाजपा का गुजरात मॉडल धोखा है। विकास समाजवादी मॉडल से ही हो सकता है। अखिलेश ने कहा कि सरकारी स्रोतो के अनुसार गुजरात विभिन्न राज्यों के मुकाबले पिछड़ता गया है। हजार नवजात शिशुओं में मृत्यु दर 31.2 केरल, बंगाल से भी पीछे है। गुजरात 19वें रैंक में है।

# निर्माण में आधुनिक तकनीक, डिजाइन और सुविधाओं का समावेश किया जाए

● मुख्य सचिव ने अटल आवासीय विद्यालय के संबंध में की समीक्षा बैठक

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्य** सचिव दुर्गा शंकर मिश्र की अध्यक्षता में अटल आवासीय विद्यालय के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। अपने संबोधन में मुख्य सचिव ने कहा कि अटल आवासीय विद्यालयों और छात्रावास के भवनों की वास्तुकला भारतीय दर्शन और संस्कृति के अनुरूप हो। इसकी शैली उत्कृष्ट व जीवंत हो। इसके निर्माण में आधुनिक तकनीक, डिजाइन और सुविधाओं का समावेश किया जाए।

अटल आवासीय विद्यालयों में खेल के मैदान और कौशल विकास की व्यवस्थाएं जरुर होनी चाहिए। यह विद्यालय ऐसे मॉडल बनें जिससे लोग प्रेरित होकर अपने बच्चों का प्रवेश इन विद्यालयों में दिलायें। उन्होंने विद्यालयों में प्रधानाचार्यों, शिक्षकों और शिक्षणेत्तर कार्मिकों की तैनाती के साथ पाठ्यक्रम निर्धारण का कार्य भी शीघ्रता से पूरा करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि अटल आवासीय विद्यालयों के अधूरे निर्माण कार्यों को समय से पूरा कराया जाये। भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टालरेंस नीति का अनुपालन करें। समय-समय पर विद्यालयों का स्थलीय निरीक्षण भी करें। बैठक में बताया गया कि 18 अटल आवासीय विद्यालयों का निर्माण किया जा रहा है, जिसमें से 7 विद्यालयों का कार्य अन्तिम चरण में है। इन विद्यालयों में शैक्षिक वर्ष 2023-24 में कक्षा-6 में प्रवेश के लिये आवेदन लिये जायेंगे। बैठक में अपर मुख्य सचिव श्रम, सुरेश चंद्रा, प्रमुख सचिव बेसिक शिक्षा, दीपक कुमार, महानिदेशक स्कूल शिक्षा विजय किरन आनंद, सचिव उ प्र भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड निशा सहित सम्बन्धित विभागों के वरिष्ठ अधिकारीगण आदि उपस्थित थे।

# भाजपा के खोखले राष्ट्रवाद को पहचानना जरूरी: अजय राय

## कांग्रेस के प्रांतीय अध्यक्ष ने कहा, गुजरात रैली में पीएम ने पार्टी पर लगाए निराधार आरोप

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**कांग्रेस** के प्रांतीय अध्यक्ष अजय राय ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात में चुनावी रैली को सम्बोधित करते हुए कांग्रेस पार्टी पर निराधार आरोप लगाए हैं जबकि भाजपा की आतंकियों से गहरी सांठ-गांठ है व भाजपा के खोखले राष्ट्रवाद को पहचानना जरूरी है। राष्ट्रवाद की आड़ में भाजपा देश को खोखला करने का घिनौना खेल खेल रही हैं।

राय सोमवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में प्रेस कांफ्रेंस कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा से आतंकवाद की सांठगांठ बहुत पुराने समय से है। भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी सरकार के विदेश मंत्री जसवंत सिंह ने खुद उन तीन कुख्यात आतंकियों को लेकर कंधार के लिए रवाना हो गए थे, वे कंधार हवाई अड्डे पर पहुंचे और वहां आतंकी मौलाना मसूद अजहर, अहमद जरगर और शेख अहमद उमर सईद को रिहा कर दिया गया था। उन्होंने एक घटना का जिक्र करते हुए कहा कि पिछले दिनों उदयपुर में कन्हैया लाल की हत्या में शामिल एक आरोपी मोहम्मद रियाज अत्तारी बीजेपी का कार्यकर्ता निकला। इसने बाकायदा बीजेपी के नेताओं की उपस्थिति में पार्टी की सदस्यता ली थी। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर में ग्रामीणों द्वारा पकड़े गए लश्कर-ए-तैयबा के दो आतंकवादियों में से एक तालिब हुसैन शाह भाजपा का पदाधिकारी निकला। इसकी बीजेपी के कई वरिष्ठ नेताओं के साथ देश के गृह मंत्री अमित शाह के साथ भी तस्वीर है। और जब ये पकड़ा गया तब पवित्र अमरनाथ यात्रा के लिए जा रहे श्रद्धालुओं पर हमले की योजना बना रहा था। अजय राय ने कहा कि मीडिया रिपोर्ट में ये बात भी सामने आई है कि महाराष्ट्र के अमरावती में केमिस्ट उमेश कोल्हे की हत्या के कथित मास्टरमाइंड इरफान खान का निर्दलीय सांसद नवनीत राणा और उनके पति रवि राणा से संबंध हैं। और राणा दंपति का बीजेपी से क्या रिश्ता है ये किसी से छिपा नहीं है।

इरफान खान राणा दंपति के लिए प्रचार करता था और वोट मांगता था। उन्होंने कहा कि वर्ष 2020 में जम्मू कश्मीर में आतंकियों को हथियार मुहैया कराने के आरोप में भाजपा के पूर्व नेता एवं सरपंच तारिक अहमद मीर को गिरफ्तार किया गया था। तारिक अहमद पर हिजबुल कमांडर नवेद बाबू को हथियार देने का आरोप था जो आतंकियों की मदद करने वाले डीएसपी दविंदर सिंह के साथ गिरफ्तार हुआ था।

# यूपी नगर निकाय चुनाव को लेकर कांग्रेस ने तय की रणनीति

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी मुख्यालय में नगर निकाय चुनाव 2022 की तैयारियों को लेकर बैठक आहूत हुई। बैठक में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव धीरज गुर्जर, नीलांशु चतुर्वेदी, प्रदीप नरवाल, तौकीर आलम तथा उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद बृजलाल खाबरी तथा प्रदेश कांग्रेस के प्रांतीय अध्यक्ष पूर्व विधायक अजय राय, विधायक विरेन्द्र चौधरी, नकुल दुबे तथा अनिल यादव इटावा मौजूद रहे। बैठक में नगर निकाय चुनाव में कांग्रेस की जीत को लेकर चर्चा हुई।

बैठक में राष्ट्रीय सचिव धीरज गुर्जर ने कहा कि वर्तमान समय में देश व प्रदेश की जनता भारतीय जनता पार्टी की जनविरोधी नीतियों एवं कार्यशैली से पीड़ित है। इसी क्रम में हमारे नेता राहुल गांधी द्वारा भारत जोड़ो यात्रा चलाई जा रही है। जिसमें पीड़ित जनता उनसे मिलकर अपना दुख दर्द साझा कर रही। ऐसे में हम सभी को एकजूट होकर कांग्रेस संगठन को मजबूत करें और राहुल गांधी द्वारा चलाई जा रही भारत जोड़ों यात्रा के मूल उद्देश्य को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करना होगा। महानगर पालिका प्रदेशवासियों को बुनियादी सुविधायें तक नहीं दे पा रही है। ऐसी स्थिति में हम अगर संगठन को मजबूत करते हुए मेहनत करेंगे तो अवश्य ही हमें नगर निकाय चुनाव में सफलता प्राप्त होगी एवं आने वाले लोकसभा चुनाव 2024 में कांग्रेस को अपार सफलता प्राप्त होगी। नगर निकाय चुनाव को लेकर हमारी रणनीति तैयार हो चुकी है। और इस बार होने वाले नगर निकाय चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की लड़ाई सपा, बसपा से न होकर कांग्रेस से होगी क्योंकि कांग्रेस ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो भारतीय जनता पार्टी को चुनाव में उखाड़ कर फेंक सकती है।

# किसानों का पैसा लेकर कोल्हू मालिक हुआ फरार

संवाददाता। निघासन खीरी

**सीजन के** दौर में उधार गन्ना खरीद कर भागने का प्रचलन काफी पुराना होता जा रहा है। यहां बाहरी कोल्हू मालिक ठेके से कोल्हुओं को लेकर किसानों का उधार गन्ना खरीद लेते है और अच्छी खासी रकम तैयार हो जाने के बाद फरार हो जाते है। निघासन के लुधौरी में भी एक ऐसा मामला सामने आया है। जहां मेरठ के रहने वाला मुमतियाज अली ने गांव के ही सद्दाम अली के कोल्हू को ठेके से लिया था।करीब चौदह दिन पहले उसने कोल्हू संचालित किया। समय से क्रेशर और मिल ना शुरू होने से किसानों ने मजबूरी में कोल्हू पर उधार गन्ना बेंच दिया। वहीं मंगलवार की रात कोल्हू मालिक इरशाद भाग गया। सुबह जब किसान भुगतान लेने के लिए पहुँचे तो कोल्हू बंद पढ़ा मिला। किसानों को संशय हुआ तो पढ़ताल शुरू की।कई किसान मौके पर पहुँचकर कोल्हू पर लगे गन्ने को दोबारा भरके अपने पैसे निकालने के लिए जद्दोजहद करते नजर आए। किसान अतुल मिश्र ने बताया कि 257 कुन्तल गन्ना कोल्हू पर बेंचा था। मंगलवार को भुगतान करने के लिए मालिक ने बुलाया था लेकिन ना वह मिला और ना

## ● आधा दर्जन किसान हलकान,पैसो के लेनदेन में लेवर भी परेशान

पैसा। गन्ना भी सूखा पढ़ा हुआ है। जिसे खरीदने के लिए कोई क्रेशर, कोल्हू मालिक तैयार नही हो रहे है। इसके अलावा इसरार अहमद ने 150 कुन्तल अवधेश किसान 25 कुन्तल, जसविंदर सिंह ने 70 कुन्तल गन्ना कोल्हू पर बिक्री किया था जिन्हें अभी तक गन्ने का पैसा नहीं मिल सका है। सभी परेशान किसानों ने पुलिस को सूचना देकर पैसा दिलाने और ऐसे कृत्य को अंजाम देने वाले के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## पांच सालों से अधिक सक्रिय है कोल्हू गैंग

यह कोई नया मामला नही इससे पहले भी कोतवाली निघासन में कई ऐसे मामले घट चुके है। सीजन के समय ऐसे लोग तराई क्षेत्र निघासन में आकर कोल्हू ठेके से ले लेते है उसके बाद किसानों का गन्ना हफ्ते भर के लिए उधार खरीद लेते है। जब अच्छी खासी रकम एकत्रित हो जाती है तो रातोरात भाग जाते है। पिछली सीजन में रकेहटी से कोल्हू मालिक सहित साझेदारों को पुलिस ने दो दिन तक बंद रखा था। करीब साढ़े चार लाख रुपए लेकर कोल्हू मालिक फरार हो गया था। किसानों ने धरना प्रदर्शन करने की चेतावनी दी थी तब यह मामला सुलझा था। वहीं किसान हरीराम पुत्र सुंदर लाल निवासी जगनपुरवा ने एक हफ्ते पहले मेरठ जिले के निवासी शाहबाज फरीदी के खिलाफ तहरीर दी। उन्होंने बताया कि जगनपुरवा स्थिति कोल्हू पर करीब 60 हजार रुपए का गन्ना बेंचा था। कोल्हू मालिक रुपए लेकर भाग गया जबकि उक्त कोल्हू मालिक दोबारा फिर से निघासन क्षेत्र में ही कोल्हू का संचालन कर रहा है लेकिन पुलिस ने कोई भी कार्रवाई नही की है। इस बाबत प्रभारी निरीक्षक सीबी यादव ने बताया कि मामला संज्ञान में नही है अगर ऐसी घटना हुई है तो जल्द ही अभियान चलाया जाएगा।जितने भी कोल्हू संचालित करने वाले बाहरी लोग है उनका पूरा ब्यौरा तैयार किया जाएगा। उचित कार्रवाई भी की जाएगी।

# गैंगेस्टर की संपत्ति कुर्क

**लखीमपुर खीरी।** थाना निघासन पुलिस द्वारा,14(1) उ0प्र0 गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए अभियुक्त नरेश गुप्ता उर्फ रामनरेश कीलगभग 50 लाख रुपये की चल-अचल संपत्ति कुर्क की गई।

पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक महोदय के निकट पर्यवेक्षण में जनपद खीरी पुलिस द्वारा अपराध की रोकथाम व शातिर अपराधियों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही निरंतर की जा रही है। इसी क्रम में खीरी पुलिस द्वारा गैंगस्टर एक्ट की धारा14(1) के अंतर्गत अपराध से अर्जित की गयी संपत्ति को कुर्क कर जब्तीकरण की कार्यवाही निरंतर रूप से की जा रही है। इसी क्रम में आज दिनांक 28.10.2022 को क्षेत्राधिकारी निघासन, प्र0नि थाना निघासन मय पुलिस बल व तहसीलदार निघासन मय राजस्व टीम की संयुक्त टीम द्वारा गैंगस्टरअभियुक्त नरेश गुप्ता उर्फ रामनरेश पुत्र स्व0 शिव प्रसाद नि0 कृपाकुण्ड मजरा बंगलहाकुटी थाना निघासन जनपद खीरी की अपराध से अर्जित लगभग 50 लाख रुपये कीमत की चल-अचल सम्पत्ति कुर्क की गई। अभियुक्त रामनरेश आर्थिक व भौतिक लाभ लेने हेतु अपमिश्रित शराब का निष्कर्षण व बिक्री जैसे अपराध को कारित करने का अभ्यस्त अपराधी है।

## क्विक न्यूज

### काव्य गोष्ठी एवं सम्मान समारोह आयोजित

**बरेली ।** नगर की साहित्य एवं सामाजिक संस्था शुभम मेमोरियल साहित्यिक समिति द्वारा संस्था की अध्यक्षा शायरा सत्यवती सिंह सत्या के आवास पर एक काव्य गोष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है जिसकी अध्यक्षता उस्ताद शायर आदरणीय विनय सागर जायसवाल ने की मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार राजेश गौड़ रहे एवं विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार आदरणीय हिमांशु श्रोत्रीय निष्पक्ष रहे गोष्ठी का संचालन शायर गजल राज ने किया संस्था द्वारा दो शायरों का सारस्वत सम्मान भी किया गया जिसमें शायर गजल राज और पीयूष गोयल बेदिल को उत्तरीय उढ़ा कर माला पहना कर एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया गोष्टी में आदरणीय विनय सागर जायसवाल राजेश गौड़ हिमांशु श्रोत्रीय निष्पक्ष शिव शंकर यजुर्वेदी रामाशंकर प्रेमी कमल कांत श्रीवास्तव सत्यवती सिंह सत्या रामधनी निर्मल रितेश साहनी पीएस भारती बृजेंद्र तिवारी अकिंचन गजलराज प्रताप मौर्या मृदुल आदि कवि एवं शायरों ने अपनी-अपनी उत्कृष्ट उत्तम रचनाएं प्रस्तुत कर गोष्ठी में समा बांध दिया अंत में संस्था के महामंत्री बृजेंद्र तिवारी और कंचन ने आए हुए कवियों एवं शायरों का आभार व्यक्त किया ।

### लकड़ी कारोबारी से लाखों की लूट

**बरेली ।** मोटरसाइकिल पर जा रहे एक लकड़ी कारोबारी को रास्ते में रोककर बाइक सवार दो बदमाशों ने तमंचे के बल पर लाखों की रकम लूट ली और फरार हो गए घटना की शिकायत पुलिस से की गई मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू करते हुए लुटेरों को गिरफ्तार करने की कोशिश शुरू कर दी। बिथरी चौनपुर थाना क्षेत्र कि गांव नरयावल निवासी लकड़ी कारोबारी गिरीश कुमार से लुटेरों ने 700000 रुपए नगद और महत्वपूर्ण प्रपत्र से भरा बैग लूट लिया लिया और फरार हो गए कारोबारी गिरीश ने बताया कि वह अपने रिश्तेदार अर्जुन के साथ साझेदारी में लकड़ी का कारोबार करते हैं और वह अक्सर बैग में रकम लेकर लकड़ी ठेकेदारों को भुगतान करने के लिए जाते हैं आज सुबह लगभग 8 बजे वह अपनी मोटरसाइकिल पर एक बैग में 700000 रुपए और जरूरी कागजात लेकर ठेकेदारों को भुगतान करने के लिए जा रहे थे बैगन की बाइक पर आगे रखा था इसी दौरान उरला जागीर मोड़ पर स्थित रुहेला पब्लिक स्कूल के पास पीछे से आए मोटरसाइकिल सवार दो बदमाशों ने उनकी मोटरसाइकिल को धक्का देकर गिरा दिया और तमंचा दिखाते हुए मोटरसाइकिल पर आगे रखे नोटों से भरे बैग लेकर फरार हो गए कारोबारी ने बदमाशों को रोकने की कोशिश की तो उन्होंने तमंचे से गोली मारने की धमकी दी और तमंचा लहराते हुए नोटों से भरा बैग लेकर फरार हो गए घटना के बाद कारोबारी गिरीश ने घटना की जानकारी पुलिस को दी कुछ देर बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए बदमाशों को तलाशने की कोशिश शुरू कर दी पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी के फुटेज खंगालने शुर कर दिए ।

### कक्षा नौ की छात्रा से पड़ोसी युवक ने किया रेप

**बरेली ।** पड़ोस में रहने वाले युवक ने कक्षा नौ की छात्रा को अपने साथ बहला-फुसलाकर ले जाने के बाद एक रिश्तेदार के घर को 7 दिनों तक बंधक बनाकर रेप किया और फिर किशोरी को उसके घर छोड़कर फरार हो गया घटना की शिकायत किशोरी की मां ने आज एसएसपी से कर कार्रवाई की मांग की है। सुभाष नगर थाना क्षेत्र के एक मोहल्ले में रहने वाली कक्षा नौ की छात्रा अपनी मां के साथ एसएसपी कार्यालय पहुंची जहां उसकी मां ने बताया कि उसके पड़ोस में रहने वाला एक युवक धार्मिक कार्यक्रम करता है और वह दो बार उसकी बेटी को कार्यक्रमों में धार्मिक भूमिका निभाने के लिए अपने साथ बुलाकर ले गया था कुछ दिन पूर्व वह फिर से उसकी बेटी को एक कार्यक्रम में भूमिका निभाने के लिए घर से बुलाकर ले गया था उसकी बेटी जाने को तैयार नहीं थी इसके बावजूद को बहला-फुसलाकर उसको अपने साथ ले गया और दिल्ली स्थित अपनी मौसी के घर ले जाकर उसे 7 दिनों तक बंधक बनाकर रखा और वहीं पर उसके साथ रेप किया इसके बाद वह उसकी बेटी को घर पर छोड़कर चला गया काफी पूछने के बाद बेटी ने अपनी मां को पूरी घटना की जानकारी दी तब आज मां उसे अपने साथ लेकर एसएसपी कार्यालय पहुंची और एसएसपी से कार्रवाई की मांग की

### किशोर ने जहर खा कर दी जान

**संडीला(हरदोई)।** एक 15 वर्षीय किशोर ने जहर खाकर अपनी जान दे दी। मिली जानकारी के अनुसार थाना कासिमपुर के अंतर्गत ग्राम मोएहुद्दीपुर निवासी मलखे के 15 वर्षीय पुत्र अजय ने जहरीला पदार्थ खा लिया जिससे उसकी हालत खराब हो गयी। उसके परिजन उसे उठाकर सीएचसी बेंहदर ले गए जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। मृतक अजय सरस्वती ज्ञान मंदिर कोढ़री का विद्यार्थी था। इस घटना का कारण ज्ञात नहीं हो सका है।

### पुलिस अधिकारियों ने मतदान केन्द्रों का किया निरीक्षण



**संडीला(हरदोई)।** निकाय चुनाव के मद्देनज़र एडिशनल एसपी ने शहर के विभिन्न मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया और आवश्यक निर्देश दिए। एडिशनल एसपी अनिल कुमार सिंह यादव ने प्रभारी निरीक्षक दिलेश कुमार सिंह के साथ आईआर इंटर कॉलेज, भगवान बुद्ध इंटर कॉलेज, संडीला गर्ल्स इंटर कॉलेज, प्राथमिक विद्यालय मण्डई, गढ़ी, राजाहाता, अशराफटोला समेत तमाम मतदान के केन्द्रों का निरीक्षण किया। इन मतदान केन्द्रों पर बिजली, पानी, सफाई और शौचालय की व्यवस्था को देखकर आवश्यक निर्देश दिए। श्री यादव ने बताया कि खुले हुए और जर जर भवनों को मतदान केन्द्र नहीं बनाया जाएगा। साथ ही साथ यह भी देखा जाएगा कि किसी भ बूथ के निकट आसामाजिक तत्व न पहुंचे और पुलिस तेजी के साथ ऐक्शन ले सके।

### 24 घंटे में 379 लीटर अवैध शराब बरामद, 27 अभियुक्त गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी।** पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक के निकट पर्यवेक्षण में जनपद खीरी में अवैध शराब के निष्कर्षण व बिक्री के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत विगत 24 घंटे में जनपद खीरी के विभिन्न थानों द्वारा कार्यवाही करते हुए 379 लीटर अवैध कच्ची शराब व 02 शराब भट्ठी बरामद कर 27अभियुक्तों* को गिरफ्तार कर आबकारी अधिनियम के अंतर्गत 27 अभियोग पंजीकृत किए गए।

### सौरभ अग्रवाल डी लिट इन एजुकेशन उपाधि से सम्मानित

**बरेली।** माधव राव सिंधिया स्कूल के प्रबंधक सौरभ अग्रवाल को दिल्ली में हुए समारोह में बोस्टन इंपीरियल यूनिवर्सिटी यूएसए ने डी लिट इन एजुकेशन उपाधि से सम्मानित किया है। सौरभ को पब्लिक सर्विस, कल्चरल अफेयर और शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए यह उपाधि दी गई है।

# आरक्षण को लेकर बढ़ रहीं प्रत्याशियों की धड़कनें

अब्बास नकवी। मोहम्मदी खीरी

**ज्यों-ज्यों नगर** पालिका परिषद के आरक्षण और अधिसूचना की तारीख नजदीक आ रही है। सामान्य वर्ग और पिछड़े वर्ग के अध्यक्ष पद के प्रत्याशियों की धड़कन बड़ी तेजी के साथ धड़कने लगी। संभावित प्रत्याशियों का ब्लड प्रेशर हाई और लो भी होता देखा जा सकता है परंतु नगर में चर्चाएं और बैठकों का दौर बड़ी तेजी के साथ शुरू हो गया है। सत्ता पक्ष और समाजवादी दोनों ओर से संभावित प्रत्याशियों की लंबी लाइन अभी से देखने को मिल रही है। भारतीय जनता पार्टी में भी इस बार नगर पालिका चुनाव को लेकर उत्सुकता चरम सीमा पर है। संगठन के लोग हर कीमत पर इस बार प्रत्याशी को चयन को लेकर बड़ी तेजी के साथ कमर कसे हुए हैं। संगठन ने नगर पालिका चुनाव को लेकर प्रभारी, सह प्रभारी सहित अन्य पदाधिकारियों की नियुक्ति पहले से

## ● आजादी से लेकर अब तक यहां की सीट सामान्य ही रही है तभी लोग कयास लगा रहे है कि इस बार ओबीसी होगी

कर दी है और जनता के बीच जाकर उनकी नब्ज टटोलने का काम कर रहे हैं। वहीं समाजवादी पार्टी कई खेमों में बटी नजर आ रही है। यहां संगठन का कोई महत्व नहीं है। जिसकी पहुंच ऊपर तक होगी वही टिकट लाएगा। समाजवादी पार्टी में संगठन का काम केवल चुनाव लड़ाना ही होता है। नगर पालिका अध्यक्ष हो सभासद के सिंबल स्थानीय सगठन का कोई महत्व नही होता। कांग्रेस का संगठन नगर में न के बराबर है। कुल मिलाकर भारतीय जनता पार्टी मे संगठन का दखल लगातार देखने को मिल रहा है परंतु आरक्षण के अब तक न आने से पूरी तरह पत्ते बंद ही दिखाई दे रहे हैं। परंतु सभी लोग अपनी-अपनी गोटियां बिछाने के लिए रणनीत बना रहे हैं। इस बार का आरक्षण के बाद प्रत्याशी को लेकर गहमागहमी और गर्माहट ज्यादा दिखाई पड़ रही है। जिसमे विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण मानी जा रही है। टिकट उसी की झोली मे जाऐगा जिसको संगठन और विधायक चाहेगे। आजादी से लेकर अब तक यहां की सीट सामान्य ही रही है तभी लोग कयास लगा रहे है कि इस बार ओबीसी होगी। आरक्षण में कोई फेरबदल होता है या नही सब टकटकी लगाऐ आरक्षण का इंतजार कर रहे है। जनता भी बेसब्री से आरक्षण का इंतजार कर रही है। आरक्षण आने के बाद सभी दलों के संभावित प्रत्याशियों के चेहरे भी आम होने की संभावना है। बैसे कुछ चेहरे अभी से सामने आ चुके है कुछ छुपे चेहरे वक्त का इंतजार कर रहे है।

## रेलवे जंक्शन पर मिले महिला के शव की शिनाख्त

**बरेली ।** दो दिन पूर्व रेलवे जंक्शन पर लावारिस हालत में मिले एक 60 वर्षीय महिला के शव की शिनाख्त आज पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे मृतका के घरवालों ने कर ली। छत्तीसगढ़ के गिरिडीह जिले के राजधनवार थाना क्षेत्र के गांव कटारा निवासी मुफीद की 60 वर्षीय पत्नी नसीबन के शव की आज पोस्टमार्टम हाउस पहुंची मृतका की बेटी रजिया ने शिनाख्त कर ली पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद बदायूं से दातागंज थाना क्षेत्र के गांव नोहनी निवासी रजिया ने बताया कि उसकी मां 4 दिन पूर्व झारखंड से ट्रेन पर सवार होकर बरेली आने के लिए चली थी जहां से रेलवे जंक्शन पर उतरने के बाद वह उससे मिलने के लिए बदायूं आने वाली थी लेकिन दो दिन पूर्व वह रेलवे जंक्शन के प्लेट नंबर पांच पर मृत अवस्था में पाई गई मौके पर पहुंची रेलवे पुलिस ने शव को अज्ञात के रूप में पोस्टमार्टम के लिए भेजा इधर पुलिस ने जब मृतका के पास मिलेगी महत्वपूर्ण प्रपत्रों के आधार पर उसके घरवालों को सूचना दी ।

## पूर्व पंप ऑपरेटर की दबंगई ने ली एक भतीजे की जान, दो जख्मी

**संडीला( हरदोई )।** पानी की टंकी पर तैनात रहे पंप ऑपरेटर की दबंगई ने उसके सगे भतीजे की जान ले ली जबकि दो भतीजे गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें ट्रॉमा सेंटर भेजा गया है। घटना बेनीगंज कस्बे की है। बताया गया है कि कोतवाली बेनीगंज में तैनात होम गार्ड रघुनाथ देर शाम अपने खेत में बोई गई आलू की फसल में पानी लगाने के लिए कस्बे को पानी सप्लाई करने वाली टंकी की पाइप लाइन पर गया था। वह पाइप कनेक्शन में पानी सप्लाई करने का पाइप जोड़ ही रहा था कि वहां पर रहने वाले इस टंकी के पूर्व ऑपरेटर मंगला पाण्डेय ने यह गैर कानूनी कार्य देख लिया और उन्होंनें रघुनाथ का वीडियो मोबाइल से बनाना शुरू कर दिया। यह देखकर रघुनाथ गाली गलौच करने लगा। इस पर यह मामला बढ़ गया और दोनों ओर से हाथा पाई और पथराव होने लगा। तभी मंगला प्रसाद पाण्डेय के तीन भतीजे 24 वर्षीय विशाल, 26 वर्षीय रजत और 28 वर्षीय शानू जो चौराहे से आ रहे थे उन्होंनें बीच बचाव करना शुरू कर दिया। इसी बीच मंगला प्रसाद पाण्डेय अपने घर पर चढ़ गया और अपनी दो नाली बंदूक उठाकर उसने फायरिंग करना शुरू कर दी। इस फायरिंग की चपेट में उसके अपने भतीजे रजत, शानू और विशाल आ गए। इनमें से रजत की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि विशाल और शानू गंभीर रूप से घायल हो गए। इधर तीनों युवाओं को गोली लगने की बात सुनते ही बवाल मच गया और पथराव और आगजनि होने लगी। इस गोलीबारी की सूचना रघुनाथ के पुत्र अन्नू ने दी जिसपर लगभग आधे घण्टे के बाद पुलिस पहुंची। इस बीच पुलिस के सामने ही बेकाबू भीड़ ने मंगला प्रसाद पाण्डेय की मोटरसाइकिल में आग लगा दी, कार को तोड़ फोड़ डाला। घटना की सूचना मिलते ही हरदोई से एसपी राजेश द्विवेदी और अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने दोनो घायलों को अस्पताल पहुंचाया जहां उनकी हालत बेहद गंभीर पाते हुए उन्हें ट्रॉमा सेंटर लखनऊ भेज दिया गया। इस बवाल के बाद रघुनाथ और मंगला पाण्डेय सहित कई लोगों को देर रात कार्रवाई करते हुए पुलिस ने गिरफ्तार किया है। क्षेत्र में अभी भी तनाव ही हालात हैं।

# क्षत्रिय सम्पर्क अभियान के तहत बैठक सम्पन्न

संवाददाता। मोहम्मदी खीरी

**राष्ट्रीय राजपूत** करणी सेना विधानसभा मोहम्मदी की बैठक रविवार को नगर के स्वामी रामाश्रम इंटर कॉलेज में विधानसभा अध्यक्ष विपिन सिंह के नेतृत्व में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता करणी सेना के जिलाध्यक्ष आशीष भदौरिया जी ने की।जिला अध्यक्ष आशीष भदौरिया ने क्षत्रिय हितों के संबंध में चर्चा की, समाज को संगठित होने के लिए आग्रह किया, बेरोजगार क्षत्रिय युवाओं को रोजगार दिलाने के प्रयास पर बल दिया, गरीब व असहाय क्षत्रियों के लिए सदैव तत्पर रहने का आश्वासन दिया साथ ही क्षत्रिय समाज के युवाओं द्वारा करी जा रही प्रतियोगिताओं की परीक्षा तैयारी हेतु निशुल्क कंपटीशन क्लासेज जैसी सेवाओं के संबंध में चर्चा की और जिला मुख्यालय पर क्षत्रिय समाज के लोगों के लिए रुकने की व्यवस्था की जानकारी उपलब्ध कराई व आगामी तिरंगा यात्रा व विशाल क्षत्रिय होली मिलन समारोह जैसे कार्यक्रमों के सम्बंध में चर्चा की।जिला महासचिव शुभम चौहान ने प्रदेश नेतृत्व द्वारा संगठन विस्तार हेतु विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई व सफल कार्यक्रम का संयोजन किया। संगठन के सर्व समाज हेतु प्रतिबद्धता एवं उत्कृष्टता को देखते हुए सैकढ़ो नए सदस्यों ने सदस्यता भी ग्रहण की। करणी सेना के जिला सचिव शुभम सिंह चौहान ने अपने उद्बोधन में स्पष्ट किया कि करणी सेना जिले के हर वर्ग की सहायता हेतु हमेशा उपलब्ध है।कोई भी ढ़रूरतमंद करणी सेना से सम्पर्क कर सकता है।

# महात्मा ज्योतिबा फुले की पुण्यतिथि पर सामाजिक एवम् आर्थिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित




**बरेली ।** महात्मा ज्योतिबा फुले जी की पुण्यतिथि के अवसर पर राधा कृष्ण चौरिटेबल ट्रस्ट बरेली उत्तर प्रदेश द्वारा आर्थिक एवं सामाजिक जागरूकता हेतु आज महात्मा ज्योतिबा फुले विश्वविद्यालय के0 वी0डी0ए0 छात्रावास परिसर में एक साथ सामाजिक एवम् आर्थिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित छात्रों को आर्थिक जागरूक विषय पर संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता सुनील यादव ने बताया कि किस प्रकार हमारे देश में वित्तीय समझ को लेकर विश्वविद्यालय स्तर पर छात्रों में लगभग निरक्षरता का माहौल है आज बैंक लगातार अपनी जमा पर ब्याज कम करते जा रहे हैं और देश में महंगाई की दर ब्याज की दर से अधिक है जिससे बैंकों में जमा होने वाला पैसा दिन प्रतिदिन कम हो रहा है । उन्होंने बताया की लोगों की व्यय करने की क्षमता भी कम हो रही है अर्थात व्यक्ति दिन प्रतिदिन गरीब और गरीब हो रहे हैं । उन्होंने कहा कि हमें कुछ ऐसे नए बचत उपकरणों का उपयोग करना चाहिए जिसके द्वारा महंगाई को को पीछे छोड़कर हमारी बचत में वृद्धि हो सके इसके लिए उन्होंने एस0आई0पी0 की महत्ता को विस्तार से समझाया । म्यूच्यूअल फंड, शेयर, बॉन्ड गोल्ड ईटीएफ आदि में निवेश की बारीकियों को बतायास उनके द्वारा यह भी बताया गया कि यदि आप सुनियोजित ढंग से अपने बचत के लक्ष्यों निर्धारित को करते है, तो आने वाले समय में आप के द्वारा पूर्व निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति की जा सकती है। कार्यक्रम में रामसेवक यादव अनुज सिंह, नितिन कुशवाहा विपुल सिंह, अमन कुमार दीपांशु आदि ने बढ चढ के प्रतिभाग किया।

## दुर्घटना में घायल बुजुर्ग ने दम तोड़ा

**बरेली ।** सड़क दुर्घटना में घायल एक ग्रामीण की इलाज के दौरान बीती रात मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

इज्जत नगर थाना क्षेत्र के गांव मोहनिया निवासी परमजीत सिंह की बीती रात एक निजी अस्पताल में मौत हो गई पोस्टमार्टम हाउस पर मृतक के घर वालों ने बताया कि परमजीत सिंह कल सुबह अपने भतीजे अमृतलाल पुत्र बलविंदर सिंह को मोटरसाइकिल से बस स्टैंड तक छोड़ने को घर से निकला था लेकिन बड़ा बाईपास स्थित कृष्णा ढाबे के सामने उनकी बाइक को एक ट्रक ने टक्कर मार दी जिससे भतीजे अमृतपाल की मौके पर ही मौत हो गई और परमजीत गंभीर रूप से घायल हो गए सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने उन्हें एक निजी अस्पताल भेजा और अमृतपाल के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा इलाज के दौरान परमजीत में भी बीती रात दम तोड़ दिया पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और ट्रक चालक के विरुद्ध कार्रवाई शुरू कर दो।

## पेज एक का शेष

### महिला ने बेटे से मिलकर...

पुलिस ने बताया कि मृतक अंजन दास की बिहार में एक पत्नी तथा आठ बेटे हैं, लेकिन उसने यह बात पूनम से छिपाई थी। दास के परिजन के डीएनए नमूने एकत्रित करने के लिए एक दल को बिहार भेजा जाएगा ताकि यह पता लगाया जाए कि शव के जो टुकड़े मिले हैं, वे दास के हैं या नहीं। यह मामला राष्ट्रीय राजधानी में 26 वर्षीय वालकर की हत्या से मिलता-जुलता है। उल्लेखनीय है कि पुलिस ने दिल्ली के महरौली में अपनी लिव-इन पार्टनर श्रद्धा वालकर की गला घोंटकर हत्या करने तथा उसके शव के 35 टुकड़े करके उन्हें करीब तीन हफ्तों तक 300 लीटर के फ्रिज में रखने के आरोप में 28 वर्षीय आफताब पूनावाला को 12 नवंबर को गिरफ्तार किया था।

### उच्चतम न्यायालय ने कॉलेजियम...

पीठ ने कहा, जब कोई उच्च स्तर का व्यक्ति कहता है तो उन्हें कहने दें, हम इसे खुद करेंगे। अदालत ने कहा, इस तरह से नामों को लंबित रखकर वह जीतने का दिखावा कर रहे हैं। पीठ ने कहा कि इस मामले में अटॉर्नी जनरल और सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता, दोनों पेश हो रहे हैं। पीठ ने हल्के-फुल्के अंदाज में कहा, तो डबल बैरल गन को काम करना चाहिए। पीठ ने कहा कि कॉलेजियम ने कुछ उच्च न्यायालयों के लिए मुख्य न्यायाधीशों के नामों की सिफारिश की है और ए सिफारिशें ठंडे बस्ते में हैं। पीठ ने कहा, पिछले दो महीने से सब कुछ ठप पड़ा है. कृपया इसका समाधान करें। अदालत ने कहा, न्यायिक पक्ष में हमसे इस पर फैसला न कराएं। शीर्ष अदालत ने मामले को आठ दिसंबर को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करते हुए कहा कि उसे उम्मीद है कि सरकार को सलाह देने के लिए अटॉर्नी जनरल और सॉलिसिटर जनरल दोनों अपनी भूमिका निभाएंगे ताकि कानून के शासन का पालन किया जा सके। पीठ ने कहा, जब तक कानून है, इसका पालन करना होगा। शीर्ष अदालत ने 11 नवंबर को न्यायाधीशों के रूप में नियुक्ति के लिए अनुशंसित नामों को मंजूरी देने में केंद्र द्वारा देरी पर नाराजगी व्यक्त की थी और कहा था कि उन्हें लंबित रखना स्वीकार्य नहीं है। पीठ ने केंद्रीय कानून मंत्रालय के सचिव (न्याय) और अतिरिक्त सचिव (प्रशासन और नियुक्ति) को नोटिस जारी कर याचिका पर उनका जवाब मांगा था। एडवोकेट्स एसोसिएशन बेंगलुरु द्वारा वकील पई अमित के माध्यम से दायर याचिका में उच्च न्यायालयों में न्यायाधीशों की नियुक्ति के साथ-साथ नामों के चुने जाने में असाधारण देरी का मुद्दा उठाया गया है, जो न्यायपालिका की स्वतंत्रता के पोषित सिद्धांत के लिए हानिकारक है। याचिका में 11 नामों का उल्लेख किया गया है जिनकी सिफारिश की गई थी और बाद में उन्हें दोहराया गया।

### सपा का वास्तविक चरित्र...

राष्ट्रीय अध्यक्ष परिवार का, मुख्यमंत्री भी परिवार का, राष्ट्रीय महासचिव भी परिवार का, सांसद भी परिवार का, विधायक भी परिवार का, ब्लाक प्रमुख भी परिवार का। परिवार के दायरे से कोई बाहर नहीं निकल पाता है। अखिलेश यादव का नाम लिए बिना उन पर तंज कसते हुए योगी ने करहल की जनता से पूछा, क्या आपके विधायक कोरोना काल में आपकी हालचाल लेने आए थे। उन्होंने दावा किया, आएंगे भी नहीं। उनको आपकी हाल चाल लेने की फुर्सत ही कहां है। अपनी मित्र मंडली से फुर्सत हो तब तो आपका हाल चाल लें, उनको तो वहीं से फुर्सत नहीं रहती होगी, इसलिए वे आएंगे भी नहीं। योगी ने कहा, उनकी (अखिलेश यादव) स्थिति यही है संकट के समय आपके साथ खड़े नहीं हो सकते। वे केवल भावनात्मक रूप से मैनपुरी को एक बार फिर बहकाने आ रहे हैं। अपने भाषण की शुरुआत सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए योगी ने कहा, नेताजी मुलायम सिंह यादव को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं, उन्हें इसलिए श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं क्योंकि उन्होंने 2019 में ही दिल्ली की संसद में कहा था कि आगे जो भी चुनाव होंगे उसमें आएगी तो भाजपा ही। मुख्यमंत्री ने कहा, यह नेताजी के आशीर्वाद का परिणाम था कि आजमगढ़ और रामपुर जैसे समाजवादी पार्टी के परंपरागत दुर्ग को ध्वस्त करते हुए भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी (जून में हुए उपचुनाव में) भारी बहुमत से परचम लहराते हुए लोकसभा में पहुंचे। उन्होंने दावा किया कि एक बार फिर से स्वर्गीय नेताजी का सपना साकार होने जा रहा है, जो उन्होंने कहा था कि जीतेगी तो भाजपा ही। भाजपा के लिए आपसे अपील करने के लिए मैं यहां आया हूं। उल्लेखनीय है कि अखिलेश यादव के त्यागपत्र से रिक्त हुई आजमगढ़ संसदीय सीट और सपा के वरिष्ठ नेता आजम खान के इस्तीफे से रिक्त हुई रामपुर संसदीय सीट के उपचुनाव में क्रमश: भाजपा के दिनेश लाल यादव निरहुआ और घनश्याम लोधी ने सपा उम्मीदवारों को पराजित किया था। सपा पर गंभीर आरोप लगाते हुए योगी ने कहा, 2014 में मोदी जी (प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी) ने देश को सबका साथ-सबका विकास का मंत्र दिया और कहा कि भेदभाव किसी के साथ नहीं लेकिन तुष्टिकरण किसी का नहीं----यही परिवर्तन का कारण बन रहा है। यह हर नागरिक के जीवन में उनके स्वावलंबन का आधार बन रहा है। सपा शासन में नौकरी के नाम पर वसूली का आरोप लगाते हुए योगी ने कहा कि पहले कोई नौकरी निकलती थी तो चाचा अलग वसूली करने, भतीजा अलग वसूली करने निकल पड़ते थे। नौजवानों का शोषण होता था और बदनामी इटावा और मैनपुरी की होती थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं एक दिन बयान पढ़ रहा था चाचा शिवपाल का, उनकी स्थिति पेंडुलम जैसी हो गई है। पिछली बार आपने देखा होगा कितना बेइज्जत करके भेजा, कुर्सी तक नहीं मिली, कुर्सी के हैंडल पर बैठना पड़ा था। उन्होंने कहा कि मैनपुरी अपनी पौराणिक और ऐतिहासिक परंपरा के लिए विख्यात रही है और मैं इसकी पहचान रखने के लिए फिर से आपके बीच आया हूं। इतिहास अवसर सबको देता है और आपको इतिहास बनाने का एक नया अवसर मिल रहा है। योगी ने कहा कि अब लोकतंत्र की अपनी ताकत का अहसास कराइए और वही अहसास कराने को कहने के लिए आपके पास आया हूं। उन्होंने आरोप लगाया कि उप्र में सपा की सरकार चार बार थी, इनके अपने महल बन गए लेकिन मैनपुरी, इटावा के गरीबों के घर नहीं बन पाए।

### अडानी के प्रोजेक्ट के...

इसमें कहा गया है कि हमले के कारण करीब 85 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। इस बीच, तिरुवनंतपुरम शहर के पुलिस आयुक्त ने मीडिया से कहा कि थाने पर हमले को किसी भी तरह से न्यायोचित नहीं ठहराया जा सकता। पुलिस आयुक्त ने कहा, हमने पहले ही पर्याप्त पुलिसकर्मी तैनात किए हैं। पुलिस थाने पर हमले को न्यायोचित नहीं ठहराया जा सकता। लोग आईपीसी की धारा 307 के तहत आरोपी एक व्यक्ति की रिहाई की मांग करते हुए थाने पहुंचे थे। जिला प्रशासन ने इस मुद्दे को हल करने के लिए सोमवार को सभी पक्षों की एक बैठक बुलाई है। इस बीच, हिरासत में लिए गए चार लोगों को जमानत पर रिहा कर दिया गया है। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (कानून-व्यवस्था) एम.आर. अजित कुमार ने मीडिया को बताया कि भीड़ ने रविवार शाम को पुलिस थाने में तोड़फोड की और पुलिसकर्मियों पर हमला किया जिसमें करीब 40 पुलिस कर्मियों को चोटें आने के बाद विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। प्रदर्शनकारियों ने रविवार रात को घटनास्थल पर मौजूदा मीडियाकर्मियों पर भी हमला किया था। प्रदर्शनकारियों ने स्थानीय चैनल एसीवी के कैमरामेन शेरिफ एम जॉन पर हमला किया, उनका कैमरा क्षतिग्रस्त कर दिया था तथा उनका मोबाइल फोन छीन लिया था। उन्हें तिरुवनंतपुरम मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### केंद्र ने कोर्ट में कहा, धार्मिक...

हलफनामे में कहा गया है कि लोक व्यवस्था राज्य का विषय है और विभिन्न राज्यों – ओडिशा, मध्य प्रदेश, गुजरात, छत्तीसगढ़, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, झारखंड, कर्नाटक और हरियाणा – ने जबरन धर्मांतरण पर नियंत्रण के लिए कानून पारित किए हैं। वकील अश्विनी कुमार दुबे के जरिए दायर याचिका में अनुरोध किया गया है कि विधि आयोग को एक रिपोर्ट तैयार करने के साथ-साथ जबरन धर्मांतरण को नियंत्रित करने के लिए एक विधेयक तैयार करने का निर्देश दिया जाए।

### हरियाणा जिला परिषद चुनाव...

इसके अलावा अंबाला में तीन और जींद में दो सीटों पर जीत दर्ज की। आप के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने जिला परिषद चुनावों में अपनी पार्टी के उम्मीदवारों को जीत की बधाई दी और उन्हें पूरे समर्पण के साथ लोगों के लिए काम करने को कहा। इंडियन नेशनल लोक दल (इनेलो) भी जिला परिषद चुनावों में कुछ लाभ हासिल करने में कामयाब रहा क्योंकि उसने सिरसा में 10 सीटें जीती हैं। इनेलो नेता और ऐलनाबाद से विधायक अभय चौटाला के बेटे करण चौटाला ने सिरसा में जिला परिषद के वार्ड नंबर 6 से 600 से अधिक मतों से जीत हासिल की। जिला परिषद चुनावों में झज्जर, हिसार, रेवाड़ी और रोहतक सहित कई जिलों में निर्दलीय उम्मीदवारों ने अधिकतर सीटों पर जीत हासिल की।

# सीमा विवाद : न्यायालय में रणनीति पर विधि विशेषज्ञों से चर्चा की जा रही, बोम्मई ने कहा

**भाषा।** मैसुरु



**सीमा विवाद** को लेकर महाराष्ट्र के साथ कानूनी लड़ाई के लिए तैयार कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने सोमवार को कहा कि शीर्ष अदालत में मामले पर होने वाली सुनवाई के लिए अपनाई जाने वाली रणनीति के बारे में राज्य के कानूनी विशेषज्ञों के साथ चर्चा की जा रही है।

कर्नाटक की सीमा से सटे महाराष्ट्र के कुछ गांवों के लोगों की राज्य के साथ विलय की कथित मांगों से जुड़े सवालों पर टिप्पणी करने से उन्होंने परहेज किया। बोम्मई ने कहा, 30 नवंबर को उच्चतम न्यायालय में एक मामले पर सुनवाई होनी है। कल मैंने कर्नाटक सीमा और नदी विन्यास आयोग के अध्यक्ष और उच्चतम न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति शिवराज पाटिल तथा अन्य विशेषज्ञों के साथ रणनीति और कानूनी दृष्टिकोण के बारे में बैठक की। बोम्मई ने यहां संवाददाताओं से कहा कि 29 नवंबर को वह नई दिल्ली में राज्य के कानूनी पैनल के वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी के साथ रणनीति और उन मामलों के बारे में चर्चा करेंगे जो बुधवार को सुनवाई के दौरान विशेष रूप से सामने आ सकते हैं। भाषाई आधार पर राज्यों के पुनर्गठन के बाद सीमा विवाद 1960 के दशक का है। महाराष्ट्र तत्कालीन बॉम्बे प्रेसीडेंसी का हिस्सा रहे बेलगावी पर अपना दावा करता है क्योंकि यहां मराठी भाषी लोगों की अच्छी खासी आबादी है। महाराष्ट्र 80 मराठी भाषी गांवों पर भी दावा करता है जो वर्तमान में कर्नाटक का हिस्सा है। कर्नाटक की सीमा से लगे महाराष्ट्र के कुछ गांवों के लोगों द्वारा उनके क्षेत्रों को राज्य में विलय करने की कथित मांग और उनके लिए उनका क्या संदेश है, इस सवाल के जवाब में बोम्मई ने कोई टिप्पणी करने से परहेज करते हुए कहा कि यह मामला उच्चतम न्यायालय के समक्ष लंबित है, जिसे इस पर निर्णय करना है। उन्होंने कहा, ए सभी मामले उच्चतम न्यायालय के सामने हैं...मुझे जो कहना था मैं कह चुका हूं, लेकिन जैसा कि मामला न्यायालय के सामने है, अब इस पर चर्चा नहीं करने का फैसला किया गया है, क्योंकि इसके कुछ निहितार्थ हो सकते हैं। इसका फैसला उच्चतम न्यायालय करेगा। सीमा विवाद पर भड़काऊ बयानों के लिए पड़ोसी राज्य के नेताओं की निंदा करते हुए मुख्यमंत्री ने हाल में कहा था कि महाराष्ट्र में सोलापुर और अक्कलकोट क्षेत्र कर्नाटक के हैं।

# बलात्कार मामले में बंद कमरे में सुनवाई की मांग वाली तेजपाल की याचिका खारिज

**भाषा।** नई दिल्ली

**उच्चतम न्यायालय** ने सोमवार को पत्रकार तरुण तेजपाल की उस याचिका को खारिज कर दिया जिसमें 2013 के बलात्कार के मामले में उन्हें बरी किए जाने के खिलाफ दायर अपील पर बंबई उच्च न्यायालय में बंद कमरे में सुनवाई का अनुरोध किया गया था। प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा की पीठ ने तेजपाल की ओर से पेश वरिष्ठ वकीलों कपिल सिब्बल और अमित देसाई की इस दलील को स्वीकार नहीं किया कि पत्रकार की प्रतिष्ठा और निजता की सुरक्षा के लिए सुनवाई बंद कमरे में की जाए।

पीठ ने दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 327 का हवाला दिया, जिसका जिक्र तेजपाल के वकीलों ने किया था। पीठ ने कहा कि आमतौर पर किसी आपराधिक मामले में सुनवाई खुली होना चाहिए और सुनवाई अदालत के न्यायाधीश को यह सुनिश्चित करने के लिए बंद कमरे में कार्यवाही का आदेश देने का अधिकार है कि महिला निडर होकर अपना बयान दे। पीठ ने कहा कि किसी आरोपी या पुरुष के लिए ऐसा नहीं किया जा सकता है।

सिब्बल ने तेजपाल की ओर से कहा, मैं मामले में बरी हो चुका हूं। प्रथम दृष्टया मेरे खिलाफ कुछ भी नहीं है। अगर यह (अपील के खिलाफ गोवा सरकार की अपील पर सुनवाई) खुली होगी है तो मीडिया ट्रायल होगा। पीठ ने कहा, "कानून ऐसा नहीं कहता है... बंद कमरे में सुनवाई संवेदनशील गवाहों के लिए है। पीठ ने, हालांकि, तेजपाल को उच्च न्यायालय के समक्ष अनुरोध करने की स्वतंत्रता दी ताकि ताकि वर्चुअल सुनवाई के बजाय भौतिक रूप से सुनवाई की जा सके। उच्च न्यायालय बलात्कार मामले में उनके बरी होने के खिलाफ राज्य द्वारा दायर अपील पर सुनवाई कर रहा है।

# न्यायालय ने अफजल खान के मकबरे के पास ध्वस्तीकरण के खिलाफ सुनवाई बंद की

**भाषा।** नई दिल्ली

**उच्चतम न्यायालय** ने महाराष्ट्र के प्राधिकारियों की उन दलीलों पर संज्ञान लेने के बाद एक अंतरिम याचिका पर सुनवाई बंद कर दी कि अफजल खान के मकबरे के आसपास सरकारी जमीन पर कथित अवैध ढांचों को हटाने के लिए चलाया गया ध्वस्तीकरण अभियान पूरा हो गया है।

अफजल खान बीजापुर की आदिल शाही वंश का कमांडर था। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा की पीठ ने ध्वस्तीकरण अभियान के खिलाफ हजरत मोहम्मद अफजल खान मेमोरियल सोसायटी की अंतरिम याचिका का निस्तारण करते हुए कहा, अब ध्वस्तीकरण अभियान चलाया गया है अत: जहां तक अंतरिम याचिका (ध्वस्तीकरण को चुनौती देने) का संबंध है तो असल में अब कुछ नहीं बचा है। बहरहाल, पीठ ने मकबरे में और उसके आसपास अवैध ढांचों को गिराने के लिए कहने वाले बंबई उच्च न्यायालय के दो आदेशों के खिलाफ लंबित सोसायटी की मुख्य अपील का अभी निपटारा नहीं किया। सोसायटी ने दावा किया था कि ध्वस्तीकरण से मकबरे को नुकसान पहुंच सकता है। उच्चतम न्यायालय ने 11 नवंबर को आदिलशाही वंश के सेनापति अफजल खान के मकबरे के आसपास की सरकारी जमीन पर कथित अनधिकृत ढांचों को हटाने के लिए चलाए गए अभियान पर सतारा जिला कलेक्टर और उप वन संरक्षक से रिपोर्ट तलब की थी।

सुनवाई शुरू होने पर पीठ ने जिला कलेक्टर और उप वन संरक्षक द्वारा सौंपी गई रिपोर्टों पर गौर किया और साथ ही ध्वस्तीकरण अभियान की तस्वीरों पर भी संज्ञान लिया। पीठ ने कहा कि ए दिखाती हैं कि वन्य भूमि पर किस हद तक अवैध निर्माण किया गया था। राज्य सरकार की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता एन के कौल ने कहा कि अफजल खान का मकबरा और एक अन्य कब्र को छूआ भी नहीं गया और ए संरक्षित हैं। कौल ने बताया कि सरकारी जमीन पर अवैध रूप से बनाई गई दो धर्मशालाओं को ढहा दिया गया है। अफजल खान महाराष्ट्र के सतारा जिले में प्रतापगढ़ किले के पास मराठा राजा छत्रपति शिवाजी महाराज के हाथों मारा गया था और बाद में उसकी याद में एक मकबरा बनाया गया था।



यूएई के नियुक्त नए अंबेसडर जमाल हुसैन अपने पत्रों को भारत की राष्ट्रपति को सौंपते हुए

## क्विक न्यूज

### न्यायालय को उम्मीद, ओडिशा में आंदोलनकारी वकीलों के खिलाफ उचित कार्वाई करेगी बीसीआई

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने ओडिशा के कुछ जिलो में बार संघो के सदस्यो के आंदोलन पर सोमवार को नाखुशी जताते हुए कहा कि उसे उम्मीद है कि बार काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई) इस मामले मे लाइसेंस निलंबित करने समेत उचित कार्वाई करेगी। शीर्ष अदालत ने कहा कि आंदोलनकारी वकीलो को काम बहाल करना होगा। उसने कहा कि प्रदर्शन का एक मुद्दा पश्चिम ओडिशा में उड़ीसा उच्च न्यायालय की स्थाई पीठ की स्थापना की मांग है, लेकिन उच्च न्यायालय की पीठो को हर जगह स्थापित नही किया जा सकता। न्यायमूर्ति एस के कौल और न्यायमूर्ति ए एस ओका की पीठ ने कहा, प्रमुख मुद्दा क्या है? हर जिला उच्च न्यायालय की पीठ चाहता है? आपके यहां जिला स्तरीय अदालत हो सकती है लेकिन आपके नजदीक कोई उच्च न्यायालय नही हो सकता। शीर्ष अदालत ने कहा, ऐसा नही हो सकता। ओडिशा इतना बड़ा राज्य नही है। न्यायालय उड़ीसा उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल की अर्जी पर सुनवाई कर रहा था जिन्होंने कहा है कि अनेक जिलो में बार संघो के सदस्यो द्वारा काम से गैरहाजिर रहने से राज्य की निचली अदालतो मे न्यायिक कामकाज प्रभावित हुआ है। उसने 14 नवंबर को बार संघो के आंदोलनकारी सदस्यो से 16 नवंबर तक काम बहाल करने को कहा था।

### विदेश सचिव क्वात्रा को 16 महीने का सेवा विस्तार मिला

**नई दिल्ली।** विदेश सचिव विनय मोहन क्वात्रा को उनकी सेवानिवृति की तिथि 31 दिसंबर से आगे 16 महीने का सेवा विस्तार दिया गया है। कार्मिक मंत्रालय के आदेश से यह जानकारी मिली है। क्वात्रा ने एक मई को विदेश सचिव का कार्यभार संभाला था। उनसे पहले इस पद पर हर्षवर्द्धन श्रृंगला कार्यरत थे। सरकारी आदेश में कहा गया है कि मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने भारतीय विदेश सेवा के 1988 बैच के अधिकारी विनय मोहन क्वात्रा को विदेश सचिव के रूप में सेवा विस्तार प्रदान किया है। क्वात्रा का सेवा विस्तार ऐसे समय में किया गया है जब भारत जी20 समूह की अध्यक्षता ग्रहण करने जा रहा है और अगले वर्ष इस समूह की शिखर बैठक की मेजबानी करेगा।

### गुजरात विस चुनाव में I,621 उम्मीदवारों में से 330 के खिलाफ आपराधिक मामले : एडीआर रिपोर्ट

**अहमदाबाद।** अगले महीने होने वाले गुजरात विधानसभा चुनाव में I,621 उम्मीदवारो में से 330 या करीब 20 प्रतिशत उम्मीदवारों के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज है। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) ने सोमवार को यह जानकारी दी। एडीआर की रिपोर्ट के मुताबिक, इस सूची मे 61 उम्मीदवारो के साथ आम आदमी पार्टी सबसे ऊपर है। 2017 के गुजरात विधानसभा चुनावो में आपराधिक मामलो वाले उम्मीदवारों की कुल संख्या 238 थी। राज्य में विधानसभा चुनाव दो चरणो में हो रहे है। दोनों चरणो के उम्मीदवारो के सर्वेक्षण के बाद एडीआर द्वारा सोमवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार, कांग्रेस के 60 और सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के 32 उम्मीदवारो के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज है। एडीआर ने गुजरात में एक और पांच दिसंबर को होने वाले दो चरणों के चुनाव के लिए सभी I,621 उम्मीदवारों के हलफनामों के विश्लेषण का हवाला देते हुए कहा कि हत्या, बलात्कार और हत्या के प्रयास से संबंधित गंभीर अपराधो के लिए कुल 192 उम्मीदवारो पर मामले दर्ज है, जिसमे कांग्रेस, भाजपा और आप के 96 उम्मीदवार शामिल है। रिपोर्ट के मुताबिक, गंभीर अपराधों वाले उम्मीदवारों के मामले में आप 43 उम्मीदवारो के साथ सूची मे सबसे ऊपर है जबकि कांग्रेस के 28 और भाजपा के 25 ऐसे उम्मीदवार मैदान मे है।

### एसएससी घोटाला : सीबीआई की विशेष अदालत ने बंगाल के पूर्व मंत्री की जमानत अर्जी खारिज की

**कोलकाता।** अलीपुर की विशेष सीबीआई अदालत ने जेल में बंद पश्चिम बंगाल के मंत्री पार्थ चटर्जी की जमानत अर्जी एक बार फिर खारिज कर दी है और स्कूल सेवा आयोग (एसएससी) भर्ती घोटाले की जांच कर रही एजेंसी के अनुरोध पर उन्हें 12 दिसंबर तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। यह दावा करते हुए कि जांच में कोई नई सूचना सामने नही आई है, चटर्जी के वकील ने अपने मुवक्किल के लिए जमानत मांगी थी। लेकिन, जमानत अर्जी का विरोध करते हुए सीबीआई के वकील ने दावा किया कि जांच अभी शुरूआती चरण मे है और चटर्जी को जमानत मिलने से जांच बाधित हो सकती है। चटर्जी की कथित करीबी सहयोगी अर्पिता मुखर्जी के फ्लैट से नकदी, गहने और संपत्ति के दस्तावेज मिलने के बाद प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 23 जुलाई को पहली बार चटर्जी को गिरफ्तार किया था। बाद में अदालती आदेश पर सीबीआई ने 16 सितंबर को उन्हें गिरफ्तार किया। इससे पहले भी पीएमएलए और सीबीआई अदालतें चटर्जी की जमानत अर्जी खारिज कर चुकी है। चटर्जी के पास 2014 से 2021 तक शिक्षा मंत्रालय का प्रभार था और उसी दौरान सरकारी तथा सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलो में हुई शिक्षण तथा गैर-शिक्षण कर्मियो की भर्तियो मे कथित रूप से अनियमितता को लेकर विवाद हुआ है। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने मामले की जांच सीबीआई को सौंपी है।

### झारखंड के एक ब्लॉक में मौलवियों ने निकाह में नृत्य, संगीत, पटाखों पर पाबंदी लगाई

**धनबाद (झारखंड)।** जिले के एक ब्लॉक के मौलवियो ने निकाह के दौरान गैर-इस्लामी चीजो जैसे नृत्य, तेज आवाज वाले संगीत और पटाखे चलाने पर पाबंदी लगा दी है और इसका उल्लंघन करने वालो पर जुर्माना लगाने की बात कही है। जिले के निरसा ब्लॉक मे स्थित सिबलिबादी जामा मस्जिद के मुख्य मौलवी मौलाना मसूद अख्तर ने सोमवार को कहा कि ए सभी पाबंदियां दो दिसंबर से प्रभावी होंगी। अख्तर ने कहा, हमने आम सहमति से तय किया है कि निकाह इस्लाम के हिसाब से होंगे और नाच-गाना, डीजे और पटाखे चलाना, ए सब नही होगा। इस आदेश का उल्लंघन करने वालो पर 5,100 रुपए का जुर्माना लगेगा। उन्होंने कहा, इस्लाम मे इनकी इजाजत नही है। इससे लोगो को भी परेशानी होती है। निकाह से जुड़ा यह फैसला अख्तर की अध्यक्षता मे रविवार को हुई बैठक में लिया गया। अख्तर ने यह भी कहा कि निकाह रात आठ बजे से पहले पढ़ा लिया जाए क्योंकि उसके बाद का समय सही नही होता है। उन्होने कहा, अगर कोई रात 11 बजे के बाद निकाह कराता है तो उसपर भी जुर्माना लगाया जाएगा। उल्लंघन करने वाले को लिखित माफीनामा भी देना होगा। मौलवी ने मुसलमानो से आग्रह किया कि वे इस फैसले के बारे में अपने रिश्तेदारों और अन्य लोगो को भी बताएं।

### मेघालय के तीन विधायकों ने विधानसभा अध्यक्ष को इस्तीफा सौंपा

**शिलॉग।** मेघालय में सत्तारूढ़ नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) के दो और विपक्षी दल तृणमूल कांग्रेस के एक विधायक ने सोमवार को विधानसभा से इस्तीफा दे दिया जिससे दोनो दलों को झटका लगा है। विधानसभा आयुक्त और सचिव एंड्रयू सिमोंस ने बताया कि एनपीपी विधायकों फेरलिन संगमा, बेनेडिक मारक और टीएमसी के एच एम शांगप्लियांग ने विधानसभा अध्यक्ष मेटबाह लिंगदोह को अपना इस्तीफा सौंप दिया। सूत्रों ने कहा कि इस्तीफा देने वाले विधायकों ने अपनी-अपनी पार्टियो की सदस्यता भी छोड़ दी है। अटकलें लगाई जा रही है कि तीनो नेता अगले महीने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो सकते है। एनपीपी के नेतृत्व वाले मेघालय डेमोक्रेटिक एलायंस मे भाजपा सहयोगी है। इस कदम का स्वागत करते हुए भाजपा के एक वरिष्ठ नेता ने पहचान जाहिर नही करने की शर्त पर कहा, उन्होंने (इस्तीफा देने वाले विधायकों) महसूस किया है कि भाजपा एकमात्र ऐसी पार्टी है जो राज्य के समग्र विकास पर ध्यान केंद्रित कर रही है। मेघालय मे अगले साल की शुरुआत मे विधानसभा चुनाव होने है।

### गोवा में 5 लाख रुपए के मादक पदार्थ जब्त, एनसीबी ने दो विदेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया

**मुंबई।** स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) ने गोवा मे दो विदेशी नागरिको को गिरफ्तार कर पांच लाख रुपए मूल्य के मादक पदार्थ जब्त किए है। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होने बताया कि एनसीबी की गोवा उप-क्षेत्रीय इकाई ने रविवार को उत्तरी गोवा मे नशीली दवाइयो के साथ 55 ग्राम चरस जब्त की। अधिकारी ने बताया कि एजेंसी को अंबिका नाम की एक रूसी महिला के बारे मे जानकारी मिली थी जो अपने सहयोगी जे ली के साथ मादक पदार्थों की तस्करी का गिरोह चला रही थी। उन्होने कहा कि एक गुप्त सूचना के आधार पर एनसीबी की टीम ने जाल बिछाया और उस महिला और उसके सहयोगी को पकड़ लिया। अधिकारी ने बताया कि ली से 4.50 लाख रुपए नकद भी बरामद किए गए है। पूछताछ में पता लगा कि वे लंबे समय से गोवा मे सक्रिय थे और उनके ग्राहक सिर्फ विदेशी पर्यटक थे।

### तेलंगाना भाजपा अध्यक्ष की पदयात्रा, बैठक के लिए अदालत ने सशर्त मंजूरी दी

**हैदराबाद।** तेलंगाना उच्च न्यायालय ने सोमवार को प्रदेश भाजपा प्रमुख और सांसद बी. संजय कुमार को उनकी प्रजा संग्राम यात्रा के पांचवें चरण और निर्मल जिले के भैंसा शहर में एक जनसभा करने की सशर्त अनुमति दी। अदालत ने कहा कि पदयात्रा शहर के बाहर आयोजित की जाएगी। तेलंगाना पुलिस ने कुमार को उनकी प्रजा संग्राम यात्रा के पांचवें चरण और निर्मल जिले के भैंसा शहर में एक जनसभा की अनुमति देने से इनकार करते हुए सांप्रदायिक रूप से संवेदनशील स्थिति का हवाला दिया था। भाजपा ने इसके खिलाफ उच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी। पदयात्रा और बैठक के लिए मंजूरी की मांग वाली याचिका पर सुनवाई के बाद उच्च न्यायालय ने पैदल मार्च और बैठक की सशर्त अनुमति दी।अदालत ने निर्देश दिया कि पदयात्रा अधिकतम 500 लोगों के साथ भैंसा शहर के बाहर आयोजित की जानी चाहिए और बैठक का स्थान भैंसा शहर से तीन किलोमीटर दूर होना चाहिए, जिसमे लोगो की उपस्थिति 3,000 से अधिक न हो। अदालत ने यह भी निर्देश दिया कि बैठक अपराह्न तीन बजे से शाम पांच बजे के बीच होनी चाहिए और कोई भड़काऊभाषण और कोई भड़काऊनारेबाजी नही होनी चाहिए।

### राजभवन ने शिवाजी पर टिप्पणी को लेकर कोश्यारी के इस्तीफे पर विचार करने की खबरों का खंडन किया

**मुंबई।** महाराष्ट्र के राजभवन ने छत्रपति शिवाजी महाराज के बारे में की गई विवादित टिप्पणी को लेकर बढ़ते दबाव के बीच राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी के पद छोड़ने पर विचार करने की खबरों को सोमवार को निराधार बताया। उद्धव ठाकरे नीत शिवसेना धड़ा, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) और कांग्रेस ने कोश्यारी को हटाए जाने की मांग तेज कर दी है।राजभवन सूत्रों ने कहा, राज्यपाल के इस्तीफे पर विचार करने की खबरों का कोई आधार नहीं है। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री आदित्य ठाकरे ने राज्यपाल की टिप्पणी के खिलाफ नहीं बोलने के लिए राज्य की आलोचना की। उन्होंने ट्वीट किया, राज्य, इसके श्रद्धेय नायकों, समाज सुधारकों का लगातार अपमान किया जा रहा है, और स्पष्ट रूप से राजनीतिक होना वर्तमान राज्यपाल की एक और उपलब्धि है... शर्मनाक है कि उन्हें अभी तक हटाया नहीं गया है और सरकार इस पर कुछ नहीं बोलती हैउ इस महीने की शुरुआत में कोश्यारी ने छत्रपति शिवाजी महाराज को "पुराने दिनों" का नायक कहकर विवाद खड़ा कर दिया था। उनकी टिप्पणी को विपक्ष ने शिवाजी और राज्य का "अपमान" बताया था।

### आरएसएस ने 2023 के लिए निर्णयों को अंतिम रूप देने को बैठक की

**चेन्नई।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने आगामी वर्ष के लिए निर्णयों को अंतिम रूप देने के वास्ते अपने नेताओं और सदस्यों के साथ यहां एक बैठक की। रविवार को संपन्न हुई दो दिवसीय परामर्श बैठक में लोगों के बीच आरएसएस की पहुंच बढ़ाने और राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के कार्यान्वयन को सुदृढ़ करने सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। एक वरिष्ठ नेता ने सोमवार को कहा, यह आरएसएस की एक आंतरिक बैठक थी जिसमें कई मुद्दों पर चर्चा की गई जिसमें संगठन के सामने आने वाली चुनौतियां और अगले साल लागू किए जाने वाले जनहितैषी कार्यक्रम शामिल थे। चर्चा से आगामी वर्ष के लिए निर्णयों को अंतिम रूप देने में मदद मिलेगी। बैठक में भाजपा और संघ परिवार के वरिष्ठ नेताओं ने हिस्सा लिया जिसमें पिछले वर्ष की गतिविधियों और आरएसएस के विस्तार के लिए आने वाले वर्ष के कार्यों पर विस्तृत चर्चा हुई। इस महीने की शुरुआत में, आरएसएस ने मद्रास उच्च न्यायालय के एक फैसले को चुनौती देने के लिए तमिलनाडु में अपना 6 नवंबर का रूट मार्च स्थगित कर दिया था। उससे पहले पुलिस ने संगठन को इसके लिए अनुमति देने से इनकार कर दिया था। आरएसएस की प्रदेश इकाई ने स्वतंत्रता के 75 वर्ष, बी आर आंबेडकर की 125 वीं जयंती और गांधी जयंती के उपलक्ष्य में 2 अक्टूबर को 50 स्थानों पर एक मार्च निकालने की योजना बनाई थी।

### प्रधानमंत्री 11 दिसंबर को गोवा में विश्व आयुर्वेद कांग्रेस के समापन समारोह में भाग लेंगे

**पणजी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 11 दिसंबर को गोवा में विश्व आयुर्वेद कांग्रेस के समापन समारोह और अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान के उद्घाटन कार्यक्रम में भाग लेंगे। गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने सोमवार को यह जानकारी दी। सावंत ने संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी उत्तरी गोवा के पेरनेम तालुका के धारगल में अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान के उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि बाद में प्रधानमंत्री पणजी में नौवीं विश्व आयुर्वेद कांग्रेस के समापन समारोह में शामिल होंगे। आयुर्वेद कांग्रेस का उद्घाटन आठ दिसंबर को होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि विश्व आयुर्वेद कांग्रेस आयुष मंत्रालय का सबसे बड़ा आयोजन है और इसमें 37 देशों के आयुर्वेद विद्वान भाग लेंगे। सावंत ने कहा कि इस कार्यक्रम में आयुर्वेद, योग, प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्धा और होम्योपैथी चिकित्सा पद्धतियों के लिए परामर्श भी आयोजित किया जाएगा।

# बघेल ने लगाया ईडी पर हद पार करने और लोगों के साथ अमानवीय व्यवहार करने का आरोप

**भाषा।** रायपुर

**छत्तीसगढ़ के** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सोमवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) पर हद पार करने और राज्य में लोगों के साथ अमानवीय व्यवहार करने का आरोप लगाया। रायपुर के पुलिस परेड मैदान स्थित हेलीपैड पर संवाददाताओं से बातचीत में बघेल ने आरोप लगाया कि एजेंसी जांच के नाम पर लोगों को प्रताड़ित और परेशान कर रही है। इसके साथ ही उन्होंने इसे दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया।

बघेल ने इस टिप्पणी से एक दिन पहले लगातार ट्वीट कर ईडी पर हमला बोला था, और लोगों को डराने का आरोप लगाया था। ईडी की कार्वाई को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में बघेल ने कहा, यह गलत हो रहा है। वह अपनी सीमा से बाहर जाकर काम कर रहे हैं। जानकारी आ रही है कि किसी को मुर्गा बना रहे हैं और किसी को खाना देते हैं तो पानी नहीं देते। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया, रात भर जगा कर रखते हैं और देर रात तक छोड़ते हैं। देर रात तक सोने नहीं देते। राड से पिटाई हो रही है। उन्हें सुनाई नहीं दे रहा है। बुजुर्ग आदमी को बैठने नहीं देते, कहते हैं कि खड़े रहो। उन्होंने कहा, मैं नहीं समझता कि इसकी इजाजत न्यायालय या सरकार देगी। अपनी सीमाओं से बाहर जाकर कार्वाई कर रहे हैं। यह दुर्भाग्यजनक है। ईडी ने हाल ही में खनन ट्रांसपोर्टरों से कथित जबरन वसूली से जुड़े मामले में आईएएस अधिकारी समीर विश्नोई सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया था। मुख्यमंत्री ने रविवार को ट्वीट किया था कि अधिकारियों को निर्देशित किया है कि भारत सरकार को इन सब घटनाओं की जानकारी दी जाए और अवैधानिक कृत्यों पर रोक लगाई जाए। उन्होंने बातचीत के दौरान कहा कि जब झारखंड पुलिस बलात्कार के आरोपी तथा भानुप्रतापपुर उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार ब्रह्मानंद नेताम को गिरफ्तार करने पहुंची तब पार्टी हाय तौबा क्यों मचा रही है। बघेल ने एक सवाल के जवाब में कहा, दो दिन पहले (भाजपा नेता) बृजमोहन अग्रवाल जी ने नेताम को गिरफ्तार करने की चुनौती दी थी, और अब झारखंड पुलिस यहां आ गई है तो वह हाय तौबा क्यों मचा रहे हैं। अब कार्वाई को साजिश बता रहे हैं।

# धनशोधन मामला: महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री देशमुख के पुत्र को जमानत मिली

**भाषा।** मुंबई

**महाराष्ट्र के** पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख के पुत्र ऋषिकेश देशमुख सोमवार को धनशोधन से जुड़े एक मामले में यहां एक विशेष अदालत में पेश हुए जहां उन्हें जमानत दे दी गई। धनशोधन रोकथाम कानून से संबंधित मामलों की सुनवाई करने वाली विशेष अदालत ने उनकी उपस्थिति दर्ज की और फिर उन्हें जमानत प्रदान कर दी।

मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा अपनी शिकायत (आरोपपत्र) जमा किए जाने के बाद अदालत ने इस साल फरवरी में ऋषिकेश को समन जारी किया था। आरोपपत्र में ऋषिकेश का नाम एक आरोपी के रूप में लिया गया था। अदालत में पेश होने के बाद, ऋषिकेश ने अपने वकील अनिकेत निकम के जरिए आवेदन दायर किया जिसमें अदालत से उनकी पेशी को स्वीकार करने और उन्हें जमानत देने का अनुरोध किया गया। अपने आवेदन में, ऋषिकेश ने दलील दी कि ईडी के मामले में आरोप जनवरी 2020 से अप्रैल 2021 के बीच तत्कालीन गृह मंत्री के रूप में उनके पिता के कथित कृत्यों तक सीमित हैं। याचिका में कहा गया कि बंबई उच्च न्यायालय ने मामले में अनिल देशमुख को पहले ही जमानत दे दी है। हालांकि इस मामले में अनिल देशमुख को जमानत मिल गई है, लेकिन भ्रष्टाचार के आरोप में उनके खिलाफ दर्ज अन्य मामले में वह अब भी जेल में हैं।

# पंजाब के रूपनगर में लारेंस बिश्नोइ गिरोह के चार सहयोगी गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पंजाब के रूपनगर जिले में लारेंस बिश्नोई गिरोह के चार सहयोगी गिरफ्तार किए गए। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। रूपनगर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विवेक शील सोनी ने कहा कि गिरफ्तार लोगों के पास से तीन पिस्तौल और 22 कारतूस बरामद किए गए हैं। खुफिया जानकारी के आधार पर कार्य करते हुए एक पुलिस अधीक्षक (जासूसी) मानविंदरबीर सिंह की अगुवाई वाले दल ने कुलदीप सिंह कारी, कुलविंदर सिंह टिंका, सतवीर सिंह शम्मी और बेअंत सिंह को शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। एसएसपी ने कहा कि सभी चार आरोपी बिश्नोई गिरोह से जुड़े हैं। पुलिस ने बताया कि कारी, टिंका और शम्मी के खिलाफ पिछले महीने लुधियाना में हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया गया था।

# महाराष्ट्र-कर्नाटक सीमा विवाद : महाराष्ट्र के मंत्री पाटिल, देसाई तीन दिसंबर को बेलगाम जाएंगे

**भाषा।** मुंबई

**महाराष्ट्र के** मंत्री चंद्रकांत पाटिल और शंभुराज देसाई तीन दिसंबर को बेलगाम में मध्यवर्ती महाराष्ट्र एकीकरण समिति के कार्यकर्ताओं से मिलेंगे और कर्नाटक के साथ दशकों पुराने सीमा विवाद पर उनसे बातचीत करेंगे। दोनों राज्यों के बीच सीमा विवाद पर अदालती मामले के संबंध में कानूनी टीम के साथ समन्वय करने के लिए पाटिल और देसाई को सीमा विवाद के वास्ते समन्वय मंत्री बनाया गया है। पाटिल ने ट्विटर पर कहा कि मध्यवर्ती महाराष्ट्र एकीकरण समिति की ओर से सीमा मुद्दे पर चर्चा करने की मांग की गई थी। मंत्री ने समिति के एक पत्र के साथ ट्वीट किया, इसके अनुसार समन्वय मंत्री शंभुराज देसाई और मैं तीन दिसंबर को बेलगाम का दौरा करेंगे और चर्चा करेंगे। चलिए मुलाकात करते हैं। चर्चा से निश्चित रूप से एक रास्ता निकलेगा। हाल के एक सरकारी प्रस्ताव के अनुसार, मंत्री उस समिति के साथ समन्वय के लिए जिम्मेदार होंगे जो कर्नाटक में मराठी भाषी क्षेत्रों का राज्य के साथ विलय चाहती हैं। प्रस्ताव में कहा गया है कि पाटिल और देसाई कर्नाटक के उन 865 गांवों के निवासियों की समस्याओं पर भी गौर करेंगे। पाटिल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता हैं, जबकि देसाई शिवसेना के बालासाहेबंची शिवसेना गुट के सदस्य हैं। दोनों पश्चिमी महाराष्ट्र के निवासी हैं। महाराष्ट्र 1960 में अपनी स्थापना के बाद से, कर्नाटक के साथ बेलगाम (जिसे बेलगावी भी कहा जाता है) जिले और 80 अन्य मराठी भाषी गांवों को लेकर विवाद में उलझा हुआ है। बेलगाम और ए गांव कर्नाटक में हैं।

# गोवा में मादक पदार्थ के नए तस्कर आ रहे हैं: भाजपा विधायक

**भाषा।** पणजी

**भारतीय जनता** पार्टी (भाजपा) के विधायक माइकल लोबो ने कहा कि मादक पदार्थ के कारोबार के खिलाफ गोवा सरकार की बिल्कुल बर्दाश्त न करने की नीति के बावजूद नए तस्कर राज्य में आ रहे हैं।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने तटीय राज्य में मादक पदार्थ के कारोबार पर कार्वाई करने के लिए पुलिस विभाग को खुली छूट दी है। लोबो ने रविवार को पत्रकारों से बातचीत में कहा कि मादक पदार्थ के कारोबार के खिलाफ कार्वाई की जा रही है लेकिन इसके बावजूद नए तस्कर हरसंभव तरीके से राज्य में आ रहे हैं। उन्होंने लोगों से अपने-अपने इलाकों में मादक पदार्थ के अवैध कारोबार के बारे में पुलिस को सूचना देने की अपील की।

# सेना के अराजनीतिक बने रहने का फैसला उसे राजनीति की अनिश्चितता से बचाएगा

भाषा। इस्लामाबाद

**अपनी सेवानिवृत्ति** से एक दिन पहले पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल कमर जावेद बाजवा ने कहा है कि सैन्य प्रतिष्ठान को अराजनीतिक रखने के उनके फैसले से तख्तापलट की आशंका वाले देश में सेना राजनीति की अनिश्चितताओं से बची रहेगी। जनरल बाजवा तीन साल के सेवा विस्तार के बाद 61 साल की उम्र में 29 नवंबर को सेवानिवृत्त होंगे। पाकिस्तान ने लेफ्टिनेंट जनरल असीम मुनीर को नया सेना प्रमुख नियुक्त किया है, जो मौजूदा जनरल बाजवा की जगह लेंगे। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि पाकिस्तानी सेना ने अपनी भूमिका को गैरराजनीतिक बनाने का निर्णय लेकर, उसे संवैधानिक तौर पर दिए गए काम तक सीमित कर दिया है। संयुक्त अरब अमीरात स्थित अखबार गल्फ न्यूज को दिए एक साक्षात्कार में जनरल बाजवा ने कहा, यह निर्णय, हालांकि समाज के एक वर्ग द्वारा नकारात्मक रूप से देखा जा रहा है और व्यक्तिगत आलोचना का कारण बना, (किंतु यह) लोकतांत्रिक संस्कृति को पुनर्जीवित करने और मजबूत करने में मदद करेगा, राज्य के तंत्रों को प्रभावी ढंग से प्रदर्शन करने और काम को अंजाम तक पहुंचाने में सहायता करेगा। इन सबसे ऊपर, यह निर्णय लंबी अवधि में सेना की प्रतिष्ठा बढ़ाने में मदद करेगा। पाकिस्तान के सेना प्रमुख के रूप में अपने अंतिम सार्वजनिक संबोधन में जनरल बाजवा ने बुधवार को कहा कि पिछले 70 वर्षों में सैन्य प्रतिष्ठान का राजनीति में असंवैधानिक हस्तक्षेप था, जिसके कारण आम जनता और राजनेताओं ने इसकी आलोचना की। उन्होंने साक्षात्कार में कहा, राष्ट्रीय निर्णय लेने में पाकिस्तानी सेना की हमेशा अहम भूमिका रही है। देश की राजनीति में अपनी ऐतिहासिक भूमिका के कारण, सेना की जनता और राजनेताओं ने समान रूप से आलोचना की। उनका बयान तब आया है जब सैन्य प्रतिष्ठान ने हाल के महीनों में दोहराया है कि उसने गैर राजनीतिक बने रहने का फैसला किया है। सेना के शीर्ष अधिकारी का बयान उन आरोपों के बीच आया कि यह (सेना) देश की राजनीति में हस्तक्षेप करती है, अक्सर एक राजनीतिक दल या दूसरे का पक्ष लेती है। जनरल बाजवा ने कहा कि जब सेना को राजनीतिक मामलों में शामिल देखा गया तो सशस्त्र बलों के प्रति जनता के समर्थन और आत्मीयता में कमी आई। इसलिए, मैंने पाकिस्तान में राजनीति की अनिश्चितताओं से सेना को बचाने के लिए इसे विवेकपूर्ण समझा। बाजवा को 2016 में सेना प्रमुख के रूप में नियुक्त किया गया था और उनका तीन साल का कार्यकाल 2019 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इमरान खान द्वारा बढ़ाया गया था। इमरान हालांकि बाद में सेना के बड़े आलोचक बन गए थे।

# चीन तीन सदस्ईय दल अपने अंतरिक्ष स्टेशन में भेजेगा

भाषा। बीजिंग



**अमेरिका के** साथ गहरी प्रतिस्पर्धा के बीच चीन अपने निर्माणाधीन अंतरिक्ष केंद्र में मंगलवार को तीन सदस्ईय एक दल भेज रहा है। इसके साथ ही चीन ने चंद्रमा के लिए मानव मिशन की अपनी योजना का भी खुलासा किया।चाइना मैन्ड स्पेस एजेंसी (सीएमएसएम) ने घोषणा की कि अंतरिक्ष यात्रियों को शेनझोऊ-15 यान के जरिए भेजा जाएगा। अंतरिक्ष यान उत्तर-पश्चिम चीन में स्थित जियुक्वान उपग्रह प्रक्षेपण केंद्र से भेजा जाएगा। इस मिशन के तहत तीन अंतरिक्ष यात्रियों - फी जुनलॉन्ग, डेंग शिंगमिंग और झांग लू को भेजा जाएगा। सीएमएसए के निदेशक के सहायक जी किमिंग ने मीडिया को बताया कि फी इस मिशन के प्रमुख होंगे। तीन सदस्ईय दल करीब छह महीने तक कक्षा में रहेगा। इस अवधि के दौरान अंतरिक्ष स्टेशन का निर्माण पूरा हो जाने की उम्मीद है।उन्होंने बताया कि अंतरिक्ष यान को लॉन्ग मार्च-2एफ नामक रॉकेट से भेजा जाएगा और इसके लिए रॉकेट में जल्दी ही प्रणोदक भरा जाएगा।सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने बताया कि अंतरिक्ष यात्री अगले साल मई में लौटेंगे। अपने अंतरिक्ष स्टेशन से जुड़ने के लिए चीन द्वारा भेजा जाने वाला यह तीसरा मानव मिशन है। इस अंतरिक्ष स्टेशन के तैयार हो जाने के बाद चीन एकमात्र देश बन जाएगा जिसका अपना अंतरिक्ष स्टेशन होगा। रूस का अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) कई देशों की एक सहयोगी परियोजना है। चीनी अंतरिक्ष स्टेशन (सीएसएस) के रूस द्वारा तैयार आईएसएस के लिए प्रतिस्पर्धी बनने की उम्मीद है।

# राष्ट्रपति चिनफिंग, लॉकडाउन के खिलाफ प्रदर्शन जारी, संक्रमण के मामले बढ़े

भाषा। बीजिंग

**कोविड-19** के प्रसार को रोकने के लिए लागू किए गए कड़े प्रतिबंधों के खिलाफ प्रदर्शन राजधानी बीजिंग तक फैल गए है। इस बीच, चीन में संक्रमण के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं और रविवार को करीब 40,000 नए मामले सामने आए। लगातार पांचवें दिन बीजिंग में कोरोना वायरस के करीब 4,000 मामले सामने आए।

चीन के राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग ने कहा कि सोमवार को संक्रमण के 39,452 नए मामले आए, जिनमें 36,304 स्थानीय मामलों में मरीजों में बीमारी के लक्षण नहीं देखे गए। इस बीच, सप्ताहांत के दौरान पूर्वी महानगर शंघाई में शुरू हुए प्रदर्शन बीजिंग तक फैल गए जहां मध्य शहर में लियांगमाहे नदी के समीप रविवार शाम को सैकड़ों लोग एकत्रित हो गए। शंघाई के उरुमकी में बृहस्पतिवार को लॉकडाउन के दौरान एक अपार्टमेंट में आग लग जाने की घटना में मारे गए लोगों की याद में मोमबत्तियां लिए हुए लोगों ने सरकार द्वारा मनमाने लॉकडाउन के खिलाफ और शंघाई में प्रदर्शनों के प्रति एकजुटता जताते हुए नारे लगाए।कई राजनयिकों और विदेशियों ने प्रदर्शन देखा क्योंकि ए प्रदर्शन बीजिंग में राजनयिक आवासीय परिसर के समीप हुए। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि प्रदर्शन कई घंटे तक हुए और पुलिस ने कई लोगों को हिरासत में लिया। शंघाई में शनिवार और रविवार को प्रदर्शनकारियों ने सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ चाइना (सीपीसी) तथा देश के राष्ट्रपति शी चिनफिंग से इस्तीफा देने की मांग की।बीजिंग में प्रतिष्ठित सिंगहुआ विश्वविद्यालय और नानजिंग में कम्यूनिकेशन यूनिवर्सिटी में भी छात्रों ने प्रदर्शन किया। ऑनलाइन अपलोड की गई तस्वीरों और वीडियो में छात्र उरुमकी हादसे के पीड़ितों के लिए मार्च करते हुए और विश्वविद्यालयों में प्रदर्शन करते हुए दिखाई दिए। सिंगहुआ विश्वविद्यालय ने एक नए नोटिस में छात्रों से कहा कि अगर वे जनवरी की छुट्टियों के मद्देनजर घर जाना चाहते हैं तो जा सकते हैं।

## कजाकिस्तान के राष्ट्रपति ने रूसी राष्ट्रपति पुतिन से मुलाकात की

**मॉस्को।** कजाकिस्तान के नेता कासिम जोमारत तोकाइफ ने हाल में दूसरे कार्यकाल के लिए राष्ट्रपति निर्वाचित होने के करीब सप्ताह भर बाद सोमवार को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात की। रूस के करीबी सहयोगी कजाकिस्तान के नेता तोकाइफ ने यूक्रेन युद्ध के बाद से मॉस्को से थोड़ी दूरी बना ली है। तोकाइफ देश में अपने पूर्ववर्ती नूरसुल्तान नजरबाएव के प्रभाव को भी कम करना चाहते हैं, जिनके रूस से अच्छे संबंध रहे हैं। नूरसुल्तान ने देश पर तीन दशकों तक शासन किया। दोनों नेताओं की मुलाकात से पहले तोकाइफ ने कहा कि नए कार्यकाल के लिए चुने जाने के बाद यह उनकी पहली विदेश यात्रा है और इसका गहरा राजनीतिक महत्व है।

# अयातुल्लाह खामेनेई की भांजी ने विदेशी सरकारों से ईरान से सभी संपर्क खत्म करने की अपील की

एपी। बगदाद

**ईरान के** सर्वोच्च धार्मिक नेता अयातुल्लाह खामेनेई की भांजी ने दुनिया के विभिन्न देशों के लोगों से आह्वान किया है कि वे सरकार विरोधी प्रदर्शनों के हिंसक दमन पर ईरान के साथ संबंध तोड़ने के लिए अपनी सरकारों पर दबाव डालें। खामेनेई की भांजी फरीदा मुरादखानी ने एक वीडियो जारी कर विदेशी सरकारों से ईरान से सभी संपर्क समाप्त करने की अपील की है। फरीदा ने ईरानी प्रदर्शनकारियों का समर्थन करने के लिए दुनिया के कर्तव्यनिष्ठ लोगों से आग्रह किया। अमेरिका स्थित अधिकार निगरानी समूह एचआरएएनए के मुताबिक यह वीडियो 23 नवंबर को फरीदा मुरादखानी की गिरफ्तारी के बाद इस सप्ताह साझा किया गया था।

फरीदा मुरादखानी लंबे समय से एक सक्रिय कार्यकर्ता हैं, जिनके दिवंगत पिता ने खामेनेई की बहन से विवाह किया था। फरीदा गिरफ्तार होने वाली सर्वोच्च नेता के परिवार की सबसे करीबी सदस्य हैं।

परिवार के कुछ लोगों ने दशकों से खामेनेई का विरोध किया है और मुरादखानी को उनकी सक्रियता के लिए पिछले मौकों पर कैद किया गया है। अपने वीडियो में फरीदा ने कहा कि ईरान की सरकार ताकत और सत्ता में बने रहने के अलावा और कोई नियम नहीं जानती है। मानवाधिकार कार्यकर्ताओं के मुताबिक फरीदा को इस साल जनवरी में गिरफ्तार किया गया था। ऐसा माना जाता है कि उन्हें तेहरान की कुख्यात इर्विन जेल में रखा गया है।

फरीदा ने कहा, मैं दुनिया के ईमानदार लोगों से हमारे साथ खड़े होने और उनकी सरकारों को खोखले शब्दों और नारों के साथ नहीं बल्कि वास्तविक कार्वाई का समर्थन करने और इस शासन के साथ किसी भी तरह का संपर्क बंद करने के लिए कहती हूं। ईरान में करीब तीन महीने से सरकार विरोधी प्रदर्शन जारी हैं। प्रदर्शनकारी हिजाब को लेकर सख्त नियमों के खिलाफ सड़कों पर उतर आए हैं। कार्यकर्ताओं के मुताबिक इन प्रदर्शनों में अब तक कम से कम 451 लोगों की मौत हो चुकी है। इन प्रदर्शनों को दबाने के लिए ईरानी सुरक्षा बलों द्वारा गोला बारूद, रबड़ की गोलियों और आंसू गैस का उपयोग करके क्रूर कार्वाई की जा रही है। एचआरएएनए के मुताबिक 18,173 लोगों को हिरासत में लिया गया है। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता नासिर कनानी ने सोमवार को कहा कि ईरान विरोध प्रदर्शनों पर घातक कार्वाई की जांच के लिए संयुक्त राष्ट्र के किसी भी मिशन के साथ सहयोग नहीं करेगा। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद ने पिछले सप्ताह मिशन स्थापित करने की बात की थी।

## क्विक न्यूज

### अमेरिका के मेरीलैंड में हादसे के बाद बिजली के तारों में फंसा विमान, कोई हताहत नहीं

**गैथर्सबर्ग (अमेरिका)।** अमेरिका के मेरीलैंड काउंटी में रविवार शाम एक छोटा विमान बिजली के तारो मे फंस गया। हालांकि हादसे मे विमान मे सवार दो यात्रियो को कोई नुकसान नही पहुंचा। अधिकारियो ने यह जानकारी दी। अधिकारियो द्वारा विमान को निकालने के दौरान आसपास के इलाको मे बिजली कटौती करनी पड़ी। फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन (एफएए) ने एक बयान मे कहा कि एक इंजन वाला विमान, जो व्हाइट प्लेन्स, एन.वाई. से रवाना हुआ था, रविवार शाम करीब पांच बजकर 40 मिनट पर गैथर्सबर्ग मे मोंटगोमरी काउंटी एयरपार्क के पास बिजली के तारो मे फंसकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। एफएए ने कहा कि विमान में दो लोग सवार थे। पीट पिरिंगर, मोंटगोमरी काउंटी फायर एंड के मुख्य प्रवक्ता, रेस्क्यू सर्विस ने ट्विटर पर कहा कि विमान में सवार लोग सुरक्षित है और बचावकर्ता उनके संपर्क मे थे। उन्होंने एक वीडियो संदेश मे कहा था कि विमान मे तीन लोग थे लेकिन बाद मे स्पष्ट किया कि दो लोग थे। एफएए ने विमान की पहचान मूनी एम20जे के रूप मे की है।

### अमेरिका में दो भारतीय छात्रों की झील में डूबकर मौत

**ह्यूस्टन।** तेलंगाना निवासी दो भारतीय छात्रो की अमेरिकी प्रांत मिसौरी मे स्थित ओजार्क झील मे थैंक्सगिविंग सप्ताहांत के दौरान डूबकर मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। मिसौरी स्टेट हाईवे पैट्रोल ने मृतक छात्रों की पहचान 24 वर्षीय उथेज कुंटा और 25 वर्षीय शिव केल्लिगरी के रूप मे हुई है। छात्रो के झील मे डूबने की घटना शनिवार की है। इसका पूरा ब्योरा अभी नही मिल सका है। तेलंगाना के मंत्री के.टी. रामा राव ने ट्वीट करके कहा कि उन्होंने अपनी टीम से कहा है कि वह पार्थिव शरीरो को यथा शीघ्र स्वदेश लाने मे पीड़ित परिवार की मदद करे। पुलिस ने अपने बयान मे कहा कि हादस तब हुआ जब कुंटा तैरने के लिए झील मे उतरे, लेकिन वह वापस सतह पर नही आ सके। इसके बाद उसका दोस्त केल्लिगरी झील मे कूदा, लेकिन वह भी वापस नही आ सका।

### भारत निवेश के लिए दुनिया में सबसे पसंदीदा स्थानः उपराष्ट्रपति धनखड़

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सोमवार को कहा कि भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है और यह दुनिया मे निवेश और अवसरो के लिए सबसे पसंदीदा स्थान बन गया है। उन्होंने कहा कि हाल मे भारत ने हम पर राज करने वालो को पीछे छोड़ दिया है और दुनिया की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। उपराष्ट्रपति ने यह विश्वास भी व्यक्त किया कि भारत दशक के अंत तक वैश्विक स्तर पर तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। उन्होंने यहां राष्ट्रीय हस्तशिल्प पुरस्कार समारोह में कहा, भारत इतनी तेजी से आगे बढ़ रहा है, जितना पहले कभी नही था। भारत का उत्थान रुकने वाला नही है और हम निवेश और अवसरो के लिए वैश्विक स्तर पर सबसे पसंदीदा स्थान हैं। उन्होंने कहा कि हस्तशिल्प क्षेत्र मे विकास की अपार संभावनाएं है और खासकर ग्रामीण तथा अर्धशहरी क्षेत्रो मे। धनखड़ ने यह भी सुझाव दिया कि आईआईटी और आईआईएम के पेशेवर उद्योग को इसके विकास और उत्पादो की ब्रांडिंग को बढ़ावा देने मे मदद कर सकते है।

### सेबी शेयर ब्रोकरों के लिए लेकर आया समाधान योजना

**नई दिल्ली।** पूंजी बाजार नियामक सेबी ने प्रवर्तन प्रक्रियाओ का सामना कर रहे शेयर ब्रोकरो के लिए एक विवाद समाधान योजना लाने का फैसला किया है। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने सार्वजनिक सूचना मे कहा है कि प्रवर्तन कार्वाई का सामना कर रहे और बीएसई पर अचल स्टॉक संपत्तियों मे लेनदेन से रोके गए 150 शेयर ब्रोकरो के लिए समाधान योजना लाने का फैसला किया गया है। योजना के दायरे मे आने वाले शेयर ब्रोकर शर्तो का पालन कर इसका लाभ उठा सकते है। यह समाधान योजना 19 दिसंबर को शुरू होगी और 19 जनवरी, 2023 इसकी अंतिम तारीख होगी। सेबी ने इच्छुक ब्रोकरो के लिए ऑनलाइन आवेदन करने का प्रावधान कर समाधान योजना को सुगम बनाने की कोशिश की है। समाधान राशि के तौर पर अधिकांश ब्रोकरो को मात्र एक लाख रुपए का शुल्क ही देना होगा।

# ऑस्ट्रेलिया ने राष्ट्रीय आतंकवाद को संभावित की श्रेणी में किया

एपी। कैनबरा

● **बर्गीज ने कहा, हालांकि ऑस्ट्रेलिया में बीते कुछ वर्षों में कट्टर राष्ट्रवाद और दक्षिणपंथी चरमपंथी विचारधारा बढ़ी है**

**ऑस्ट्रेलिया में** 2014 के बाद से पहली बार आतंकवाद के खतरे का स्तर संभाव्य (प्रॉबेबल) से घटाकर संभावित (पॉसिबल) कर दिया गया है। देश की मुख्य जासूसी एजेंसी ने सोमवार को यह जानकारी दी। ऑस्ट्रेलिया के सुरक्षा खुफिया संगठन के महानिदेशक माइक बर्गीज ने कहा कि पश्चिम एशिया में हुए संघर्ष में इस्लामिक स्टेट समूह की हार और अल-कायदा के निष्प्रभावी दुष्प्रचार के कारण पश्चिमी देशों के युवाओं को आतंकवाद में जोड़ने में नाकामी, इसके जोखिम के स्तर को कम करने की वजह बनी है। इसके कारण ऑस्ट्रेलिया में चरमपंथियों की संख्या कम हुई है। बर्गीज ने कहा, इसका यह मतलब नहीं है कि जोखिम खत्म हो गया है। उन्होंने कहा, अब भी इस बात की आशंका बनी हुई है कि अगले एक साल के भीतर ऑस्ट्रेलिया में कोई व्यक्ति किसी आतंकवादी के हाथों मारा जाएगा। बर्गीज ने कहा, हालांकि ऑस्ट्रेलिया में बीते कुछ वर्षों में कट्टर राष्ट्रवाद और दक्षिणपंथी चरमपंथी विचारधारा बढ़ी है। उन्होंने कहा कि 2014 में देश में आतंकवाद के जोखिम को संभावित से बढ़ाकर संभाव्य की श्रेणी में करने के बाद से 11 आतंकवादी हमले हुए हैं और 21 आतंकवादी साजिशों को नाकाम किया गया है।

# विद्युत मंत्रालय ने शक्ति नीति के तहत 4,500 मेगावॉट बिजली खरीद की योजना शुरू की

भाषा। नई दिल्ली

**बिजली मंत्रालय** ने शक्ति नीति के तहत पांच साल के लिए 4,500 मेगावॉट बिजली खरीद को लेकर योजना शुरू की है। सोमवार को जारी आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, बिजली मंत्रालय ने वित्त, स्वामित्व और संचालन (एफओओ) के आधार पर शक्ति (भारत में पारदर्शी रूप से कोयले के उपयोग और आवंटन की योजना) नीति के पैरा ख (पांच) के तहत प्रतिस्पर्धी आधार पर 4,500 मेगावॉट बिजली की खरीद को लेकर योजना शुरू की है। मंत्रालय ने इसके लिए पीएफसी लि. की पूर्ण अनुषंगी पीएफसी कंसल्टिंग लि. को नोडल एजेंसी बनाया है। योजना के तहत पीएफसी कंसल्टिंग लि. ने 4,500 मेगावॉट बिजली की आपूर्ति के लिए बोलियां आमंत्रित की हैं। बिजली आपूर्ति अप्रैल, 2023 से शुरू होगी। कोयला मंत्रालय से इसके लिए सालाना 2.7 करोड़ टन कोयला आवंटित करने का अनुरोध किया गया है। बयान के अनुसार, इस योजना को लेकर गुजरात ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड, महाराष्ट्र स्टेट इलेक्ट्रीसिटी डिस्ट्रिब्यूशन कंपनी लिमिटेड, मध्य प्रदेश पावर मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड, नई दिल्ली नगर निगम और तमिलनाडु जनरेशन एंड डिस्ट्रिब्यूशन कॉरपोरेशन लिमिटेड जैसी कंपनियां ने रुचि दिखाई है। बोली जमा करने की अंतिम तिथि 21 दिसंबर, 2022 है। यह पहली बार है जब शक्ति योजना के पैरा ख (5) के तहत बोली आमंत्रित की गई है। साथ ही इस बोली में मध्यम अवधि के लिए संशोधित बिजली खरीद समझौता का उपयोग किया जाएगा। इस योजना से बिजली की कमी से जूझ रहे राज्यों को लाभ होगा। साथ ही उत्पादक कंपनियों को अपनी क्षमता बढ़ाने में मदद मिलेगी।

## उत्पादन बढ़ाने के लिए 2024-25 तक 65,000 करोड़ रुपए का निवेश करेंगी वाहन कंपनियां

**नई दिल्ली।** यात्री वाहन कंपनियां बढ़ी मांग को पूरा करने को लेकर उत्पादन बढ़ाने के लिए वित्त वर्ष 2024-25 तक करीब 65,000 करोड़ रुपए का निवेश करेंगी। रेटिंग एजेंसी इक्रा ने सोमवार को जारी रिपोर्ट में कहा कि मजबूत मांग और सेमीकंडक्टर संकट लगभग दूर होने के कारण 2022 की शुरुआत के बाद से यात्री वाहनों की मांग अच्छी बनी हुई है। रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2022-23 में यात्री वाहन उद्योग की थोक बिक्री 37 से 38 लाख इकाई के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंचने की उम्मीद है। इसमें पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 21 से 24 प्रतिशत की वृद्धि संभव है। इक्रा ने कहा कि आपूर्ति श्रृंखला से जुड़ी बाधाओं और सेमीकंडक्टर संकट कम होने के साथ पिछली कुछ तिमाहियों में मूल उपकरण विनिर्माताओं (ओईएम) के क्षमता उपयोग में सुधार हुआ है। इक्रा के कॉरपोरेट रेटिंग उपाध्यक्ष और क्षेत्र प्रमुख रोहन कंवर गुप्ता ने कहा, ओईएम भी नए उत्पाद लाने को लेकर पर्याप्त खर्च के लिए बजट बना रहे हैं। इसमें इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए क्षमताप्रतिबद्ध मंचों का विकास शामिल है। इससे ओईएम वित्त वर्ष 2022-23 से 2024-25 के बीच 65,000 करोड़ रुपए से अधिक का खर्च कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि कई ओईएम अगले कुछ वित्त वर्ष में उत्पादन क्षमता का विस्तार करने के लिए पहले ही 250 अरब रुपए से अधिक के कुल परिव्यय की घोषणा कर चुके हैं।

# लगातार पांचवें दिन की तेजी से सेंसेक्स, निफ्टी ने बनाया नया रिकॉर्ड, रिलायंस 3.48 प्रतिशत चढ़ा

**मुंबई।** घरेलू शेयर बाजारों में सोमवार को लगातार पांचवें कारोबारी सत्र में तेजी जारी रही और बीएसई सेंसेक्स 211.16 अंक चढ़कर अपने अब तक के उच्चतम स्तर पर बंद हुआ। विदेशी संस्थागत निवेशकों का निवेश जारी रहने के बीच कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट और सूचकांक में मजबूत हिस्सेदारी रखने वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर में लिवाली से बाजार को समर्थन मिला।तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 211.16 अंक यानी 0.34 प्रतिशत चढ़कर 62,504.80 अंक पर बंद हुआ। यह इसका नया उच्च स्तर है। कारोबार के दौरान एक समय सेंसेक्स 407.76 अंक तक चढ़ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 50 अंक यानी 0.27 प्रतिशत की बढ़त के साथ 18,562.75 अंक के रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ।कोटक इन्वेस्टमेंट एडवाइजर्स लि. में मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ)- निवेश परामर्श- लक्ष्मी अय्यर ने कहा, इस समय रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचे बाजार के लिए धारणा और प्रवाह उत्प्रेरक के रूप में काम कर रहे हैं। घरेलू के साथ-साथ विदेशी निवेशक भी शुद्ध खरीदार बने हुए है। इससे बाजार को गति मिल रही है। सेंसेक्स के शेयरों में रिलायंस इंडस्ट्रीज सबसे अधिक 3.48 प्रतिशत चढ़ा। इसके अलावा नेस्ले इंडिया, एशियन पेंट्स, बजाज फिनसर्व, विप्रो, आईसीआईसीआई बैंक और इंडसइंड बैंक में भी प्रमुख रूप से तेजी रही। दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में टाटा स्टील, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, एचडीएफसी लि. और महिंद्रा एंड महिंद्रा शामिल हैं जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, प्रतिकूल वैश्विक रुख के बावजूद घरेलू बाजार शुरूआती नुकसान से उबरते हुए रिकॉर्ड ऊंचाई पर बंद हुए। तेल कीमतों में गिरावट से मार्जिन बढ़ने की उम्मीद से तेल एवं गैस शेयर की अगुवाई में तेजी आई।

THE PIONEER CLASSIFIEDS

CHANGE OF NAME

I, Sunita, spouse of Umesh Kumar resident of D1/348 (3rd Floor), Gali No.-5, Mahavir Enclave, New Delhi-110045 have changed my Name from Sunita to Sunita Singh for all purposes.

PD(90207)A

# एस एंड पी ने 2022-23 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को घटाकर सात प्रतिशत किया

भाषा। नई दिल्ली

**साख तय** करने वाली एजेंसी एस एंड पी ग्लोबल रेटिंग्स ने सोमवार को भारत की आर्थिक वृद्धि दर अनुमान को घटाकर सात प्रतिशत कर दिया। हालांकि उसने यह भी कहा कि घरेलू मांग की वजह से अर्थव्यवस्था पर वैश्विक सुस्ती का प्रभाव कम होगा। इससे पहले एजेंसी ने सितंबर महीने में भारत की जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वृद्धि दर 2022-23 में 7.3 प्रतिशत और 2023-24 में 6.5 प्रतिशत रहने की संभावना जताई थी।

एस एंड पी ग्लोबल रेटिंग्स के एशिया प्रशांत क्षेत्र के मुख्य अर्थशास्त्री लुइस कुइज्स ने कहा, वैश्विक नरमी का भारत जैसी घरेलू मांग आधारित अर्थव्यवस्थाओं पर कम प्रभाव पड़ेगा... वित्त वर्ष 2022-2023 में भारत की आर्थिक वृद्धि दर सात प्रतिशत और अगले वित्त वर्ष में छह प्रतिशत रहने का अनुमान है। उल्लेखनीय है कि भारत की जीडीपी वृद्धि दर वर्ष 2021 में 8.5 प्रतिशत रही थी। एस एंड पी ने एशिया-प्रशांत क्षेत्र के लिए अद्यतन तिमाही आर्थिक रिपोर्ट में कहा कि कुछ देशों में कोविड के बाद मांग में जो सुधार हो रहा है, उसमें और तेजी की उम्मीद है। इससे भारत में अगले साल आर्थिक वृद्धि को समर्थन मिलेगा। मुद्रास्फीति के बारे में रेटिंग एजेंसी ने कहा कि यह चालू वित्त वर्ष में औसतन 6.8 प्रतिशत रहेगी और भारतीय रिजर्व बैंक की मानक ब्याज दर मार्च 2023 में बढ़कर 6.25 प्रतिशत होने की संभावना है। आरबीआई महंगाई को काबू में लाने के लिए पहले ही नीतिगत दर 1.9 प्रतिशत बढ़ा चुका है। इससे प्रमुख नीतिगत दर रेपो तीन साल के उच्च स्तर 5.9 प्रतिशत पर पहुंच गई है।

देश की थोक और खुदरा मुद्रास्फीति अक्टूबर महीने में घटी है। रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण आपूर्ति संबंधी बाधाओं से यह लगभग पूरे साल संतोषजनक स्तर से ऊपर रही है।

उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर आधारित महंगाई दर तीन महीने के निचले स्तर 6.7 प्रतिशत रही जबकि थोक मुद्रास्फीति 19 महीने के निम्न स्तर 8.39 प्रतिशत पर आ गई है। विनिमय दर के बारे में एस एंड पी ने कहा कि एशिया के उभरते बाजार में मुद्रा भंडार कम हुआ है। मार्च के अंत तक रुपए में 79.50 प्रति डॉलर रहने का अनुमान है जो अभी 81.77 है।

Public Notice

This is to inform General Public that Mrs. Kavita Devi acquired the Property no. 71, Block-A, Land area measuring 83.61 sq. yds. (100 sq. yds.), out of Khasra no. 31/1, situated in the revenue estate of Village Dabri, Delhi state Delhi, abadi known as Dabri Extn. New Delhi-110045 vide Sale Deed dated 08.02.2008, (Doc. no. 1219). Now, Mr. Parvesh Solanki and Mrs. Kavita Devi are mortgaging the above said property to Axis Finance Limited. by mortgaging the said property. In case anyone has any objection regarding mortgage of the said property, the same may be raised within 7 days of this publication to Mr. Muneesh Dhawan/ Mr. Sudhir Jain (Advocates), Law Veritas North, Unit no 907, 9th Floor, GD-ITL Tower, (B-08), Netaji Subhash Place, Delhi-110034 or contact at 9066707172/ 9818228636 (M).

सार्वजनिक सूचना

जन साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री बिंदु देवी पत्नी श्री भोला शंकर, उक्त संपत्ति Third Floor, with roof rights, Built on Property Bearing No. 7/16, area measuring 41.8 Sq. Mtrs., i.e. 50 Sq. Yds., out of Khasra No. 742, situated in the area of Village Chandrawali alias Shahdara, in the Abadi of Jwala Nagar, Illaqa Shahdara, Delhi-110032 का बिक्री विलेख दिनांक 25.06.2014 पंजीकृत द्वारा प्रपत्र संख्या 2186 के द्वारा मालिक हैं। उपरोक्त संपत्ति, मेसर्स न्यू हैबिटेट हाउसिंग फाइनेंस एंड डेवलपमेंट लिमिटेड द्वारा वित्तपोषित व बंधक प्रस्तावित है। आगे सूचित हो की श्रीमती रीना अग्रवाल, श्रीमती ममता गुप्ता, श्री प्रमोद कुमार सिंघल के अलावा स्व० मूल चाँद सिंघल के अन्य कोई विधिक उत्तराधिकारी नहीं है। यदि किसी व्यक्ति (ओं) को इस संपत्ति में कोई आपत्ति या दावा हैं, तो हमे इस नोटिस की तारीख से 7 दिनों के भीतर निम्न पते पर संपर्क करें !अगर कोई दावा नहीं आया तो यह माना जाएगा की किसी का कोई दावा या हक इस प्रॉपर्टी में नहीं है।

राघव तिवारी (अधिवक्ता)
830, पटियाला हाउस कोर्ट, नई दिल्ली 110001
Mob.: +8076188328

Lost & Found

All are hereby informed that I Saurabh Suman S/o Sachindra Kumar Sinha, R/O T3-1203, Satya Hermitage, Sector 103, Gurgaon -122006 have lost the Page No 5 with stamp No M 996614 (Haryana) of Conveyance Deed Stamp No 9748 dated 17/1/2014 for property 506, A&A CGHS, Plot No GH 36/A, Sector 56, Gurgaon, Haryana 122011. If found please contact at above address or Mobile No. 9835041444

Public Notice

This is to inform general public that Mrs. Varun Mahajan has acquired the Residential Apartment Bearing No. 302, Having Super area 2376 Sq. Ft. on the Third Floor in Block-B-1, Residential in the Group Housing Society Known as "Uniword City (West)", Situated at Sector-30 & 41, Situated in the Revenue Estate of Village Silokhera, Tehsil Wazirabad Distt. Gurugram Haryana vide Conveyance Deed dated 28.02.2006, Doc no. 25640 and Relinquishment Deed dated 28.09.2022 Doc. 12251 and Relinquishment Deed dated 03.03.2022 Doc. 18374. Now, Mrs. Varun Mahajan is intending to sell above said property to Mr. Sachin Luthra & Mrs. Nidhi Arora and further Mr. Sachin Luthra & Mrs. Nidhi Arora are mortgaging the above said property with RBL Bank Ltd. & in case anyone has any objection, the same may be raised within 07 days of this publication to Mr. Muneesh Dhawan/ Mr. Sudhir Jain (Advocates), Law Veritas North, Unit no 907, 9th Floor, GD-ITL Tower, (B-08), Netaji Subhash Place, Delhi-110034 or contact at 9066707172/ 9818228636 (M).

LOST AND FOUND

I, Rajiv Kumar Bhatia S/o Sh. K.L. Bhatia R/o Flat No.D-35, Arya Nagar Apartment, Plot No.91, I.P. Extension, Patparganj, Delhi-110092 do hereby solemnly affirm and declare that I am the owner and in possession of Flat No. D-35, Situated in Arya Nagar Co-operative Group Housing Society Ltd. Plot No.91, Known as Arya Nagar Apartments, I.P. Extension, Patparganj, Delhi-110092 allotted by Society. ORIGINAL SHARE CERTIFICATE" Issued by The Arya Nagar C.G.H.S. Ltd. In my name has been lost/misplaced somewhere is not traceable by my best efforts.

Rajiv Kumar Bhatia

CORRIGENDUM

ICICI Bank | Branch Office: ICICI Bank Ltd, 3rd Floor, Plot No- 23, New Rohtak Road, Karol Bagh, Delhi- 110005

The sale proclamation was issued dated **Nov 18, 2022 in THE PIONEER(ENG) and The PIONEER (Hindi,** for Vehicle No.DL8CAR9164 with applicant as Rajni, Please read Court Order No as OA/131/2021. For Vehicle No. UP14GT8288 with applicant as AKSHAY GIRI, Plese note Auction Reserve Price will be Rs.2,50,000/- and EMD will be 25,000/-. Rest all term and conditions remains the same

**Authorized Officer**
**ICICI Bank Limited**

**Date: November 29, 2022**
**Place: Delhi/NCR**

# जालौन को मंडलीय युवक समारोह की मेजबानी मिलना गौरव की बात: निरंजन

- बोली एमएलसी,जिले के बच्चे प्रदेश व देश में करेंगे नाम रोशन
- तीन दिवसीय 66 वां मंडलीय युवक समारोह का हुआ अगाज
- प्रतियोगिता में बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर लूटी वाहवाही



संवाददाता। उरई (जालौन)

**तीन दिवसीय** 66 वां मंडलीय युवक समारोह सोमवार को सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ आगाज हुआ। आर्य कन्या इंटर कॉलेज की छात्राओं ने सरस्वती वंदना और स्वागत गीत प्रस्तुत किया। अतिथियों ने मार्च पास्ट की सलामी ली। मुख्य अतिथि एमएलसी रमा निरंजन ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और खिलाड़ियों और आयोजकों को शुभकामनाएं दीं। उनके प्रतिनिधि डॉ. आरपी निरंजन ने कहा कि जालौन को खेलों की मेजबानी मिली है। यह अच्छी बात है। जिस तरह बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए है। वह बता रहे है कि बच्चे प्रतिभाशाली है और आगे, जाकर जिले का नाम रोशन करेंगे। इस प्रतियोगिता में ऐसे भी खिलाड़ी निकलेंगे, जो प्रदेश स्तर पर जिले का नाम रोशन करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डीआईओएस राजकुमार पंडित ने की। संचालन जयदेव नगाइच ने किया। जीआईसी प्रधानाचार्य रमेश चंद्र वर्मा ने बताया कि तीन दिवसीय इस प्रतियोगिता में तीनों जिलों के करीब तीन सौ छात्र-छात्राएं प्रतिभाग कर रहे हैं। जबकि सौ शिक्षक शिक्षिकाएं और अन्य स्टाफ सहयोगी भूमिका में है। इस दौरान डीआईओएस झांसी ओमप्रकाश, डीआईओएस ललितपुर रामप्रवेश, पुरुषोत्तम कुशवाहा, कुलदीप गुप्ता, नरेंद्र पाल सिंह, डॉ. नत्थू सिंह सेंगर ने भी भाग लिया। 100 मीटर सब जूनियर में अनुज कुमार कालपी ने पहला,आरव सिंह ने दूसरा और प्रिंस यादव ने तीसरा स्थान पाया। सीनियर 100 मीटर दौड़ में अमित कुमार सिंह जालौन ने पहला, रितिक सिंह झांसी ने दूसरा और अमन यादव ललितपुर ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। 100 मीटर बालिका वर्ग में आरती साहू ने पहला, मुस्कान सेठ ने दूसरा, गरिमा झांसी ने तीसरा स्थान पाया। इस दौरान सैकड़ों लोगों ने प्रतियोगिता में हिस्सेदारी कर प्रतियोगिता का आनंद लिया।

# सर्वे भवन्तु सुखिन: सर्वे संतु निरामया: के साथ सामूहिक विवाह में 106 जोड़े हो गए एक-दूजे के

- जानी-मानी हस्तियों ने वर-वधू को दिया आशीर्वाद

संवाददाता। सुमेरपुर(हमीरपुर)

**अखंड परमधाम** संस्था द्वारा आयोजित 108 सर्वजातीय सामूहिक विवाह समारोह में 106 वर-वधू ने एक दूसरे का वरण किया। कम उम्र होने कारण दो विवाह स्थगित कर दिए गए। नवदंपतियों को देश की जानी-मानी विभूतियों ने मौजूद रहकर आशीर्वाद प्रदान किया। प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम कराएं थे।

युगपुरुष स्वामी परमानंद गिरि जी महाराज के निर्देशन पर अखंड परमधाम संस्था के मुख्य संरक्षक स्वामी ज्योतिर्मयानंद महाराज ने 108 कन्याओं के सर्वजातीय सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन सोमवार को संपन्न कराया। इस समारोह में 106 वर-वधू ने एक दूसरे का वरण करके अपना जीवन साथी चुना। दो विवाह उम्र कम होने के चलते स्थगित कर दिए गए। स्वामी परमानंद महाराज ने वर-वधू को आशीर्वाद देते हुए कहा कि सृष्टि के संचालन के लिए परिवार का सृजन किया जाता है। हिंदू संस्कृति में अनेक संस्कार हैं। इनमें से एक विवाह संस्कार भी है। विश्व की कोई संस्कृति पत्नी को अर्धांगिनी नहीं मानती है। यह परंपरा हमारे देश में ही है। दोनों मिलकर स्त्री-पुरुष बनकर एक दूसरे के सहायक होकर जीवन जिये। उन्होंने लोक परलोक अच्छे बनने का आशीर्वाद प्रदान किया। विवाह समारोह में साध्वी ऋतंभरा, पतंजलि योगपीठ के आचार्य बालकृष्ण, केंद्रीय राज्य मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति, जगत प्रकाश त्यागी, सांसद बाबूराम निषाद, विहिप के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष अध्यक्ष आलोक जी, राष्ट्रीय महामंत्री अशोक तिवारी, प्रांतीय संगठन मंत्री मधुराम, जिला प्रचारक यशवीर,विधान परिषद सदस्य अविनाश सिंह चौहान, जितेंद्र सिंह सेंगर, साध्वी आत्मचेतना गिरी, दिव्य चेतना गिरी, दयानंद, साध्वी प्रज्ञा भारती, स्वामी करुणानंद महाराज आदि ने मौजूद रहकर आशीर्वाद प्रदान किया। इस समारोह में जिले के अलावा महोबा, बांदा,चित्रकूट, छतरपुर,टीकमगढ़, झांसी,जालौन, फतेहपुर, कानपुर आदि जनपदों के कन्याओं के विवाह संपन्न हुए। समारोह का संचालन महामंडलेश्वर स्वामी ज्योतिर्मयानंद महाराज ने किया। विवाह समारोह को देखने के लिए कस्बे से भारी भीड़ उमड़ी रही। चप्पे-चप्पे पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया था।

## क्विक न्यूज

### बाइक से गिरकर महिला की मौत,तार में फंसकर युवक घायल

**मौदहा (हमीरपुर)।** अपने भाई के साथ इलाज करा बाइक से वापस लौट रही महिला बाइक से गिर गंभीर रूप से घायल हो गई जिसे गंभीर हालत में सरकारी अस्पताल मौदहा में भर्ती कराया गया जहां महिला की ईलाज के दौरान मौत हो गयी।वही दूसरी घटना में एक बाईक सवार युवक फिसलकर कटीले तारों में फंस गंभीर रूप से घायल हो गया थाना क्षेत्र सुमेरपुर के ग्राम नदेहरा निवासी हीरा कली (40) पत्नी बनवारीलाल अपने भाई ब्रजकिशोर के साथ बाइक में पीलिया की दवा लेने ग्राम इमलिया गई थी जब दवा लेकर दोनों वापस अपने गांव लौट रहे थे तभी मौदहा बसवारी मार्ग पर ग्राम न्यूरिया के निकट संतुलन बिगड़ने से हीरा कली बाइक से सड़क में गिर गंभीर रूप से घायल हो गयी जिस पर उसे लहूलुहान हालत में सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां महिला की ईलाज के कुछ देर बाद मौत हो गई। इस घटना से मृतका के परिजनों में कोहराम मच गया। बिवांर पुलिस ने मौके पर पहुंच मृतका के शव को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। बताते चलें कि दो वर्ष पूर्व इसके पति की मौत हो गई थी। वह अपने पीछे दो पुत्रियों व एक पुत्र को बेसहारा छोड़ गई है जो अपनी मां के गम में बिलख रहे हैं। वही ग्राम पाटन पुर निवासी मलखान 35 वर्ष पुत्र नत्थू रविवार की सुबह मौदहा रहा था तभी पिपरौदा मार्ग पर मोड़ में उसकी बाइक फिसल कर खेत में लगे कटीले तारों में जा घुसी जिससे मलखान गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की मदद से उसे सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### राज्यस्तरीय बाल विज्ञान कांग्रेस 1 दिसंबर से

**मेरठ।** राष्ट्रीय विज्ञान प्रौद्योगिकी एवं संचार परिषदए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग भारत सरकार की ओर से 30वीं बाल विज्ञान कांग्रेस का आयोजन 1 दिसंबर से किया जाएगा। कार्यक्रम स्थल एमआईईटी कॉलेज को बनाया गया है। प्रेस वार्ता के दौरान बाल विज्ञान कांग्रेस के राज्य समन्वयक दीपक शर्मा ने बताया कि 24 साल बाद मेरठ जिले में बाल विज्ञान कांग्रेस का आयोजन हो रहा है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के 38 जिलों के लिए नोडल एजेंसी इंडियन साइंस कम्युनिकेशन सोसाइटी को बनाया गया है। इसमें 10 से 17 वर्ष की आयु वर्ग के बच्चे भाग ले रहे हैं। ये बच्चे स्वास्थ्य और कल्याण के लिए पारिस्थिकी तंत्र को समझने पर मंथन करेंगे। उत्तर प्रदेश के 38 पश्चिमी जिलों के करीब 45000 बच्चों ने इसके लिए पंजीकरण कराया है। इसमें से 190 बच्चों का चयन किया जाएगा। ये बच्चे अपने शोध पत्र और प्रोजेक्ट प्रस्तुत करेंगे जिनमें से 31 का चयन राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस के लिए किया जाएगा। यह 27 से 31 जनवरी तक अहमदाबाद में आयोजित होगी।

### बांस बल्ली के सहारे रोशन हो रहे दर्जनों आवास, जिम्मेदार मौन

**जालौन (उरई)।** मोहल्ल हरीपुरा में बालाजी मंदिरी के पास लाइट के खंभे न होने से लगभग एक दर्जन परिवारों को बांस बल्ली के सहारे केबिल लानी पड़ रही है। जिसमें आए दिन फाल्ट होने से मोहल्ले के लोग परेशान हैं। परेशान लोगों ने एसडीएम से मोहल्ले में बिजली के पोल लगवाने की मांग की है। मोहल्ला हरीपुरा निवासी अरविंद सिंह वर्मा, कमलेश, अरविंद आदि ने एसडीएम सना अख्तर को बताया कि उनके मोहल्ले में बालाजी मंदिर के पास बिजली के पोल नहीं हैं। वहां करीब एक दर्जन से अधिक परिवार निवास करते हैं। उक्त परिवारों को बिजली जलाने के लिए दूर सड़क पर स्थित बिजली के पाल तक केबिल डालनी पड़ रही है। एक ओर जहां केबिल अधिक लगती है वहीं, दूरी अधिक होने की वजह से केबिल सड़क पर नीचे तक लटक जाती है। आए दिन केबिल में फॉल्ट होते रहते हैं। जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। कई बार बिजली विभाग में पोल लगवाने की मांग करने के बाद भी अब तक बिजली के पोल नहीं लगाए जा सके हैं। पीड़ित मोहल्ले के लोगों ने एसडीएम से जनहित को देखते हुए बिजली के पोल लगवाने की मांग की है।

### आम रास्ते में सीढ़ियों का निर्माण, एसडीएम से की शिकायत

**जालौन (उरई)।** आम रास्ते में पक्की सीढ़ियां बना लेने से रास्ता अवरूद्ध हो गया। वाहनों को निकलने में दिक्कत हो रही है। मोहल्ले के लोगों ने एसडीएम से अतिक्रमण को हटवाने की मांग की है। नगर क्षेत्र के मोहल्ला शाहगंज निवासी अल्लादीन, शकील, रिहान, फरमान, गुलाम शाह, रहीम शाह आदि ने एसडीएम को बताया कि उनके मोहल्ले में सलीम के मकान से अल्लादीन के मकान तक आम रास्ता है। जिस पर वाहनों का आना जाना लगा रहता है। इसी रास्ते में मोहल्ले के कई लोगों ने पक्की सीढ़ियों का निर्माण करा लिया है। जिससे आम रास्ता संकरा होकर अवरूद्ध हो गया है। यदि कोई वाहन उक्त रास्ते से होकर निकलता है तो परेशानी होती है। कई बार झगड़े तक की नौबत आ जाती है। जब अतिक्रमणकारियों को अतिक्रमण हटाने के लिए कहा जाता है तो वह लड़ाई, झगड़े और मारपीट पर आमादा हो जाते हैं। मोहल्ले के लोगों ने एसडीएम से आम रास्ते पर अतिक्रमण कर बनाई गई सीढ़ियों को हटवाने की मांग की है।

### देशी शराब ले जाते युवक धरा गया

**जालौन (उरई)।** चुर्खी रोड पर संदिग्ध अवस्था में घूम रहे युवक को कोतवाली पुलिस ने 23 क्वार्टर अवैध शराब के साथ पकड़ा। पुलिस ने आरोपी के खिलाफरिपोर्ट दर्ज की। एसआई विपिन कुमार ने चुर्खी रोड पर स्थित बालाजी मंदिर के पास संदिग्ध अवस्था में घूम रहे अजय कुमार निवासी महिया को पकड़कर जब उसकी तलाशी ली तो पुलिस ने उसके पास से 23 क्वार्टर अवैध शराब के बरामद किए। पुलिस को युवक ने बताया कि वह शराब बेचने के लिए ले जा रहा था। पुलिस ने कोतवाली लाकर आरोपी युवक के खिलाफरिपोर्ट दर्ज की है।

### बैठगंज बाजार का जर्जर विद्युत पोल बन सकता दुर्घटना का सबब

**जालौन (उरई)।** बाजार बैठगंज में किराना गली के बाहर लगा लोहे का बिजली का पोल जर्जर हो चुका है। जमीन के अंदर गड़ा हुए बिजली के पोल में दरार आ गई। जिसके चलते पोल कभी भी गिर सकता है। डर के कारण आसपास के दुकानदार भी अपनी दुकानें खोलने से घबरा रहे हैं। बाजार बैठगंज में किराना गली के बाहर बिजली का लोहे का पोल लगा हुआ है। काफी समय पूर्व लगा हुआ यह पोल समय के जर्जर होकर एक ओर झुक गया है। इतना ही नहीं लोहे के पोल में लगी जंग के चलते जमीन के अंदर का लगा हुआ हिस्सा नष्ट हो चुका है। जमीन के बाहर निकले पोल में लगभग आधा इंच की दरार आ गई है।

### हाई.टेक पाइप्स की क्यूआईबी जारी

लखनऊ। बीएसई और एनएसई सूचीबद्ध ईआरडब्ल्यू पाइप निर्माताओं और आपूर्तिकर्ताओं में से एकए हाई.टेक पाइप्स लिमिटेड ने अपनी बोर्ड बैठक में 692 रुपये प्रति वारंट के निर्गम मूल्य पर पूरी तरह से परिवर्तनीय 57 लाख इक्विटी वारंट को मंजूरी दी है जिसे एक इक्विटी शेयर में परिवर्तित किया जा सकता हैए अगर मालिक उसी के लिए अधिकार का प्रयोग करता है। कंपनी योग्य संस्थागत खरीदारों ;क्यूआईबीद्ध सहित प्रमोटरोंए गैर.प्रमोटरों निवेशकों को ये वारंट जारी करेगीए जो शेयरधारकों की मंजूरी के अधीन है। कंपनी के बोर्ड ने तरजीही आधार पर 10 रुपये के अंकित मूल्य के तीन लाख इक्विटी शेयर जारी करने का फैसला किया हैए जो प्रत्येक गैर.प्रवर्तक के निवेशकों के लिए है तथा बोर्ड द्वारा निर्धारित किया जाएगा। कंपनी की पांच अत्याधुनिक निर्माण इकाइयां उत्तर प्रदेशए आंध्र प्रदेशए महाराष्ट्र और गुजरात राज्यों में फैली हुई हैं।

# प्रशासन की टीम को 32 रन से हरा पत्रकार एकादश ने जीता मैच

**राजापुर,चित्रकूट।** तीन टी-20 मैचों की श्रृंखला के दूसरे दिन तुलसी स्मारक परिसर में प्रशासन एकादश और पत्रकार एकादश के बीच टॉस कराया गया। जिसमें प्रशासन एकादश ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। पत्रकार एकादश के सलामी बल्लेबाज ताबड़तोड़ बैटिंग करते हुए निर्धारित 20ओवरों में 197 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया।वहीं प्रशासन एकादश से पत्रकार एकादश ने 32रनों से मैच जीत लिया और दोनों टीमें एक-एक मैच जीतकर बराबरी पर हैं तथा टी-20 का फाइनल मैच रविवार 4दिसम्बर को तुलसी स्मारक के विशाल प्राँगण में खेला जाएगा। सोमवार को प्रशासन एकादश के कैप्टन एसडीएम प्रमोद झाँ व पत्रकार एकादश के कैप्टन राजकुमार उपाध्याय ने टी-20 मैचों की श्रृंखला के दूसरे दिन प्रात: 10बजे से मैच प्रारम्भ हुआ और प्रशासन एकादश ने टॉस जीतकर फील्डिंग करने का फैसला लिया। पत्रकार एकादश के सलामी बल्लेबाज राज त्रिपाठी ने अपने टीम के लिए 57रन चौके छक्कों की बरसातें करके बटोरे और तीन कैच लपके तथा यश मिश्रा 11 रन बना रवि की गेंद पर आउट हो गए। वहीं साजन शाह 17रन (3विकेट) व विकास जायसवाल ने पारी को सम्भालते हुए विस्फोटक बल्लेबाजी करते हुए 65रनों (1विकेट) के बदौलत 197 रनों का विशाल स्कोर खड़ा कर दिया। जवाब में खेलते हुए प्रशासन एकादश के सलामी बल्लेबाज शिवम त्रिपाठी 34रन (1विकेट, 2कैच) व हर्षित ने 12रन (1विकेट) बनाए और विकास की गेंद पर पवेलियन लौट गए। पारी को सम्भालते हुए तहसीलदार संजय अग्रहरि ने चौके छक्के की मदद से 40रन (2विकेट) बनाकर नाबाद रहे। वहीं आदित्य कुमार 20रन बनाकर राहुल पाण्डेय की गेंद में आउट होकर पवेलियन की राह पकड़ी।

# जीने मरने की कसम खा वैवाहिक बंधन में बंधे

संवाददाता। मौदहा (हमीरपुर)



**मुख्यमंत्री** सामूहिक विवाह समारोह का कार्यक्रम सोमवार को नगर के खंड विकास कार्यालय में संपन्न हुआ जिसमें चार विकास खंडों के कुल 67 जोड़ों ने जीवन भर साथ मरने जीने की कसमें खाई। जिलाधिकारी ने नवविवाहित जोड़ों को विवाह के प्रमाण पत्र देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। हालांकि इस मौके पर मुख्य अतिथियों के न आने पर लोगों में मायूसी दिखी।

नगर के खंड विकास कार्यालय परिसर में सोमवार को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह का कार्यक्रम बड़े ही धूमधाम से संपन्न हुआ जिसमें खंड विकास क्षेत्र मौदहा, सुमेरपुर, मुस्कुरा व कुरारा के कुल 67 जोड़ों ने जीवन भर एक दूसरे का साथ निभाने का वादा किया। जिलाधिकारी चंद्र भूषण त्रिपाठी ने नवविवाहित वर वधु को विवाह का प्रमाण पत्र सौंप उनके उज्जवल भविष्य का आशीर्वाद दिया। इस मौके पर सभी नवविवाहित जोड़ों को सरकार की तरफ से दस हजार से अधिक का सामान भेंट में दिया गया इसके अलावा प्रत्येक पक्ष को 5-5 लंच पैकेट भी दिए गए। इस मौके पर जिलाधिकारी के अलावा पुलिस अधीक्षक शुभम पटेल, उप जिलाधिकारी सुरेंद्र सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी विवेक यादव, खंड विकास अधिकारी भैरव प्रसाद, ब्लाक प्रमुख सुशीला निषाद व ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि लालाराम निषाद समेत अन्य लोग मौजूद रहे। वही इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यसभा सदस्य बाबूराम निषाद,एमएलसी जितेंद्र सिंह व भाजपा जिला अध्यक्ष ब्रजकिशोर गुप्ता किन्ही कारणों से कार्यक्रम पर नहीं पहुंच सके जिससे सुबह से इस कार्यक्रम की तैयारी में जुटे भाजपा कार्यकर्ताओं में मायूसी दिखी। हालांकि एक विवाह समारोह में अच्छी खासी भीड़ रही।

# सुमेरपुर में डेंगू से दूसरी मौत, कस्बे में मचा हाहाकार

**सुमेरपुर।** कस्बा सुमेरपुर में डेंगू बुखार से पीड़ित एक युवक ने उपचार के दौरान कानपुर में दम तोड दिया, इसके पूर्व एक महिला की मौत हो चुकी है, डेंगू से मौत का सिलसिला शुरू हो जाने से कस्बा वासियों में भय पैदा हो रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कस्बे की फैक्ट्री एरिया में चाय जलपान की दुकान चलाने वाले शैलेंद्र पुत्र देवीदीन शिवहरे 23वर्ष को 10 दिन पूर्व बुखार आया था,चेकअप कराने पर डेंगू की पुष्टि होने पर परिजनों ने कानपुर में एडमिट कराया था, मृतक के रिश्तेदार शिवा शिवहरे ने बताया कि 10के उपचार के बाद उसकी हालत बिगड़ने पर उसे अन्य हॉस्पिटल ले जाया जा रहा था किन्तु उसने जाने से पूर्व ही दम तोड दिया, युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है, इसके पूर्व किसान नेता संतोष सिंह की पुत्र वधू की मौत भी डेंगू से हो गई थी, डेंगू से मौत का सिलसिला शुरू हो जाने से कस्बे में हड़कंप मचा हुआ है।

# बहुजन समाज सामाजिक बिखराव को खत्म कर एकता कायम रखे: सिंह

संवाददाता। उरई (जालौन)



**संविधान** दिवस के उपलक्ष्य में एबीएसएस के तत्वाधान में जनपद जालौन के गंगा धाम गेस्ट हाउस में संविधान दिवस का कार्यक्रम आहूत किया गया। जिसमें बहुजन समाज के प्रबुद्धजन, शिक्षकों, समाजसेवियों ने भारी संख्या में सहभागिता की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉक्टर एमपी सिंह ने कहा कि देश आजाद होने के समय देश की व्यवस्था को चलाने के लिए एक कानूनी दस्तावेज की आवश्यकता थी जिसकी एक संविधान सभा का गठन हुआ और इस संविधान को लिखने की जिम्मेदारी प्रारूप समिति के अध्यक्ष के रूप में महामानव डॉ. भीमराव अंबेडकर को दी गई। उन्होंने कहा कि बाबा साहब ने 117 देशों के संविधान सभी धर्म संप्रदाय, मिशन व विचारधाराओं का अध्ययन करने के बाद सभी के सम्मान एवं विकास के अनुरूप भारतीय संविधान का गठन किया जिसमें संविधान से पूर्व व्याप्त विभिन्न प्रकार की गैर बराबरी सामाजिक विषमताओं जाति वर्ग क्षेत्र के भेद सामाजिक कुरीति परंपराओं और प्रथाओं के विरुद्ध देश के विकास के लिए वैज्ञानिक विचारधारा पर आधारित समतावादी समानता वादी समाजवादी पंथनिरपेक्ष लोकतंत्रात्मक गणराज्य की अवधारणा प्रस्तुत की जिसके अनुसार न कोई छोटा था ना कोई बड़ा था न कोई ऊंच, न नीच था सभी को समता, समानता का अधिकार था। आज बाबा साहब के अथक प्रयास से बनाई गई संविधान की मूल भावना को वर्तमान व्यवस्था के द्वारा एक बड़ा खतरा पैदा हो गया है जिससे देश के आम नागरिक की स्वतंत्रता खतरे में चली गई है यदि हमें बाबा साहब के द्वारा दिया हुआ अधिकार शिक्षा का अधिकार समानता का अधिकार रोजगार का अधिकार बचाना है। तो बहुजन समाज के लोगों को अपने सामाजिक बिखराव को समाप्त कर सामाजिक एकता कायम करके सामाजिक बजूद बनाकर देश के संविधान और उसमें प्रदत अधिकारों को बचाने का काम करना होगा अन्यथा विरोधियों द्वारा वंचित समाज के लोगों को वही पहुंचा दिया जाएगा। जहां से बाबा साहब अपने और अपने परिवार का बलिदान देकर समाज को उठाकर लाए थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ रमेश बाबू ने की कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डॉक्टर संजीव पाल, वयोवृद्ध समाजसेवी लालाराम दोहरे, डॉक्टर संजीव कुमार चौधरी, शिवराम सिंह बीडीओ एवं पूरन सिंह ग्राम विकास अधिकारी ने अपने विचार व्यक्त किए। प्रदेश उपाध्यक्ष प्रेम सिंह अंबेडकर ने भारतीय संविधान की उद्देशिका की व्याख्या करने के साथ संगठन से समाज के सच्चे मिशनरी साथियों को समाज हित में सामाजिक जागरूकता एवं संविधान बचाने के लिए संगठन से जुड़ने की अपील की कहा कि विरोधियों के फुल टाइमर 16 घंटे प्रतिदिन कार्य करते हैं यदि बहुजन समाज के मिशनरी साथियों को बाबा साहब का दिया हुआ बचाना है तो कम से कम प्रतिदिन 6 घंटे सामाजिक कार्य करने की आवश्यकता है।

# तथाकथित पत्रकारों से जनप्रतिनिधि हुए परेशान,डीएम से जांच की मांग

**कालपी (जालौन)।** कालपी नगर एवं क्षेत्र मे फर्जी पत्रकारों की होड़ लगी है जो आये दिन कोटेदार व ग्राम प्रधानों से अवैध बसूली करने से नहीं चूकते है। अन्यथा की स्थित में फर्जी व तथ्य विहीन खबर सोशल मीडिया में चलाकर अपने आपको बड़े अखबार या टीवी चैनल के सम्पादक से कम नहीं समझते है। ऐसे तथाकथित पत्रकारों की निष्पक्ष जांच कराने की मांग जनपद की तेज तर्रार ईमानदार जिलाधिकारी चांदनी सिंह से ग्राम प्रधान संगठन ने की है।

आपको बताते चले की बरसाती मेढक की तरह नगर व क्षेत्र में पत्रकारों की बाढ़ सी आ गई है जो आये दिन दो-चार सौ रुपया के पीछे ग्राम प्रधानों व कोटेदारों से फर्जी खबर सोशल मीडिया में चलाने की धमकी देने से नहीं चूकते है। कुछ तो ऐसे तथाकथित पत्रकार है जिन्हें पत्रकारिता की एबीसीडी तक नहीं आती है और पत्रकार का चोला ओढ़कर अधिकारियों व कर्मचारियों से रौब गांठने से नहीं चूकते है। जिनकी आये दिन शिकायत की जाती है लेकिन तथाकथित पत्रकार चंगुल से बच जाते है। ग्राम प्रधानों का कहना है कि पत्रकार गांवों में आकर लोगों से रौब झाड़ते हुये फर्जी खबर चलाने की बात करते है। अगर ग्राम प्रधान या कोटेदार दो-चार सौ रुपया दे दें तो कोई बात नहीं अगर नही दिये तो सोशल मीडिया में फर्जी खबर चलाने से नहीं चूकते है। अगर उनसे पूछा जाये की किस अखवार या चौनल टीवी से हो तो जबाब मिलेगा उगता सूरज अन्य अखबार से है जिसे कोई न जानता न पढ़ता है। बस फर्जी खबर सोशल मीडिया में चलाकर अपने आपको बड़ा पत्रकार समझते है। जनपद की तेज तर्रार ईमानदार जिलाधिकारी चांदनी सिंह से ग्राम प्रधान संघ ने ऐसे तथाकथित पत्रकारों की निष्पक्ष जांच कराकर आवश्यक कार्यवाही की मांग की है।

# गृहस्वामी सोते रहे चोर नकदी सहित चार मोबाइल चुरा ले गये

जालौन (उरई)। सोमवार की सुबह घर में घुसकर अज्ञात चोर 4 मोबाइल व 30 हजार रुपये नगद चोरी कर ले गए। पीड़ित ने चोरी की सूचना पुलिस को दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।स्थानीय पशु चिकित्सालय में तैनात फार्मासिस्ट संजीव पचौरी का मोहल्ला रावतान में मकान है। सोमवार की सुबह 5 बजे वह प्रतिदिन की भांति घर से मंदिर में दर्शन करने के लिए गए थे। जब वह मंदिर में दर्शन के लिए निकले थे तो उन्होंने घर के मुख्य दरवाजे पर बाहर से ताला लगाया था। मंदिर में आरती व दर्शन कर सुबह लगभग 7 बजे वह वापस घर पहुंचे। ताला खोलकर अंदर पहुंचने पर उन्होंने देख कि बच्चे व पत्नी सो रहे थे। इसी दौरान उन्हें मोबाइल की जरूरत हुई तो उन्होंने पलंग पर रखे मोबाइल को देखा तो वह गायब था। पत्नी को जगाकर जब मोबाइल के बारे में पूछा तो वह भी नहीं बता सकीं। घर के अन्य सदस्यों के मोबाइल देखने पर वह भी गायब थे। घर में रखे एक आईफोन समेत 4 मोबाइल फोन गायब थे।

# कंट्रोल रूम से फोन से उपस्थिति लेने का शिक्षक करेंगे बहिष्कार: अखिलेश पांडेय

संवाददाता। चित्रकूट



**सदर** तहसील परिसर में सोमवार को शिक्षक संवाद गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें शिक्षक समस्याओं पर विस्तार से विचार विमर्श किया गया। इस दौरान सर्वसम्मति से कंट्रोल रूम से फोन द्वारा उपस्थिति का बहिष्कार करने का निर्णय लिया गया। सभी शिक्षकों से कहा गया है कि वह अपना मोबाइल फोन घर में छोडकर विद्यालय जाएंगे।

शिक्षक संवाद गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अखिलेश कुमार पाण्डेय ने कहा कि प्रदेश के किसी भी जिले में कंट्रोल रूम से शिक्षकों की उपस्थिति फोन से नही ली जा रही है। लेकिन चित्रकूट जिले में शिक्षकों को परेशान करने के लिए कंट्रोल रूम से फोन द्वारा उपस्थिति व सेल्फी ली जा रही है। जो शासनादेश का उल्लंघन है। जब तक शासन द्वारा कंट्रोल रूम के माध्यम से शिक्षकों की उपस्थिति लेने का आदेश नही जारी किया जायेगा। तब तक फोन से उपस्थिति लिये जाने का सभी शिक्षक बहिष्कार करेंगे। सभी शिक्षक अपने घर में मोबाइल छोडकर विद्यालय जाएंगे। पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष विजय कुमार पाण्डेय ने कहा कि शिक्षकों का शोषण किसी भी सूरत में बर्दास्त नही किया जायेगा। सभी शिक्षक समय से विद्यालय पहुंच कर पाठ्यक्रम व समय सारिणी के अनुसार शिक्षण कार्य करेंगे।

सभी शिक्षक साथी बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षण देने का पूरा प्रयास करें। शासन के निपुण भारत मिशन को सफल बनाने के लिए पूर्ण मनोयोग से शिक्षण कार्य करें। उन्होंने कहा कि शिक्षक अपने दायित्वों का सही ढंग से निवर्हन कर रहे हैं। लेकिन विद्यालयीय कार्य से इतर दूसरे कार्य शिक्षकों से कराये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन शिक्षकों का भी सिर्फ आनलाइन उपस्थिति ले रहा है, जबकि अन्य विभागों में काफी देर से अधिकारी व कर्मचारी पहुंचते हैं। शिक्षक नेता हर्ष त्रिपाठी ने कहा कि सभी शिक्षण शिक्षण व विद्यालय व्यवस्था में समाज का सहयोग लें। शिक्षक नेता राधेश्याम तूफानी ने कहा कि अगर जिला प्रशासन अपने आदेश को वापस नही लिया तो शिक्षक सडकों पर उतरकर जोरदार आंदोलन करेंगे। जिला प्रशासन की तानाशाही किसी भी सूरत में बर्दास्त नही की जायेगी। गोष्ठी को जैनुलआब्दीन, अनूप मिश्रा, शिवऔतार सिंह, हरिशंकर त्रिपाठी, शहनाज बानों, वंदना यादव, आराधना सिंह ने भी सम्बोधित करते हुए जिला प्रशासन के फोन से उपस्थिति लेने के आदेश को तुगलकी फरमान बताया।

# ग्रामीणों ने दो चोरों को दबोचा चार भागने में रहे सफल

**चित्रकूट।** मानिकपुर ब्लाक के टिकरिया गांव के मनगवां मजरे में देर रात बकरी चुराने को बुलेरो से आये चोरों को ग्रामीणों ने रोड पर पत्थर रखकर रोकने का प्रयास किया। बुलेरो के क्षतिग्रस्त होने पर चोर गाडी छोडकर मौके से फरार हो गये। ग्रामीणों ने दो चोरों को दबोच लिया है। ये पूरा मामला मारकुण्डी थाना क्षेत्र के टिकरिया गांव का रविवार की रात का है। बताया गया कि देर रात कुछ अज्ञात चोर बुलेरो से बकरी चुराने मनगवां गांव आये थे। ग्रामीणों ने आहट मिलने पर चोरों को खदेड लिया। चारपहिया वाहन से भाग रहे चोरों को ग्रामीणों ने रास्ते में पत्थर रखकर पकडने के पुरजोर प्रयास किये। गाडी क्षतिग्रस्त होने के बाद भी चोर गाडी से उतरकर पैदल जंगल की ओर भाग निकले। सोमवार को सवेरे तडके दो चोर गाडी लेने पहुंचे तो ग्रामीणों ने दोनों को दबोचकर मारकुण्डी पुलिस को सौंप दिया। आधा दर्जन चोरों में से चार मौके से भागने में सफल रहे। मारकुण्डी थाना के दरोगा जयप्रकाश ने बताया कि दो चोर पुलिस हिरासत में हैं।

पायनियर
नई दिल्ली, मंगलवार, 29 नवंबर, 2022



# नेमार के बिना उतरी ब्राजील अंतिम 16 में पहुंचा

## ● विश्व कप : स्विटजरलैंड को 1-0 से पराजित किया

**भाषा।** दोहा

**अपने स्टार** स्ट्राइकर नेमार के बिना उतरी ब्राजील फुटबॉल टीम ने विश्व कप के मुकाबले में स्विटजरलैंड को 1-0 से हराकर अंतिम 16 में प्रवेश कर लिया। बेहद उबाऊ पहले हाफ के बाद ब्राजील के लिए केसमिरो ने 83वें मिनट में गोल किया। पांच बार के चैम्पियन ब्राजील को अभी ग्रुप जी में आखिरी मुकाबला खेलना है लेकिन टीम ने प्री क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की कर ली।

नेमार को पहले मैच में दाहिने टखने में चोट लगी थी और वह टीम होटल में ही इलाज करा रहे हैं।टीम डॉक्टरों ने अभी यह नहीं बताया है कि वह कब खेल सकेंगे या खेल सकेंगे भी या नहीं। इस जीत के बाद ब्राजील के दो मैचों में छह अंक है और स्विटरजलैंड के तीन अंक है। सर्बिया और कैमरून के एक एक अंक हैं जिन्होंने 3-3 से ड्रॉ खेला। स्विटजरलैंड को अगले चरण में पहुंचने के लिए अगले मैच में सर्बिया को हराना होगा। ब्राजील और कैमरून के बीच मैच पर निर्भर होगा कि मैच ड्रॉ होने पर भी स्विस टीम अगले चरण में पहुंच पाएगी या नहीं। स्विट्जरलैंड ने इस साल नेशंस लीग में पुर्तगाल और स्पेन को हराया है। पिछले साल इस टीम ने यूरोपीय चैंपियनशिप में विश्व चैंपियन फ्रांस को बाहर का रास्ता दिखाया था। टीम अपने विश्व कप क्वालीफाइंग ग्रुप में यूरो 2020 विजेता इटली से ऊपर रही थी।



## अबुबाकर के गोल से कैमरून ने सर्बिया को 3-3 से ड्रॉ पर रोका

**अल वाकराह (कतर)।** स्थानापन्न खिलाड़ी विन्सेंट अबुबाकर ने एक गोल किया और दूसरा गोल करने में मदद की जिससे कैमरून ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए सोमवार को यहां फीफा विश्व कप के ग्रुप जी मैच में सर्बिया को 3-3 से बराबरी पर रोक दिया।



अबुबाकर ने 64वें मिनट में सर्बिया के गोलकीपर वांजा मिलिनकोविच को छकाकर गोल दागा और फिर दो मिनट बाद स्ट्राइकर एरिक मैक्सिम चोपो के गोल में मदद की। कतर में चल रहे विश्व कप में यह पहला मौका है जब दोनों टीम के बढ़त बनाने के बावजूद मैच ड्रॉ रहा। इस ड्रॉ से दोनों टीम के एक-एक अंक हो गए हैं। ब्राजील और स्विट्जरलैंड के बीच सोमवार को ही होने वाले ग्रुप जी के मैच को जीतने वाली टीम का नॉकआउट में जगह बनाना तय होगा। कैमरून को 29वें मिनट में सेंट्रल डिफेंडर जीन चार्ल्स कास्टेलेटो ने बढ़त दिलाई। ऐसा लग रहा था कि मध्यांतर तक कैमरून की बढ़त बरकरार रहेगी लेकिन स्ट्रेहिंजा पावलोविच ने पहले हाफ के इंजरी टाइम के पहले मिनट में स्कोर।-। कर दिया। मिडफील्डर सर्गेज मिलिनकोविच साविच ने इसके दो मिनट बाद 20 मीटर की दूरी से दनदनाता हुआ शॉट लगाकर सर्बिया को 2-। से आगे कर दिया।

## कुडूस के दो गोल से घाना ने दक्षिण कोरिया को हराया

**अल रेयान (कतर)।** दक्षिण कोरिया ने दूसरे हाफ मे कड़ी चुनौती पेश की लेकिन इसके बावजूद मोहम्मद कुडूस के दो गोल से घाना ने फीफा विश्व कप के ग्रुप एच मैच मे सोमवार को यहां 3-2 की जीत के साथ नॉकआउट में जगह बनाने की उम्मीदो को जीवंत रखा।



पुर्तगाल के खिलाफ शिकस्त के साथ अभियान शुरू करने वाले घाना के लिए मोहम्मद सालिसू ने भी एक गोल दागा। कोरिया की टीम जब 0-2 से पीछे चल रही थी तब चो ग्यु सुंग ने तीन मिनट के अंतर पर दो गोल दागकर स्कोर 2-2 किया। सालिसू ने 24वें मिनट में घाना को बढ़त दिलाई जिसके बाद कुडूस ने 34वें मिनट मे एक और गोल दागकर टीम को 2-0 से आगे कर दिया। कोरिया की टीम ने दूसरे हाफ मे बेहतर खेल दिखाया। ग्यु सुंग ने 58वें मिनट मे घाना की बढ़त को कम किया और फिर 61वें मिनट में एक और गोल दागकर कोरिया को बराबरी दिला दी। कुडूस ने 68वे मिनट मे गोल करके घाना को 3-2 से आगे किया जो निर्णायक स्कोर साबित हुआ। मैच के अंतिम मिनटो मे घाना ने रक्षात्मक रवैया अपनाया। कोरिया ने इस बीच कई मूव बनाए लेकिन टीम को गोल करने मे सफलता नही मिली।

## स्पेन ने 1-1 से ड्रॉ खेला

**अल खोर (कतर)।** जर्मनी ने स्पेन के खिलाफ फीफा विश्व कप फुटबॉल प्रतियोगिता मे अपना मैच।-। से ड्रॉ खेला और अब अगर चार बार के विश्व चैंपियन को लगातार दूसरी बार पहले दौर मे बाहर होने से बचना है तो उसे अपने अंतिम लीग मैच मे हर हाल मे जीत दर्ज करनी होगी।



### ● विश्वकप : अब अंतिम लीग में हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी

स्थानापन्न खिलाड़ी निक्लास फुलक्रुग ने रविवार को खेले गए इस मैच मे 83वें मिनट मे गोल करके जर्मनी को बराबरी दिलाई। इससे पहले अल्वारो मोराटा ने 62वें मिनट में स्पेन को बढ़त दिलाई थी। जर्मनी ने इस मैच मे एक अंक लेकर अपनी उम्मीदें तो जीवंत रखी लेकिन उसके लिए आगे की राह भी आसान नही है लेकिन फुलक्रुग को विश्वास है कि उनकी टीम नॉकआउट चरण में जगह बनाने मे सफल रहेगी। फुलक्रुग ने कहा, हमारे लिए यह अंक हासिल करना महत्वपूर्ण था। हमारे पास निश्चित तौर पर अगले दौर मे जाने का मौका है। अब हम अंतिम मैच मे अच्छी भावना के साथ उतरेंगे और उम्मीद है कि सब कुछ सही होगा। जर्मनी अपने पहले मैच मे जापान से हार गया था और अब उसके भाग्य का फैसला गुरुवार को कोस्टारिका के खिलाफ होने वाले मैच से तय होगा। कोस्टारिका ने अपने दूसरे मैच मे जापान को।-0 से हराया। जर्मनी के लिए आखिरी मैच में जीत ही पर्याप्त नही होगी और उसे अन्य मैचों में भी अपने अनुकूल परिणामो के लिए दुआ करनी होगी। अगर जर्मनी और स्पेन दोनो अपने अंतिम मैच में जीत दर्ज करते है तो वे आगे बढ़ जाएंगे। यदि जापान और स्पेन का मैच ड्रॉ रहता है तो फिर जर्मनी और जापान मे बेहतर गोल अंतर रखने वाली टीम नॉकआउट मे पहुंचेगी।

## कतर के खिलाफ प्रबल दावेदार के रूप में उतरेगा नीदरलैंड

**दोहा।** विश्व कप के नॉकआउट चरण में जगह बनाने की दहलीज पर खड़ा नीदरलैंड मंगलवार को यहां कतर के खिलाफ अपने अंतिम ग्रुप ए मैच मे प्रबल दावेदार के रूप मे उतरेगा। अगर नीदरलैंड की टीम अगले चरण मे जगह बनाती है तो इसमे 71 वर्षीय कोच लुई वान गाल की अहम भूमिका होगी जिन्होंने प्रोस्टेट कैंसर के इलाज के बावजूद एक साल से कुछ अधिक समय पहले राष्ट्रीय टीम की कमान संभालने के लिए संन्यास से वापसी की। मेजबान देश कतर अपने शुरुआती दो मैच हारकर पहले ही ग्रुप चरण से आगे बढ़ने का मौका गंवा चुका है। नीदरलैंड के लिए एक ड्रॉ आगे बढ़ने के लिए पर्याप्त होगा। चार साल पहले क्वालीफाई करने में विफल रही यह टीम इस तरह एक बार फिर खिताब की दावेदार होगी। अगर ग्रुप ए के दूसरे मैच मे इक्वाडोर सेनेगल को हरा देता है तो नीदरलैंड की टीम हार के बाद भी नॉकआउट मे जगह बना सकती है।

### वेल्स के वायरल हुए वीडियो से प्रेरणा लेगा इंग्लैंड

**दोहा।** इंग्लैंड को मंगलवार को यहां वेल्स के खिलाफ होने वाले अपने अंतिम फुटबॉल विश्व कप ग्रुप मैच मे अगर अतिरिक्त प्रेरणा की जरूरत है तो उसे सिर्फ 2016 में वायरल हुआ एक वीडियो देखने की जरूरत है। इंग्लैंड के उस समय यूरोपीय चैंपियनशिप में आइसलैंड के खिलाफ शिकस्त के साथ टूर्नामेंट से बाहर होने पर वेल्स के खिलाड़ियों का जश्न मनाने का वीडियो काफी वायरल हुआ था। इंग्लैंड उस समय शर्मसार हुआ था। ग्रुप चरण में इंग्लैंड से हारने वाली वेल्स की टीम हालांकि सेमीफाइनल मे पहुंचने मे सफल रही थी। तब से हालांकि काफी कुछ बदल गया है और इंग्लैंड की टीम मे काफी सुधार हुआ है। टीम 2018 विश्व कप के सेमीफाइनल और पिछले साल यूरोपीय चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंची जहां उसे इटली के खिलाफ पेनल्टी शूट आउट में हार का सामना करना पड़ा। कतर मे खिताब के दावेदारो मे शामिल इंग्लैंड की टीम को नॉकआउट में जगह सुनिश्चित करने के लिए वेल्स के खिलाफ सिर्फ एक अंक हासिल करने की जरूरत है।

### कतर के प्रशंसकों ने जर्मनी का विरोध किया

**अल खोर (कतर)।** कतर के फुटबॉल प्रशंसको ने पलटवार करते हुए जर्मनी के पूर्व खिलाड़ी मेसुट ओजिल की तस्वीरें हाथ मे लेकर और मुंह पर पट्टी बांधकर स्पेन के खिलाफ मैच के दौरान जर्मनी का विरोध किया। कतर के प्रशंसको का एक समूह रविवार को यहां ओजिल की तस्वीरें लेकर स्टेडियम में पहुंचा था। प्रशंसको ने अच्छी तरह से आपसी तालमेल बनाकर जर्मनी का विरोध किया। माना जा रहा है कि यह विरोध जर्मन खिलाड़ियों के बुधवार को अपनाए गए रवैए के खिलाफ था। जर्मन खिलाड़ियों ने तब विश्व फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था फीफा द्वारा वन लव आर्मबैंड पहनने से रोकने के विरोध में अपने मुंह पर पट्टी बांधी थी। यूरोप की कुछ टीमो ने कतर के मानव अधिकार रिकॉर्ड के विरोध में वन लव आर्मबैंड पहनने की योजना बनाई थी लेकिन फीफा ने उनके इरादो पर पानी फेर दिया। कतर के प्रशंसक रविवार को ओजिल के साथ किए गए कथित सौतेले व्यवहार के लिए जर्मनी का विरोध कर रहे थे।

### अमेरिकी ने फिर ईरान के झंडे से प्रतीक चिह्न हटाया

**दोहा।** अमेरिकी फुटबॉल महासंघ (यूएसएसएफ) ने ईरान के खिलाफ मंगलवार को होने वाले विश्व कप मुकाबले से पहले सोशल मीडिया पर कुछ समय के लिए इस देश के राष्ट्रीय ध्वज को इस्लामिक गणराज्य के प्रतीक चिह्न के बिना दिखाया। ईरान की सरकार ने इस पर प्रतिक्रिया देते हुए अमेरिका पर आरोप लगा है कि उसने उसके राष्ट्रीय ध्वज से अल्लाह का नाम हटा दिया। यूएसएसएफ के इस फैसले से पश्चिमी एशिया के पहले विश्व कप में एक और राजनीतिक तूफान आ गया है। यूएसएसएफ ने यह कदम उस समय उठाया है जब अमेरिका विश्व कप के महत्वपूर्ण मुकाबले में ईरान से भिड़ने की तैयारी कर रहा है। दोनो देशो के बीच दशकों की दुश्मनी है और अमेरिका तेहरान की धार्मिक नियमों के अनुसार चलने वाली सरकार के खिलाफ राष्ट्रव्यापी विरोध का भी समर्थन कर रहा है। यूएसएसएफ ने रविवार सुबह बयान में कहा कि उसने ईरान में मूलभूत मानवाधिकार के लिए लड़ रही महिलाओं के समर्थन मे सोशल मीडिया पर आधिकारिक ध्वज नही लगाने का फैसला किया।

### एशियाई जूनियर में भारतीय चुनौती की अगवाई करेंगी उन्नति

**नई दिल्ली।** उदीयमान बैडमिंटन खिलाड़ी उन्नति हुड्डा 29 नवंबर से चार दिसंबर तक थाईलैंड मे होने वाली एशिया अंडर 15 और अंडर 17 जूनियर चैम्पियनशिप मे 36 सदस्ईय भारतीय दल की अगुवाई करेंगी। ओडिशा ओपन चैम्पियन उन्नति अंडर 17 महिला एकल में चुनौती पेश करेंगी जिसमें जिया रावत और अनमोल खरब भी हैं। वहीं ट्रायल मे शीर्ष रही तनवी शर्मा महिलाओ के अंडर 15 वर्ग मे इशिता नेगी, सुहासी वर्मा और सम्प्रति पाल के साथ खेलेगी।

### यूपी योद्धास ने पीकेएल में बंगाल वारियर्स को हराया

**हैदराबाद।** यूपी योद्धास ने सोमवार को यहां प्रो कबड्डी लीग में बंगाल वारियर्स के खिलाफ 33-32 की जीत के साथ प्ले आफ मे जगह बनाने की संभावनाओ को मजबूत किया। उत्तर प्रदेश की टीम अभी 18 मैच में 60 अंक के साथ तीसरे स्थान पर चल रही है। योद्धास की टीम ने मैच मे अधिकांश समय बढ़त बनाए रखी लेकिन वारियर्स की टीम ने अंतिम मिनटो मे जोरदार वापसी करते हुए मुकाबले को करीबी बना दिया। योद्धास की टीम एक समय 22-11 से आगे थी।

### भारतीय ग्रैंडमास्टर नारायणन को नंगे पैर खड़े रहना पड़ा

**चेन्नई।** भारतीय ग्रैंडमास्टर एस एल नारायणन को जर्मनी में सोमवार को बुंडेस्लिगा शतरंज लीग मैच के दौरान मेटल डिटेक्टर जांच के दौरान खेलने वाले कक्ष मे नंगे पैर खड़े रहना पड़ा। जांच के दौरान बीप की आवाज आने के बाद नारायणन को जूते और मोजे उतारने पड़े। बाद मे पता चला कि बीप की आवाज जमीन पर बिछे कारपेट के नीचे से आ रही थी।

### जरूरत से ज्यादा क्रिकेट देखने को मिल रहा है: वॉ

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान स्टीव वॉ का मानना है कि लोगों को जरूरत से ज्यादा क्रिकेट देखने को मिल रहा है और वह व्यस्त कार्यक्रम को लेकर निराश है। इस साल ऑस्ट्रेलियाई टीम के व्यस्त कार्यक्रम के संदर्भ में वॉ ने कहा कि दर्शकों के लिए मुकाबलों से सामंजस्य बैठाना बेहद मुश्किल हो गया है।

### अफगानिस्तान में भारत में होने वाले वनडे विश्वकप में जगह बनाई

**दुबई।** अफगानिस्तान मे श्रीलंका के खिलाफ पल्लीकल में दूसरा एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच बारिश के कारण रद्द हो जाने के बाद अगले साल भारत मे होने वाले आईसीसी वनडे विश्वकप में अपनी जगह सुरक्षित की। मैच बारिश से धुल जाने के कारण अफगानिस्तान ने विश्वकप सुपर लीग अंकतालिका में अपने खाते में पांच अंक और जोड़े जिससे उसके वर्तमान चक्र की तालिका में कुल 115 अंक हो गए।

## कोटक, कूली और दिलीप भारत ए के बांग्लादेश दौरे में संभालेंगे कोचिंग की जिम्मेदारी

**भाषा।** नई दिल्ली

**सौराष्ट्र के पूर्व** कप्तान सितांशु कोटक को दो चार दिवसीय मैचों की श्रृंखला के लिए बांग्लादेश दौरे पर गई भारत ए टीम की कोचिंग की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस श्रृंखला का पहला मैच मंगलवार से शुरू होगा। एनसीए में बल्लेबाजी कोच में से एक कोटक को इस दौरे में ट्राय कूली और टी दिलीप मदद करेंगे। दिलीप राष्ट्रीय टीम के क्षेत्ररक्षण कोच हैं। उन्हें ऑस्ट्रेलिया में भारत के टी20 विश्वकप अभियान के बाद कुछ समय के लिए विश्राम दिया गया था। दिलीप भारत ए टीम के साथ दौरा करेंगे और फिर राष्ट्रीय टीम से जुड़ेंगे जो बांग्लादेश के खिलाफ चट्टोग्राम में 14 से 18 दिसंबर और ढाका में 22 से 26 दिसंबर के बीच दो टेस्ट मैच खेलेगी। भारत ए के कोचिंग स्टाफ में बदलाव की जरूरत इसलिए पड़ी क्योंकि एनसीए प्रमुख वीवीएस लक्ष्मण और उनके सहयोगी स्टाफ के सदस्य ऋषिकेश कानितकर और साइराज बहुतुले अभी भारत की सीनियर टीम के साथ न्यूजीलैंड में हैं। बांग्लादेश के खिलाफ दो मैचों के लिए भारत ए टीम इस प्रकार है।

पहले चार दिवसीय मैच के लिए भारत ए टीमः अभिमन्यु ईश्वरन (कप्तान), रोहन कुन्नुमल, यशस्वी जायसवाल, यश ढुल, सरफराज खान, तिलक वर्मा, उपेंद्र यादव (विकेटकीपर), सौरभ कुमार, राहुल चाहर, जयंत यादव, मुकेश कुमार, नवदीप सैनी और अतीत सेठ। दूसरे चार दिवसीय मैच के लिए भारत ए टीमः अभिमन्यु ईश्वरन (कप्तान), रोहन कुन्नुमल, यशस्वी जायसवाल, यश ढुल, सरफराज खान, तिलक वर्मा, उपेंद्र यादव (विकेटकीपर), सौरभ कुमार, राहुल चाहर, जयंत यादव, मुकेश कुमार, नवदीप सैनी, अतीत सेठ, चेतेश्वर पुजारा, उमेश यादव और केएस भरत (विकेटकीपर)।

### मनिंदर, दास ने सीनियर चयन समिति के लिए आवेदन किया

**नई दिल्ली।** बाएं हाथ के पूर्व स्पिनर मनिंदर सिंह, सलामी बल्लेबाज शिव सुंदर दास ने भारतीय क्रिकेट बोर्ड के सीनियर चयनकर्ताओं के पद के लिए आवेदन किया है जिन्हें भारत के लिए 20 से अधिक टेस्ट खेलने का अनुभव है। यह पुष्टि नही हो सकी है कि पूर्व तेज गेंदबाज अजित अगरकर ने आवेदन किया है या नही। कइयों का मानना है



कि अगरकर अगर आवेदन करते है तो उनका चयन समिति का अध्यक्ष बनना तय है। मुंबई की सीनियर टीम की चयन समिति के मौजूदा प्रमुख सलिल अंकोला, पूर्व विकेटकीपर समीर दिघे और पूर्व बल्लेबाज विनोद कांबली ने मुंबई से आवेदन किया है। नई चयन समिति के लिए आवेदन की आखिरी तारीख सोमवार को शाम छह बजे तक थी। समझा जाता है कि 50 से अधिक लोगों ने आवेदन किया है। इनमे से सर्वाधिक टेस्ट मनिंदर सिंह (35 टेस्ट) और दास (21 टेस्ट) ने खेले है। मनिंदर ने 2021 मे भी आवेदन किया था और इंटरव्यू राउंड मे क्वालीफाई करने के बावजूद उनका चयन नही हुआ था। उत्तर क्षेत्र से मनिंदर, अतुल वासन, निखिल चोपड़ा, अजय रात्रा और रीतिंदर सिंह सोढी ने आवेदन किया है। पूर्वी क्षेत्र से दास, प्रभंजन मलिक, रश्मि रंजन परीदा , शुभमय दास और सौराशीष लाहिड़ी ने आवेदन किया है। मध्य क्षेत्र से अमय खुरासिया और ज्ञानेंद्र पांडे ने आवेदन किया है।

## मुक्केबाज उर्वशी ने दो डब्ल्यूबीसी खिताब जीते

**भाषा।** नई दिल्ली



**भारतीय** मुक्केबाज उर्वशी सिंह ने कोलंबो में 10 राउंड के मुकाबले में थाईलैंड की राष्ट्रीय चैंपियन थानचानोक फानन को हराकर डब्ल्यूबीसी अंतरराष्ट्रीय सुपर बेंथमवेट और डब्ल्यूबीसी एशिया सिल्वर क्रॉउन के खिताब अपने नाम किए। उर्वशी ने रविवार की रात को हुए मुकाबले में थानचानोक को सर्वसम्मत फैसले से हराया। उर्वशी ने शुरूआती राउंड में रणनीतिक रवैया अपनाया लेकिन चौथे राउंड से वह अपनी प्रतिद्वंदी पर हावी हो गई। थानचानोक ने वापसी की कोशिश की लेकिन उर्वशी अपनी रणनीति, तेजी और करारे मुक्कों से थाईलैंड की खिलाड़ी पर पूरी तरह से हावी रही। उर्वशी ने कहा, मैं अपनी पूरी प्रमोशन टीम की आभारी हूं जिनके बिना मैं यह उपलब्धि हासिल नहीं कर सकती थी। मैं अब डब्ल्यूबीसी एशिया महाद्वीपीय और अंतरराष्ट्रीय चैंपियन हूं। इस बीच पूर्व एमेच्योर युवा विश्व चैंपियन सरजू बाला देवी ने थाईलैंड की ख्वांचित खुन्या के चोटिल हो जाने के कारण दूसरे राउंड में बाहर हो जाने से फ्लाईवेट खिताब जीता। भारतीय मुक्केबाज अविकास ताराचंद ने श्रीलंका के राष्ट्रीय चैंपियन लासिंदु एरांडा को हराकर लाइटवेट वर्ग का खिताब जीता। भारत के एक अन्य मुक्केबाज और डब्ल्यूबीसी एशियाई महाद्वीपीय चैंपियन सचिन डेकवाल को हालांकि फिलीपींस के मुक्केबाज जूल्स विक्टोरियानो से हार का सामना करना पड़ा।

### अवसरों को बर्बाद कर रहे हैं पंत, उन्हें विश्राम देने की जरूरत है: श्रीकांत

**नई दिल्ली।** चयन समिति के पूर्व अध्यक्ष कृष्णमाचारी श्रीकांत का मानना है की ऋषभ पंत अवसरों को बर्बाद कर रहे हैं और उन्हें अपने खेल में जान फूंकने के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से विश्राम देने की जरूरत है। पंत सीमित ओवरों की क्रिकेट में लगातार नाकाम रहे हैं। उन्होंने खेल के सबसे छोटे प्रारूप में अपना आखिरी अर्धशतक फरवरी में वेस्टइंडीज के खिलाफ लगाया था। उन्होंने 2022 में टी20 अंतरराष्ट्रीय में जो 21 पारियां खेली हैं उनमें वह केवल दो बार 30 रन की संख्या को पार कर पाए हैं। वनडे में इस 25 वर्षीय विकेटकीपर बल्लेबाज ने इस साल नौ पारियों में दो अर्धशतक और एक शतक लगाया है। श्रीकांत ने अपने यूट्यूब चैनल चीकी चीका पर कहा, आप उसे (पंत) विश्राम दे सकते और उससे कह सकते हैं कि थोड़ा इंतजार करो, वापसी करो और भारत के लिए खेलो।

## गायकवाड़ की रिकॉर्ड पारी यूपी पर भारी



### ● महाराष्ट्र सेमीफाइनल में

**भाषा।** अहमदाबाद

**रुतुराज गायकवाड़** के रिकॉर्ड दोहरे शतक से महाराष्ट्र ने सोमवार को यहां विजय हजारे ट्रॉफी एकदिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट में उत्तर प्रदेश को 58 रन से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। क्वार्टर फाइनल मुकाबले में गायकवाड़ ने एक ओवर में सात छक्कों की मदद से 43 रन जुटाए। उत्तर प्रदेश ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया जिसके बाद महाराष्ट्र के कप्तान गायकवाड़ ने 159 गेंद में 220 रन की पारी खेली जिससे टीम ने पांच विकेट पर 330 रन का स्कोर खड़ा किया। इसके जवाब में उत्तर प्रदेश की टीम विकेटकीपर बल्लेबाज आर्यन जुयाल की 143 गेंद में 159 रन की पारी के बावजूद 47.4 ओवर में 272 रन पर ढेर हो गई। महाराष्ट्र की ओर से राज्यवर्धन हांगरगेकर ने करियर में पहली बार 53 रन देकर पांच विकेट चटकाए। गायकवाड़ ने उत्तर प्रदेश के बाएं हाथ के स्पिनर शिवा सिंह के पारी के 49वें ओवर में लगातार सात छक्कों के साथ लिस्ट ए में नया रिकॉर्ड बनाया।

एक गेंद नोबॉल थी। बुधवार को सेमीफाइनल में महाराष्ट्र की भिड़ंत असम से होगी जिसने जम्मू-कश्मीर को हराया। इससे पहले 2018 में फोर्ड ट्रॉफी में नार्दर्न डिस्ट्रिक्ट्स की तरफ से ब्रेट हैम्पटन और जो कार्टर ने सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट्स के विलेम लुडिक के ओवर में इतने रन बनाए थे। शिवा सिंह की पहली गेंद नीचे रहती फुलटास थी जिस पर गायकवाड़ ने मिडविकेट पर छक्का लगाया। दूसरी गेंद पर उन्होंने सीधा छक्का जमाया जबकि तीसरी गेंद को डीप स्क्वायर लेग पर छह रन के लिए भेजा। चौथी गेंद को लांग ऑफ जबकि नोबॉल करार दी गई पांचवी गेंद भी इसी दिशा में छक्के के लिए भेजी गई। गायकवाड ने इसके बाद फ्रीहिट का पूरा फायदा उठा कर छठी गेंद पर लॉन्ग ऑन पर छक्का लगाया। सातवीं और आखिरी गेंद पर उन्होंने डीप मिडविकेट पर छक्का जमाया। गायकवाड़ ने अपनी पारी में 16 छक्के और 10 चौके मारे। उनके अलावा महाराष्ट्र के अन्य बल्लेबाजों ने 142 गेंद में सिर्फ 96 रन बनाए।

### एक ओवर में सात छक्के जड़कर बनाया विश्व रिकॉर्ड

अहमदाबाद। महाराष्ट्र के कप्तान रुतुराज गायकवाड़ ने सोमवार को यहां विजय हजारे ट्रॉफी एकदिवसीय क्रिकेट मैच के दौरान एक ओवर मे सात छक्के जड़कर लिस्ट ए मे नया विश्व रिकॉर्ड बनाया। इस ओवर मे कुल 43 रन बने। इससे पहले 2018 मे फोर्ड ट्रॉफी मे नार्दर्न डिस्ट्रिक्ट्स की तरफ से ब्रेट हैम्पटन और जो कार्टर ने सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट्स के विलेम लुडिक के ओवर मे इतने रन बनाए थे। रुतुराज ने विजय हजारे ट्रॉफी के क्वार्टर फाइनल मे उत्तर प्रदेश के खिलाफ पारी के 49वें ओवर मे यह कारनामा दिखाया। गेंदबाज शिवा सिंह थे जिन्होंने इस ओवर मे एक नोबॉल भी की जिससे यह सात गेद का ओवर हो गया। कुल मिलाकर एक ओवर मे सर्वाधिक छक्को का रिकॉर्ड न्यूजीलैंड के ली जर्मोन के नाम पर है, जिन्होंने वेलिंगटन में शेल ट्रॉफी के एक मैच मे आठ छक्के लगाए थे। नरेंद्र मोदी स्टेडियम के बी ग्राउंड पर खेले हुए इस मैच में बाएं हाथ के स्पिनर शिवा सिंह की ओवर की पांचवी गेद नोबॉल थी और उस पर भी गायकवाड़ ने छक्का लगाया था। गायकवाड़ पारी का आगाज करते हुए आखिर तक क्रीज पर टिके रहे। उन्होंने 159 गेदो पर नाबाद 220 रन बनाए जिसमे 10 चौके और 16 छक्के शामिल है। गायकवाड की पारी की मदद से महाराष्ट्र ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट पर 330 रन बनाए। इसमे उनके साथियो का योगदान केवल 96 रन था। शिवा सिंह की पहली गेद नीचे रहती फुलटास थी जिस पर गायकवाड़ ने मिडविकेट पर छक्का लगाया। दूसरी गेद पर उन्होंने सीधा छक्का जमाया जबकि तीसरी गेंद को डीप स्क्वायर लेग पर छह रन के लिए भेजा। चौथी गेद को लांग ऑफ जबकि नोबॉल करार दी गई पांचवी गेद भी इसी दिशा मे छक्के के लिए भेजी गई। गायकवाड ने इसके बाद फ्रीहिट का पूरा फायदा उठा कर छठी गेद पर लॉन्ग ऑन पर छक्का लगाया। सातवी और आखिरी गेद पर उन्होंने डीप मिडविकेट पर छक्का जमाया। इस उत्कृष्ट प्रदर्शन से गायकवाड़ उन खिलाड़ियो की सूची मे शामिल हो गए है जिन्होंने क्रिकेट के सभी प्रारूपो मे एक ओवर मे कम से कम लगातार छह छक्के जड़े हो। उनसे पहले सर गारफील्ड सोबर्स, रवि शास्त्री, हर्शल गिब्स, युवराज सिंह, रॉस व्हाइटली, हज़रतउल्ला ज़ज़ई, लियो कार्टर, कीरोन पोलार्ड और तिसारा परेरा यह कारनामा कर चुके है। जहां तक गेंदबाज शिवा सिंह की बात है तो उन्होंने नौ ओवर मे 88 रन दिए।

## कर्नाटक ने पंजाब को पराजित किया सेमीफाइनल में मुकाबला सौराष्ट्र से

### ● विजय हजारे ट्रॉफी

**भाषा।** अहमदाबाद

**युवा तेज** गेंदबाज विदवाथ कावेरप्पा ने 40 रन देकर चार विकेट लिए जिसकी मदद से कर्नाटक ने रोमांचक मुकाबले में पंजाब को चार विकेट से हराकर विजय हजारे ट्रॉफी के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। कर्नाटक का सामना बुधवार को सेमीफाइनल में सौराष्ट्र से होगा। पंजाब के लिए अभिषेक शर्मा ने 123 गेंद में 109 रन बनाए जबकि दूसरे छोर से विकेटों का पतन जारी रहा। पंजाब की टीम आखिरी गेंद पर 235 रन पर आउट हो गई। कर्नाटक के लिए लक्ष्य का पीछा करना आसान नहीं था। पंजाब के गेंदबाजों ने मैच को आखिरी ओवर तक खींच दिया लेकिन मनोज भांडगे (नाबाद 25) और के गौतम (नाबाद छह) ने चार गेंद बाकी रहते जीत दिला दी। कर्नाटक के लिए सलामी बल्लेबाज रविकुमार समर्थ ने 106 गेंद में 71 रन बनाए। श्रेयस गोपाल ने 42 और मनीष पांडे ने 35 रन का योगदान दिया।

### पराग के 174 रन से असम ने जम्मू कश्मीर को हराया

**अहमदाबाद।** रियान पराग के 116 गेद मे 174 रन की मदद से असम ने जीत के लिए 46 .। ओवर मे 351 रन का लक्ष्य हासिल करके विजय हजारे ट्रॉफी के क्वार्टर फाइनल मे जम्मू कश्मीर को हरा दिया। पराग ने अपनी पारी मे 12 छक्के और 12 चौके लगाए जिसकी मदद से असम ने सात विकेट से मैच जीता। जम्मू कश्मीर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 350 रन बनाए जिसमे हेनान नजीर ने 113 गेंद मे 124 रन बनाए। वही शुभम खजूरिया ने 84 गेद मे 120 रन की पारी खेली। असम ने जवाब मे दो विकेट 45 रन पर गंवा दिए थे लेकिन पराग और रिषव दास ने पारी को संभाला। दास ने 118 गेद मे 114 रन बनाए। पराग और दास ने 277 रन की साझेदारी की। यह हजारे ट्रॉफी के इस सत्र मे पराग का तीसरा शतक था। पराग उस समय आउट हो गए जब टीम लक्ष्य से 29 रन पीछे थी लेकिन दास ने 23 गेंद बाकी रहते उसे जीत तक पहुंचाया।

### चिराग के ऑलराउंड प्रदर्शन से सौराष्ट्र ने तमिलनाडु को हराकर बाहर किया

**अहमदाबाद।** चिराग जानी ने 52 रन की नाबाद पारी खेलने के अलावा 52 रन देकर तीन विकेट चटकाए जिससे सौराष्ट्र ने सोमवार को यहां विजय हजारे ट्रॉफी एकदिवसीय टूर्नामेंट में तमिलनाडु को 44 रन से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। तमिलनाडु के कप्तान बी इंद्रजीत ने टॉस जीतकर सौराष्ट्र को पहले बल्लेबाजी का न्यौता दिया जिसके बाद टीम ने हार्विक देसाई (61), अर्पित वसावदा (51) और चिराग के अर्धशतक से 50 ओवर में आठ विकेट पर 293 रन बनाए। इसके जवाब में तमिलनाडु की टीम 48 ओवर में 249 रन पर सिमट गई। तमिलनाडु की एन जगदीशन और बी साई सुदर्शन की सलामी जोड़ी की जोड़ी नाकाम रही। चेतन सकारिया (31 रन पर एक विकेट) ने आठ रन के स्कोर पर ही जगदीशन को पगबाधा कर दिया। जगदीशन मौजूदा टूर्नामेंट में शानदार फॉर्म में थे। उन्होंने लीग चरण में लगातार पांच शतक जड़े और 277 रन की लिस्ट ए की रिकॉर्ड पारी खेली। आर साई किशोर (74) और इंद्रजीत (53) ने पांचवें विकेट के लिए 113 रन जोड़कर तमिलनाडु की उम्मीद जगाई लेकिन इस साझेदारी के टूटने के बाद पारी को सिमटने में अधिक देर नहीं लगी।